डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 12.05.2025 से 18.05.2025 ▶ वर्ष-42 ▶ अंक-20 ▶ मूल्य ₹ 10.00

## संक्षिप्त खबर

### शासकीय सेवकों का महंगाई भत्ता बढ़ाकर 55 प्रतिशत किया गया

**भोपाल,** राज्य शासन ने शासकीय सेवकों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते की दर में वृद्धि का आदेश जारी किया है। आदेशानुसार, सातवें वेतनमान के तहत आने वाले कर्मचारियों को वर्तमान 50% महंगाई भत्ते के स्थान पर दो चरणों में बढ़ा हुआ भत्ता मिलेगा। एक जुलाई 2024 से मंहगाई भत्ता 3% बढ़कर 53% किया गया है, जिसका भुगतान अगस्त 2024 के वेतन में होगा। इसी तरह 1 जनवरी 2025 से इसमें और 2% की वृद्धि कर इसे कुल 55% कर दिया जाएगा, जिसका भुगतान फरवरी 2025 के वेतन के साथ किया जाएगा और 1 जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान जून से अक्टूबर 2025 के बीच 5 किस्तों में किया जाएगा।

### सोलर पम्प स्थापना योजना के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति गठित

**भोपाल,** राज्य शासन ने सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना की योजना "प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना" के क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया है। समिति में सचिव उर्जा, वित्त, नगरीय विकास एवं आवास, किसान कल्याण तथा कृषि विकास,पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सदस्य एवं नवीन तथा नवकरणीय उर्जा विभाग के सचिव सदस्य सचिव होंगे। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय एवं योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा की जायेगी।

### 22 महाविद्यालयों को मिली नए भवन की सौगात

**भोपाल,** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश अनुरूप, उच्च शिक्षा विभाग ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के शुरू होते ही 22 महाविद्यालयों के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। बलवाड़ी (बड़वानी), भीमपुर (बैतूल), उदयनगर (देवास), चरगवां (जबलपुर), खालवा (खंडवा), भगवानपुरा एवं झिरन्या (खरगोन), राजोधा एवं बानमोर (मुरैना), ओरछा (निवाड़ी), खोरा (पन्ना), कुरई (सिवनी), दिनारा (शिवपुरी), माडा (सिंगरौली), कायथा (उज्जैन), घुवारा (छतरपुर), बिडवाल (धार), खिरकिया (हरदा), सुल्तानपुर (रायसेन), गोविंदगढ़ (रीवा) के शासकीय महाविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय, सिवनी में नवीन महाविद्यालयों के भवन निर्मित किये जाने की स्वीकृति मिली है।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वह होता है। हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों का समूल नाश करने में सक्षम है। पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है, इससे पूरा देश गौरवान्वित है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने और गलत निगाह डालने वाले को भारतीय सेना ने जवाब दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि हर वह स्थान और हर वह व्यक्ति जो भारत की तरफ गलत निगाह से देखेगा, उसे मिट्टी में मिला देंगे।

### मुख्यमंत्री ने कृषि उद्योग समागम-2025 में खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों से संवाद किया

# प्रदेश में कृषि उद्योगों के अनुकूल हैं नीतियां - मुख्यमंत्री

- 3812 करोड़ की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन।
- 6 हजार 850 लोगों को मिलेगा रोज़गार।
- निवेशकों के लिये सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं।
- संभाग-जिला स्तर पर होंगे कृषि उद्योग समागम।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि उद्योग समागम-2025 में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया*

**मंदसौर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित 'कृषि उद्योग समागम-2025' में 'खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों से संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुशहाल कृषक और उन्नत कृषि मध्यप्रदेश की पहचान है। खाद्य प्र-संस्करण से जहां उद्योगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, वहीं किसान भी आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित राज्य सरकार का संकल्प भी यही है। कृषि आधारित उद्योगों के लिए हमारी सरकार सरल व अनुकूल नीतियों का निर्माण कर उद्यमियों को बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 3812 करोड़ रुपये की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, भूमि-पूजन हुआ है। इससे स्थानीय स्तर पर 6850 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कृषि संबंधी उद्योगों की संभावनाओं पर निवेशकों से चर्चा की। साथ ही नीमच-मंदसौर जिले में निवेशकों को आशय प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गये हैं।

#### ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि प्रदेश को रोज़गारोन्मुखी बनाना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। उनका मानना है कि इसके लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की ग्रोथ रेट देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक है।

#### निवेश के अवसर उपलब्ध करा रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार रोज़गार के अवसर बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले इस तरह के आयोजन बड़े शहरों में ही होते थे, परंतु अब हमने संभाग एवं जिला स्तर पर भी इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने का निर्णय लिया है और इसकी शुरुआत आज मंदसौर जिले से हुई है। राज्य सरकार सभी प्रकार के निवेशकों को समान रूप से निवेश के अवसर उपलब्ध करा रही है।

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता और दीर्घकालिक जरूरतों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

**भोपाल,** मंत्रालय में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की 46वीं संचालक मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य में सड़कों का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए और उसमें दीर्घकालिक जरूरतों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाए।

उन्होंने कहा कि सड़कें प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ़ हैं। उनका निर्माण टिकाऊ, सुरक्षित और आधुनिक मानकों के अनुरूप हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में प्रदेश की सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण में नवीन तकनीकों को अपनाने और पर्यावरणीय मानकों के पालन का भी ध्यान रखा जाए।

#### 1127 किमी लंबी सड़कों का निर्माण

निगम के प्रबंध संचालक श्री यादव ने बताया कि निगम द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 1586 करोड़ रुपये की लागत से 1127 किमी सड़कों का निर्माण कराया गया। पूंजीगत कार्यों पर 2761.47 करोड़ रुपये एवं संधारण व मरम्मत कार्यों पर 280.79 करोड़ रुपये इस प्रकार कुल 3042.29 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं।

## प्रतिभाशाली बेटियों ने श्रेष्ठता सिद्ध कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है – मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा वर्ष 2024-25 के परिणाम घोषित होने पर छात्रों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल परीक्षा में 76.22 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सफलता हासिल की है। यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल है।

प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। हाईस्कूल में सिंगरौली की बेटी प्रज्ञा जायसवाल ने शत प्रतिशत 500 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान और हायर सेकेण्डरी में भी सतना अमरपाटन की बेटी प्रियल द्विवेदी ने 492/500 (विज्ञान गणित समूह) अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बोर्ड परीक्षा में संभाग स्तर पर उज्जैन और जिला स्तर पर नरसिंहपुर अव्वल रहा है।

#### असफल छात्रों को एक और अवसर

जो विद्यार्थी परीक्षा में असफल रहे, उन्हें निराश नहीं होना है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत असफल विद्यार्थियों को फिर परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा और जो विद्यार्थी स्कोर बढ़ाना चाहते हैं वह भी दोबारा परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

## गौरवशाली अतीत से परिचय एवं प्रेरणा वर्तमान की अनिवार्य आवश्यकता - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में संपन्न समीक्षा बैठक में लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी समारोह के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष के गौरवशाली अतीत से परिचय तथा प्रेरणा वर्तमान की अनिवार्य आवश्यकता है। इसीलिये राज्य सरकार उज्जैन में वीर भारत संग्रहालय विकसित कर रही है। भारत भूमि सदियों की संस्कृति और सर्वश्रेष्ठ ज्ञान को समेटे है।

देश और उसकी संस्कृति पर हुए अनेक आक्रमणों के बाद भी वीर सपूतों ने अपने शौर्य और बलिदान से संस्कृति और संस्कारों की रक्षा करते हुए, भारतीय जीवन मूल्यों को संजोए रखा है। वीर भारत संग्रहालय में भारत के सभी कालखंडों के तेजस्वी व्यक्तित्व और घटनाओं को रेखांकित किया जाएगा।



देश के शूरवीरों, विचारकों, दार्शनिकों, ऋषियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों के योगदान का भी यहां उल्लेख होगा। भारत उत्कर्ष पर केन्द्रित शोध, अनुसंधान, फैलोशिप और अध्ययन की गतिविधियां वीर भारत न्यास में संचालित होंगी। प्रथम चरण में उज्जैन के कोठी महल में वीर भारत संग्रहालय की स्थापना की जाएगी।

#### मंत्रि-परिषद की बैठक राजवाड़ा इंदौर में

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का त्रि-शताब्दी समारोह 20 से 31 मई तक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक राजवाड़ा इंदौर में होगी। इसके साथ ही महेश्वर, इंदौर, भोपाल और उज्जैन में अन्य आयोजन भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सुशासन की प्रतीक थीं। त्रि-शताब्दी समारोह के अंतर्गत मालवा-निमाड़ क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूहों का विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाए। बैठक में कोठी महल और परिसर के उन्नयन के लिए जारी गतिविधियां, वीर भारत न्यास के कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ।




## 3 मई

### इमरजेंसी के लिए रुद्रप्रयाग ने शुरू किया अपना वायरलेस नेटवर्क

● रुद्रप्रयाग पहला ऐसा जिला बन गया है, जिसका अपना वायरलेस नेटवर्क है।



उत्तराखंड सरकार ने इसकी शुरुआत की है। इसे 'डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिसोर्स नेटवर्क' नाम दिया है। केदारनाथ धाम में आपदा या किसी गंभीर स्थिति में भी यह नेटवर्क काम करेगा। इसमें वाई-फाई, मोबाइल डेटा, वॉयस कॉलिंग, हाई क्वालिटी सीसीटीवी विजुअल्स की सुविधा है। श्रद्धालु फोन की वाई-फाई सेटिंग में जाकर मोबाइल नंबर रजिस्टर करने के बाद ओटीपी के जरिए इसका उपयोग कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2024 में केदारनाथ पैदल मार्ग पर आई आपदा में मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह बंद हो गए थे।

● एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक को अमेरिका की एफडीए से मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी ऐसी ब्रेन चिप के लिए है जो बोलने में असमर्थ लोगों को दोबारा संवाद करने में मदद करेगी। यह चिप मस्तिष्क की गतिविधियों को पकड़कर कंप्यूटर तक भेजती है जहां एआई उसे समझता है। इससे एएलएस, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों को लाभ होगा।

## 4 मई

### पांच वर्ष में अंतरिक्ष में 52 जासूसी सैटेलाइट भेजेगा भारत

● भारत अगले पांच साल में अंतरिक्ष में 52 जासूसी सैटेलाइट लॉन्च करेगा। इसका



उद्देश्य देश की स्पेस बेस्ड निगरानी क्षमता को मजबूत करना है। यह जानकारी भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र के चेयरमैन पवन कुमार गोयनका ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना में निजी कंपनियों की भी अहम भूमिका होगी। अब तक यह काम मुख्य रूप से इसरो करता रहा है, लेकिन अब इसमें प्राइवेट सेक्टर को भी शामिल किया जाएगा। इन सैटेलाइट्स की मदद से भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगी।

● इजराइली सेना ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के पास एयर स्ट्राइक की। यह हमला सीरिया के ड्रुज अल्पसंख्यक समुदाय और सरकार समर्थक बंदूकधारियों के बीच हुई झड़पों के बाद हुआ। यह हमला इस सप्ताह का दूसरा इजराइली हमला था। इजराइल ने इसे सीरिया के नए नेतृत्व के लिए एक कड़ी चेतावनी बताया। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि यह हमला राष्ट्रपति अहमद अल-शरा को संदेश है कि इजराइल ड्रुज समुदाय की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अगर ड्रुज पर हमले नहीं रुके तो इजराइल सख्ती से जवाब देगा।

## 5 मई

### उभरती हुई एआई शक्ति बना भारत

● संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की वर्ष 2025 ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट के




अनुसार भारत को एक उभरती हुई एआई शक्ति के रूप में पहचाना गया है। भारत वैश्विक एआई सूचकांक में शीर्ष 10 में स्थान पाने वाला एकमात्र निम्न मध्यम आय वाला देश है। भारत समेत 70 प्रतिशत निम्न और मध्यम एचडीआई देशों के लोगों को लगता है कि एआई काम को दोगुनी रफ्तार देगा। भारत में एआई का इस्तेमाल किसानों के लिए स्थानीय भाषा में सलाह देने और लोन की सुविधा करने जैसे कामों में हो रहा है।

● माइक्रोसॉफ्ट ने एपल को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका की सबसे बड़ी कंपनी का खिताब हासिल कर लिया है। कंपनी का मार्केट कैप 3.24 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया, जबकि एपल का मार्केट कैप 3.07 ट्रिलियन डॉलर रहा। एनविडिया 2.76 ट्रिलियन डॉलर के वैल्यूएशन के साथ तीसरे नंबर पर है।

## 6 मई

### भारतीय ग्रीन एनर्जी सेक्टर में विदेशी निवेश 5 वर्ष में हुआ 8 गुना

● भारतीय ग्रीन एनर्जी सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पांच वर्ष में



आठ गुना हो गया। वर्ष 2024-25 के दौरान देश के ग्रीन एनर्जी सेक्टर में करीब 12 अरब डॉलर (एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) का एफडीआई आया। वर्ष 2024-25 की पहली तीन तिमाहियों में ही वित्त वर्ष 2023-24 के पूरे साल के बराबर विदेशी निवेश हो गया था। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटर के ग्रीन फाइनेंस सेंटर (सीईईडब्ल्यू-जीएफसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-2025 के दौरान भारत के ग्रीन एनर्जी सेक्टर में एफडीआई आठ गुना हो गया। देश के कुल एफडीआई में ग्रीन एनर्जी सेक्टर की हिस्सेदारी वर्ष 2021 में सिर्फ 1.3 प्रतिशत थी। लेकिन वर्ष 2025 में यह बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक, वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच ग्रीन एनर्जी सेक्टर में विदेशी निवेश चार लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

● चीन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी बायो-बैटरी विकसित की है, जो बैक्टीरिया की मेटाबॉलिक एक्टिविटी से बिजली पैदा करती है। यह बैटरी खुद को 10 बार तक चार्ज कर सकती है और इसका एफिशिएंसी रेट 99.5 प्रतिशत तक है। शेनझेन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने इस बैटरी को मिनिएचर और पोर्टेबल रूप में तैयार किया है। इसमें इलेक्ट्रोएक्टिव माइक्रोऑर्गेनिज्म का इस्तेमाल किया गया है, जो बिजली पैदा करने में मदद करते हैं। यह बैटरी 50 चार्ज/डिस्चार्ज साइकल तक 99.5 प्रतिशत कुलॉम्बिक एफिशिएंसी बनाए रखती है, जिससे ऊर्जा की बर्बादी बहुत कम होती है।

## 7 मई

### एसएससी सीजीएल : ओएस और इनकम टैक्स ऑफिसर के पदों पर की जाएंगी भर्तियां

● कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने ऑफिस सुप्रीटेंडेंट और इनकम टैक्स



ऑफिसर की रिवाइज वैकेंसी जारी की हैं। अब ओएस के करीब 6753 और इनकम टैक्स ऑफिसर के 389 पदों पर रिक्रूटमेंट किया जाएगा। यह रिक्रूटमेंट कंबाइंड ग्रेजुएशन लेवल (सीजीएल) एग्जामिनेशन के माध्यम से होगा। पहले इनकम टैक्स ऑफिसर की 394 वैकेंसी थीं। यानी अब पांच वैकेंसी कम की गई हैं। वहीं ओएस की वैकेंसी में भी कटौती की गई है। पहले 6771 वैकेंसी थी, जो अब 6753 हो गई हैं। उधर, ओएस की वैकेंसी को विड्राअल करने की संभावनाएं अब नहीं हैं। सीजीएल का नोटिफिकेशन अप्रैल अंत तक जारी हो जाता है, लेकिन इस वर्ष एसएससी अपनी परीक्षाओं में कुछ बदलाव करने जा रहा है। इसी वजह से नोटिफिकेशन में देरी हो रही है। एसएससी की ओर से जारी नोटिस में यह स्पष्ट किया गया है कि अभी नोटिफिकेशन आने में थोड़ा समय लगेगा।

● भारत सरकार ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी कर दिया है। इससे पहले सरकार जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशन और यूटेलसैट वनवेब को भी लाइसेंस दे चुकी है। एक अधिकारी ने बताया कि स्टारलिंक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी लाइसेंस की शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हो गई है। स्टारलिंक सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के जरिए हाई-स्पीड वाला ब्रॉडबैंड इंटरनेट दुनियाभर में उपलब्ध कराती है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्टारलिंक के आने से डिजिटल खाई को पाटने में मदद मिल सकती है, खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां इंटरनेट की पहुंच कम है।

## 8 मई

### पांच आईआईटी के विस्तार को मिली मंजूरी

● केंद्र सरकार ने देश के पांच नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के



शैक्षणिक और भौतिक ढांचे के विस्तार को मंजूरी दे दी है। छत्तीसगढ़ के भिलाई, आंध्र प्रदेश के तिरुपति, केरल के पालक्काड, जम्मू-कश्मीर के जम्मू और कर्नाटक के धारवाड़ में स्थित इन संस्थानों के विस्तार पर अगले चार साल में 11,828.79 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय कैबिनेट बैठक में इस संबंध में फैसले किए गए। इन संस्थानों में अगले चार साल में छात्र संख्या 6,576 बढ़ेगी। अभी इन पांच आईआईटी में कुल 7,111 छात्र पढ़ते हैं।

## 9 मई

### रिन्युएबल एनर्जी से बिजली बनाने वाला भारत तीसरा बड़ा देश

● भारत घरेलू स्तर पर ग्रीन एनर्जी के उपकरणों के उत्पादन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीते साल भारत ने 80 गीगावॉट सौर मॉड्यूल का उत्पादन किया। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में 24 गीगावॉट सोलर एनर्जी कैपेसिटी बढ़ी है। रिसर्च फर्म एम्बर के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत की पवन और सौर क्षमता दोगुनी हो गई है। चीन और अमेरिका के बाद भारत रिन्युएबल एनर्जी से बिजली बनाने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत की योजना वर्ष 2030 तक अपने बिजली ग्रिड में नॉन फॉसिल फ्यूल से 500 गीगावॉट ऊर्जा शामिल करने की है। भारत उन देशों की मांगों को भी कैश करना चाहता है, जो सौर ऊर्जा उपकरणों की सप्लाई के लिए चीन पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस के अनुसार वर्ष 2022 और वर्ष 2024 के बीच भारतीय सोलर मॉड्यूल के निर्यात में 23 गुना बढ़ोतरी हुई।

● देश की उच्च अदालतों में लंबित आपराधिक अपीलों की संख्या सात लाख



से ज्यादा हो गई है। इस पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति से जुड़ी लंबित सिफारिशों को जल्द मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि जजों की कमी के कारण मामलों का निपटारा नहीं हो पा रहा है, जिससे न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का उदाहरण देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि वहां 2.7 लाख आपराधिक अपीलें लंबित हैं। वहां 160 जजों की स्वीकृत संख्या है, लेकिन फिलहाल सिर्फ 79 जज ही काम कर रहे हैं। इसी तरह बॉम्बे हाईकोर्ट में 94 जजों की मंजूरी है, लेकिन वहां सिर्फ 66 जज कार्यरत हैं।

R-50936/2025
Requirements
Academic Positions for MBA Courses.
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Finance, HR, Marketing, Operation, Business Communication, IT, E-Commere.
Admin Staff : • Office Assistant • Librarian • Book Lifter • Lab Technician for Computer Lab • Telecaller
Qualification As per AICTE / DTE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates (Selection under College Code 28)
Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 10 days from the date of advertisement or mail : registrarimibs@gmail.com Mob.: 9717265930
IMI BUSINESS SCHOOL
(Approved by AICTE New Delhi & DTE, Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinda Manor, Opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Bardari, Behind Chokhi Dhani, Khandwa Road, Indore (M.P.) 452020 http://imibs.org/

एजेंसी देना है
मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र
रोज़गार और निर्माण
प्रदेश के छिन्दवाड़ा, धार, रतलाम, राजगढ़ एवं नीमच में एजेंसी नियुक्त करना है।
एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क करें
0755-2760006
प्रमुख आकर्षण
• कैरियर की खबरें
• सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
• खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
• सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
• मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
• विज्ञान की बातें
मध्यप्रदेश माध्यम
www.mpmadhyam.in
आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

वर्ष 42, अंक 20 12.05.2025 से 18.05.2025
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

• प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
• सम्पादक - रंजना चितले
• प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
• प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
• आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
• वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

# प्रदेश सरकार के प्रयासों से टेक्सटाइल सेक्टर ने भरी नई उड़ान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बीते डेढ़ वर्ष से अधिक समय में औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए उन्होंने न केवल रणनीतिक नीतियां बनाई, बल्कि जमीनी स्तर पर निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए। अभी तक मध्यप्रदेश ने 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक संभावनाओं को मजबूती दी। इसके साथ ही 5 प्रमुख रोड शो आयोजित कर निवेशकों के साथ सीधा संवाद किया गया, जिससे प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को व्यापक मंच मिला।

मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति, बेहतर लॉजिस्टिक्स और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से किफायती राज्य बन गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयास और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व से कपड़ा उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। श्रम-प्रधान क्षेत्र होने से इसमें बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन होता है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां पीएम मित्र पार्क मूर्त रूप ले रहा है। राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेश और उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए किए जा रहे ठोस प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है कि राजधानी भोपाल में रेडीमेड गारमेंट्स होजियरी पार्क की स्थापना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह पार्क न केवल राज्य के टेक्सटाइल सेक्टर को नई गति देगा, बल्कि मध्यप्रदेश को एक उभरते हुए औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

मध्यप्रदेश में विश्व स्तरीय संस्थान हैं जो कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराते हैं। उद्योगों की मांग के अनुसार पाठ्यक्रम में बदलाव किए जा रहे हैं ताकि औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि भारत आने वाले वर्षों में फैशन उद्योग का ट्रेंड सेटर बनेगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। मध्यप्रदेश में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की असीमित संभावना है। टेक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव दिया जाता है। हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जो उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है, उससे निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। रेडीमेड गारमेंट्स होजियरी पार्क इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करेगा। सतगढ़ी गांव, तहसील कोलार, भोपाल में यह औद्योगिक पार्क मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की देखरेख में विकसित किया जा रहा है। कुल 69.60 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले इस पार्क को मल्टी प्रोडक्ट पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट्स और फूड प्रोसेसिंग जैसे विविध औद्योगिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है। लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी की दृष्टि से यह पार्क बेहतर स्थान पर बन रहा है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-46 से 12 किलोमीटर, राजा भोज एयरपोर्ट से 25 किलोमीटर तथा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भोपाल शहर से मात्र 13 किलोमीटर की दूरी होने के कारण श्रमिकों, उद्यमियों और औद्योगिक गतिविधियों के लिए आवागमन की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो जाती है। पार्क में आधारभूत संरचना का विकास भी सुनियोजित ढंग से किया गया है। जल आपूर्ति की व्यवस्था केरवा डैम से की गई है। बिजली आपूर्ति के लिए निकटस्थ 33 केवी, 11 केवी सब-स्टेशन की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इस औद्योगिक परियोजना पर कुल 1997.97 लाख रुपये की लागत संभावित है। पार्क के निर्माण से भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर भी सृजित होंगे।

## राफेल विमान और स्कैल्प क्रूज मिसाइल की जोड़ी ने सफल बनाया ऑपरेशन सिंदूर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले का जवाब देने के लिये भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। यह ऑपरेशन भारतीय थल सेना और वायु सेना का एक संयुक्त अभियान था जिसमें सटीक हमला करने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया गया। इस ऑपरेशन में फ्रांस से खरीदे गए राफेल विमान का उपयोग किया गया। राफेल से स्कैल्प मिसाइल दागी गई। स्कैल्प एक ऐसा हथियार है जिसे लड़ाकू विमान से ही दागा जाता है। इसके लिए राफेल विमान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। स्कैल्प एक क्रूज मिसाइल है जिसे यूरोपीय डिफेंस कंपनी एमबीडीए द्वारा बनाया गया है। स्कैल्प मिसाइल भारत के 36 राफेल फाइटर जेट्स का एक हिस्सा है।

भारतीय वायुसेना ने फ्रांस से लिए गए सभी राफेल लड़ाकू विमानों को स्कैल्प मिसाइलों से लैस किया है। राफेल की ध्वनि की गति से भी तेज रफ्तार और स्कैल्प मिसाइल की मारक क्षमता की वजह से इन दोनों की जोड़ी बेहद प्रभावकारी बन जाती है। इस जोड़ी ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। 1300 किलोग्राम वजन वाली स्कैल्प मिसाइल में करीब 400 किलोग्राम तक विस्फोटक सामग्री ले जाने की क्षमता होती है। उल्लेखनीय है कि राफेल फ्रांसीसी कंपनी डैसॉल्ट एविएशन निर्मित दो इंजन वाला मध्यम मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) है। राफेल विमानों को वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक सक्षम लड़ाकू विमान माना जाता है। राफेल चौथी पीढ़ी का फाइटर जेट है। यह एक कॉम्बैट फाइटर जेट है। ग्राउंड सपोर्ट, डेप्थ स्ट्राइक और एंटी शिप अटैक में सक्षम है। इसकी ताकत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ये छोटे न्यूक्लियर हथियारों को ले जाने में सक्षम है। राफेल एयरक्राफ्ट 9500 किलोग्राम भार उठाने में सक्षम है। यह अधिकतम 24500 किलोग्राम वजन के साथ उड़ान भर सकता है। इस फाइटर जेट की अधिकतम रफ्तार 1389 किलोमीटर प्रति घंटा है। एक बार में यह जेट 3700 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है।

**- विकास तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

20 मई : अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस

# श्रम, क्षमता और प्रतिभा के समुचित विकास के साथ सम्मान का संदेश

आज दुनिया आसमान की ऊंचाइयां पार कर रही है। मनुष्य चन्द्रमा पर पहुंच चुका है। सूर्य तक पहुंचने की तैयारी है। लाखों किलोमीटर दूर के चित्र लिये जा सकते हैं और सैकड़ों किलोमीटर दूर का निशाना साधा जा सकता है। अनंत की यह यात्रा तो सफल हो रही है लेकिन मानव पिछड़ रहा है और मशीन आगे निकल रही है। हालांकि मशीन का निर्माण मनुष्य ने ही किया है लेकिन अब डिजिटलाइजेशन और एआई ने मानवीय क्षमता पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। इसी आशंका के समाधान के लिये दुनिया ने मानवीय संसाधन को सम्मानित करने और आधुनिक विकास क्रम से समन्वय के साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के लिये "अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस" आयोजन का निर्णय लिया है। मानव संसाधन दिवस आयोजन का इतिहास अधिक पुराना नहीं है। यह दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 2019 में हुई थी और यह दिवस आयोजन के लिये प्रतिवर्ष 20 मई की तिथि निर्धारित हुई। इसका उद्देश्य कुशल कार्यबल का विकास, नेतृत्व क्षमता का विकास और उचित उत्तराधिकार सुनिश्चित करना है। आने वाली चुनौतियों का आकलन करना है। इसी आधार पर 20 मई को मानवीय संसाधन की विशिष्टता पर केन्द्रित करके समारोह आयोजित किये जाते हैं। जिससे मानव संसाधन की गुणवत्ता और कार्य कुशलता में वृद्धि हो सके। आयोजनों में किसी कार्य विशिष्ट के लिये संबंधित मंत्रालय और संस्थान विशिष्ट योग्यता के लिये अपने कर्मचारियों और विषय विशेष की विशिष्ट योग्यता रखने वाले कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाता है। संस्था, संगठन, अथवा प्रतिष्ठान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की योजना पर भी काम किया जाता है। 20 मई को मानव संसाधन विकास पर संगोष्ठी, सम्मेलन, वेबिनार, सेमिनार तथा कार्यशालाओं के आयोजन किये जाते हैं। ताकि मानवीय विशेषता का विकास हो सके। जिससे किन्हीं संस्था, संगठन, शासकीय अशासकीय प्रतिष्ठानों तथा संस्थानों में कार्यरत श्रम अथवा कार्य विशेष आधारित कार्यशील मानव के कार्य में गुणवत्ता और उत्पादकता में वृद्धि हो सके। इन समागमों में सभी संबंधितों को समय की आवश्यकता और तकनीकी में आ रहे बदलाव से सामंजस्य बिठाकर काम करने के लिये प्रेरित किया जाता है। कार्मिक, मानव पूंजी प्रबंधन, प्रतिभा प्रबंधन, जन संसाधन केंद्र, कार्यशीलता वृद्धि करने और सेवाओं की उत्कृष्टता भी मानव संसाधन के विकास को सुनिश्चित करती है। इसके अतिरिक्त यह दिन उपयुक्त कर्मचारियों की नियुक्त करने और कर्मचारी को भी समयानुकूल कार्यशैली विकसित करने के लिये भी प्रेरित करता है।

आधुनिक विज्ञान केवल तकनीकी विकास पर ही अनुसंधान नहीं कर रहा। मनोविज्ञान पर भी सतत अनुसंधान चल रहे हैं। आधुनिक विश्व ने भी माना है कि उत्पादकता की दृष्टि से मनुष्य केवल "वस्तु या "संसाधन" भर नहीं है। वह उत्पादन संस्था में एक रचनात्मकता और सामाजिकता का केन्द्र है। श्रम आधारित कार्यशील मानव कार्य को सुविधाजनक बनाते हैं गतिशीलता भी बढ़ाते हैं। जो अर्थव्यवस्था और उत्पादकता दोनों को परिणाम मूलक बनाते हैं। श्रम आधारित कौशल एवं कार्य अनुभव का समय की चुनौती के अनुरूप विकास आवश्यक है। इसीलिये मानव संसाधन दिवस पर सभी संबंधित संस्थान और सरकारों द्वारा मानव संसाधन विकास को समयानुरूप बनाने के प्रयास किये जाते हैं।

मानव संसाधन दिवस आयोजित करने के लिये प्रतिवर्ष की अलग थीम होती है। इस वर्ष की थीम "ह्यूमनिफ़ाई एआई लीडिंग एचआर टुगेदर" अर्थात समय के परिवर्तन के अनुरूप नेतृत्व करना, डिजिटल दुनिया के कौशल से सीखना और तालमेल" है। इस वर्ष की थीम का उद्देश्य बढ़ते डिजिटलाइजेशन से मानव संसाधन का तालमेल बिठाकर आगे बढ़ना है। आज दुनिया में जिस प्रकार डिजिटलाइजेशन बढ़ रहा है। जीवन पर हावी होती तकनीक और एआई की बढ़ती महत्ता ने मानव संसाधन पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। एआई और डिजिटलाइजेशन आधारित संसाधन में गति और गुणवत्ता दोनों होते हैं लेकिन उनमें मौलिकता का अभाव होता है। यदि मौलिकता आ भी जाये तब भी भविष्य में मानव जीवन की उपयोगिता पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लग गया है। इसलिये आवश्यक है कि मानवीय श्रम और कार्यशीलता पर आधारित संसाधनों का डिजिटलाइजेशन से समन्वय बैठे। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये इस वर्ष की यह थीम सुनिश्चित की गई है।

**भारत में मानव संसाधन विकास यात्रा**

मानवीय संसाधन अवधारणा की दृष्टि से भारत और यूरोप के चिंतन में थोड़ा अंतर है। यूरोपीय चिंतन में मानवीय संसाधन केवल श्रम साधना और विषय विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में प्राप्त कार्य परिणाम प्रमुख है। मानव संसाधन दिवस की मूल अवधारणा यूरोप में जन्मी थी इसीलिए मानव संसाधन दिवस आयोजन में इन्हीं विषयों की प्रमुखता होती है। मानव संसाधन दिवस आयोजन की थीम भी मानवीय श्रम के समुचित उपयोग और उसके सम्मान पर जोर देती है। जबकि भारतीय चिंतन अपेक्षाकृत अधिक व्यापक है। भारतीय चिंतन में मानवीय संसाधन की परिभाषा केवल मानवीय श्रम अथवा उसकी विशेषज्ञता पर आधारित कार्य परिणाम तक सीमित नहीं है। इसमें मानवीय श्रम, प्रतिभा, दक्षता, प्रज्ञा, कौशल और ज्ञान को भी विकास का संसाधन माना है। यूरोपीय चिंतन में केवल मानव संसाधन की उत्पादकता और गुणवत्ता पर ही जोर दिया गया है। जबकि भारतीय चिंतन में मानव के कार्य, कार्यशैली और कर्मशीलता के विकास के साथ उसके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास पर भी जोर दिया गया है। भारत में मानव संसाधन विकास का आशय व्यक्ति की प्रतिभा, प्रज्ञा, ज्ञान और कौशल को विकसित करना है। भारतीय चिंतन में व्यक्तित्व की उपादेयता अर्थात मानव संसाधन को राष्ट्र के विकास में सहभागिता के साथ परिवार और समाज के निर्माण से भी जोड़ा है। ताकि वह अपने कार्यक्षेत्र और संस्थान की उत्पादकता के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहभागी हो सके। इसके लिये भारत का शिक्षा मंत्रालय शिक्षण और विशिष्ट प्रशिक्षण के साथ स्वास्थ्य की क्षमता वृद्धि पर भी ध्यान देता है। भारतीय शिक्षा मंत्रालय की आजीविका योजनाओं में भी यह विषय जोड़े गये हैं। इसीलिए मानव संसाधन विकास की दृष्टि से भारतीय चिंतन और कार्य अपेक्षाकृत अधिक व्यापक हैं। इसमें मानवीय क्षमता को समयानुरूप विकास का आकार देने का दृष्टिकोण है। भारत की गणना दुनिया के उन अग्रणी देशों में है जिन देशों ने सबसे पहले मानव संसाधन विकास मंत्रालय को आकार दिया। इसके अंतर्गत शिक्षा के साथ तकनीकि प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है। शिक्षा मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार पूरे देश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नये अनुसंधानों का समावेश करके मानव संसाधन के रूप में मानवीय क्षमता और कौशल के उन्नयन वृद्धि के अनेक कार्यक्रम संचालित करती है और उन्हें बढ़ावा देती है। यह विभाग आय वृद्धि के लिये उत्पादकता एवं कार्यबल को भी बढ़ावा देता है। जिससे व्यक्ति का कार्यबल व्यक्तिगत जीवन संवारने के साथ राष्ट्रीय प्रगति में सहभागी हो सके। भारत में समग्र मानव संसाधन विकास के लिये पांच सूत्री कार्यक्रम तैयार किया गया है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशिक्षण, सामाजिक समानता तथा रोज़गार प्रशिक्षण शामिल है। मानव संसाधन विकास के पहले आयाम शिक्षा के माध्यम से मानव को ज्ञान, कौशल और समझ का विकास होता है। जिससे गुणवत्ता के साथ उत्पादकता और कुशलता की वृद्धि होती है। मानव संसाधन विकास के लिये दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु स्वास्थ्य होता है। इसकी जागरूकता के साथ सरकार ने चिकित्सा सहायता की अनेक योजनाएँ आरंभ की हैं। समाज और राष्ट्र के विकास गति को नियमित बनाये रखने के लिये आजीविका का अवसर मिलना आवश्यक है। ताकि वह अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सके। इसके लिये भारत सरकार ने कौशल विकास की अनेक योजनाएं आरंभ की हैं। भारत में अनेक शिक्षण संस्थान ऐसे भी हैं जहां पाठ्यक्रम की निर्धारित शिक्षा के लिये कौशल विकास एवं तकनीकि प्रशिक्षण भी दिये जाते हैं। मानव संसाधन विकास के लिये चौथा आयाम प्रशिक्षण है। अपना शिक्षण पूरा करके जब मानव किसी विशिष्ट या तकनीक क्षेत्र अथवा उत्पादकता के कार्य से जुड़ता है तो उसकी गुणवत्ता के लिये प्रशिक्षण भी आवश्यक है। भारत में प्रशिक्षण की यह प्रक्रिया सतत चलती है। यह प्रशिक्षण केवल तकनीक कार्य करने वाले मानवों को ही नहीं कार्यालयीन कर्मचारियों को भी दिया जाता है। प्रशिक्षण से ही लोगों को समय के परिवर्तन और बदलती आवश्यकता के अनुरूप स्वयं को तैयार करने में सहायता मिलती है। मानवीय संसाधन में गुणवत्ता और उत्कृष्टता बनाये रखने के लिये सामाजिक समरसता भी होना चाहिए। सामाजिक असमानता कई बार मानसिक कुण्ठा उत्पन्न करती है जिसका प्रभाव उत्पादकता पर पड़ता है। इसलिए सामाजिक असमानता दूर होनी चाहिए।

मानव संसाधन दिवस पर सरकार भी कार्यक्रम आयोजित करती है। जिनमें सामयिक चुनौतियों के समाधान उपायों का समावेश होता है। समय की गतिशीलता और मानव क्रियाशीलता दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। समय की गति से उत्पन्न होने वाली चुनौतियां, विषयों के व्यवहारिक परिवर्तन और बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप मानव संसाधन की उपादेयता सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके सतत जागरुकता और अनुभवों के अनुरूप मानव संसाधन का विकास भी होना चाहिए। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये यह मानव संसाधन दिवस का आयोजन होता है।

**- रमेश शर्मा**

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।)**

## MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(A Government of M.P. Undertaking)
Regional Office, Sagar (M.P.)
Tawa Complex, Bittan Market, E-5, Arera Colony, Bhopal
Phone : (0) +917552420301-2-3

Date : 08.05.2025

### NOTICE INVITING TENDERS FOR YEAR - 2025-26

Online Tenders for the following works are invited on the E-procurement System portal **mptenders.gov.in** as detailed below :-

| NIT No. | Name of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|
| 01 Sagar | Infrastructure development work for water pipeline at Industrial Area Bina, Distt. Sagar (M.P.) | 2523963.00 |
| 02 Sagar | For Feeder shifting of one 33KV line and two No. 11 KV line in Industrial Area Sidhguwan, Distt. Sagar (M.P.) | 799057.00 |

Detailed NIT along with other details can be downloaded/ viewed on above mentioned portal **from 09.05.2025 10:30 Hrs.**

M.P. Madhyam/119981/2025 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-50918/2025

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

### DPR CONSULTANCY OF BRIDGES
(Short Time E-Procurement Notice)

**No. 5459/22/D-12/ Brg.DPR/2025 Bhopal, Dated : 07.05.2025**

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of Bridge under PMGSY-III as per details given below:

- **No. of Packages** - 09
- **Nodal PIU** - Sidhi, Vidisha, Balaghat-1, Balaghat-2, Chhindwara-2, Chhindwara-2, Dindori, Shivpuri-2 & Sagar-1.
- **No. of Bridges** - 70
  **Total Estimated Construction Cost (in Rs.)** - Rs. 2277984000.00

- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from **17:30 hrs on 13.05.2025.**
2. Last date of Submission of bid is date **05.06.2025 upto 17.30 hrs.**
   Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT and Tender Document for preparation of DPR of Bridges under PMGSY April-2025 amended up to date on our Website **http://mptenders.gov.in.**

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/119982/2025 R-50919/2025

''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 01
कार्यालय भवन 1558 गोरखपुर थाने के पीछे
ऋषि काटेज, रतन कॉलोनी कटंगा, जबलपुर (म.प्र.)
पिनकोड - 482002, फोन नं. : 0761-3585341
E-mail : mpphcjabalpur@gmail.com

### निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्रमांक-01 के अंतर्गत थाना बिछिया जिला-मण्डला अंतर्गत हॉकफोर्स केम्प, मनोहरपुर में बैरक का निर्माण कार्य एवं 08वीं वाहिनी परिसर छिंदवाड़ा में गार्ड रूम निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-04 वर्ष 2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2025_MPPHC_ 421659_1 & 2025_MPPHC_ 421660_1) एवं जिला - नरसिंहपुर में प्रस्तावित 60 जवानों की क्षमता हेतु बैरक का निर्माण कार्य के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 05 वर्ष 2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2025_MPPHC_421850_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 27.05.2025 तक खरीद कर सायं 05:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/119988/2025 R-50923/2025 **परियोजना यंत्री**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601556/9340714903

### प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग सागर के अंतर्गत शा.क.उ.मा.वि. बड़ामलहरा जिला छतरपुर में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_421700_1) आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 24.05.2025 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119986/2025 R-50921/2025 **परियोजना यंत्री**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री
ए-2/2, एम.आय.जी., महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.)
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in, मोबा. : 9406808103
क्र. 713/पय/मप्रपुआअविनि/25/उज्जैन दिनांक : 08.05.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03/2025-26

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक-03/2025-26 दिनांक 08.05.2025 के अंतर्गत निर्माण कार्य सांदीपनि शा.उ.मा.वि., जालसेवा निकेतन, उज्जैन हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2025_MPPHC_421767 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 22.05.2025 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal: **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119987/2025 R-50922/2025 **परियोजना यंत्री**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601556/9340714903

### प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा, मैहर, मऊगंज, सतना एवं टीकमगढ़ में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_421559_1, 421563, 421584, 421606, 421642, 421661 & 421684 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 21.05.2025 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119985/2025 R-50920/2025 **परियोजना यंत्री**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

**No./5411/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dt. : 06.05.2025**

### NOTICE INVITING TENDER NO. 1226 - UPG

Online Tenders for Construction of Rural Roads /CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Name of work : UPG (MPRRDA SSR : 01.01.2024)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Jabalpur | 1 | 16661000.00 |
| 2 | Narsinghpur | 3 | 140394000.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **08.05.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **23.05.2025 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

R-50927/2025

M.P. Madhyam/119949/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

### NOTICE INVITING TENDER FOR INTERNAL AUDIT CONSULTANT (E-PROCUREMENT NOTICE)

**No. 5336/22/V-12/MPRRDA/Acct./CA Consultant/FY 2024-25
Bhopal, Dated 05.05.2025**

Firms of Chartered Accountants empanelled with C&AG which meet all the conditions in the eligibility criteria listed below, for appointment as Internal Auditors for providing consultation and other allied services for Internal Audit and management control matters relating to MPRRDA headquarters office and its Project Implementation Units for the financial year 2024-25 as per the Terms of Reference provided in the RFP document.

- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 3 of detailed NIT.**

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs on **06.05.2025.**
2. Last date of Submission of bid is **date 28.05.2025 upto 17.30 hrs.**
   Detailed RFP documents consisting of qualification information and eligibility criterion of bidders, and the set of terms & conditions of contract to be complied with by the consultants can be seen online on the website **https://www.mptenders.gov.in.**

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/119905/2025 R-50924/2025

''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT COR. LTD.

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
SECRETARIAT FOR SINGLE WINDOW SYSTEM
CIN : U51102MP 1977SGC001392
21, Arera Hills, Bhopal-462011 M.P. (India)
Tel. : (91) 755-2571830, 2575618, 3523555, 3523505
E-mail : helpdesk@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
क्र. 284/एमपीआईडीसी/स्था./से.नि.-17/2025/5794
दिनांक : 05.05.2025

### सूचना

एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल द्वारा प्रबंधक, सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री, सहायक ग्रेड-1 एवं सहायक ग्रेड-2 के सीधी भर्ती पदों पर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भर्ती परीक्षा सम्पादित कराई जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी निगम की वेबसाइट **www.invest.mp.gov.in** अथवा एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट **www.mponline.gov.in** पर यथाशीघ्र प्रदर्शित होने वाले विस्तृत विज्ञापन के अनुसार निर्धारित तिथि तक एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119938/2025 R-50926/2025 **कार्यकारी संचालक (स्था.)**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र.02
फ्लेट क्र. 303 एवं 304, थर्ड फ्लोर साक्षी ग्रीन बिल्डिंग हरदौल गार्डन के फ्रन्ट पर, सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011

### निविदा आमंत्रण सूचना- 02/2025-26

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2025-26 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसका ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_421912_1 है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.06.2025 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

R-50929/2025 म.प्र. माध्यम/119993/2025

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
ई-मेलः- eervskvv@gmail.com फोनः 0751-2467680

NO/IPRO/EE/2025/Gwalior/688 Date : 08/05/2025

### // प्रेस विज्ञप्ति //

निविदा सूचना No./E.E./2025/Gwalior/686 date 08-05-2025 रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर के अंतर्गत सिविल कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा Const. of Girls Hostel at COA Indore (2025_RVSKV_421894_1) आमंत्रित की है। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि 30.05.2025 को सायं 05:30 तक है। विस्तृत निविदा सूचना वि.वि. वेबसाइट एवं पोर्टल **https:www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

R-50935/2025 कार्यपालन यंत्री, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

## कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
## पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी)
## आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान

(साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार-नेहरू नगर रोड, भोपाल 462003)

Web. : www.klsgaci.edu.in, E-mail: principal@klsgaci.nic.in, दूरभाष क्र. : 0755-2970310

क्रमांक/क्रय /2025/115 भोपाल, दिनांक : 05.05.2025

### ई-निविदा सूचना आमंत्रण सूचना

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल हेतु नीचे दर्शाये अनुसार आपूर्ति, इंस्टालेशन एवं मरम्मत हेतु संबंधित इच्छुक फर्मो से ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदाकर्ता म.प्र. राज्य के ई-पोर्टल **https://mptenders.gov.in/** के माध्यम से ई- निविदा प्राप्त एवं प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा का विवरण | ई-निविदा प्राप्त एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | संस्थान के विभिन्न विभागों हेतु कम्प्यूटर एवं प्रिंटर,फोटोकापी मशीन, की मरम्मत एवं टोनर रिफिलिंग की ई-निविदा | 30.05.2025 |
| 02 | संस्थान परिसर की इंट्रीग्रेटेड सुरक्षा व्यवस्था हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरे एवं सहायक सामग्री की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन की ई-निविदा | |
| 03 | संस्थान हेतु साफ-सफाई सामग्री की आपूर्ति की ई-निविदा | |
| 04 | संस्थान में समय -समय पर उपयोग होने वाली प्रचार-प्रसार सामग्री के दर अनुबंध की ई-निविदा | |

1. निविदाओं की विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट **www.klsgaci.edu.in** पर उपलब्ध है।
2. किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना वेबसाइट **www.klsgaci.edu.in** पर प्रकाशित होगी।

म.प्र. माध्यम/119937/2025 R-50925/2025 **प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

## एनीमल हस्बेंड्री एवं डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा इंट्रेंस टेस्ट (ADDET) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

**आवेदन पत्र भरने की तिथि 07.05.2025 से 21.05.2025 तक** | **ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय-सारणी** | **आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 07.05.2025 से 26.05.2025 तक**

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 12 जून 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 07:00 से प्रात: 08:00 बजे तक | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर :** भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सतना, सागर, रतलाम, एवं नीमच।
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क ***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 400/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 200/- |
| ऑनलाइन आवेदन-कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश :**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यपित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नही होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नही किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कंम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य विन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।**

विज्ञापन क्र. 55 /2025

**संचालक**
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
ESB
**Madhya Pradesh Employees Selection Board(MPESB)**
**'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011**
**FAX : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/119952/2025 R-50928/2025

## MADHYA PRADESH INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(A Government of M.P. Undertaking)
REGIONAL OFFICE, BHOPAL (M.P.)
Tawa Complex, Bittan Market, E-5, Arera Colony, Bhopal, Phone: (0) +91-755-2420301-2-3

Date : 09.05.2025

### NOTICE INVITING TENDERS FOR YEAR - 2025-26 - NIT No. - 03

Online Tenders for the following works are invited on the E-procurement System portal **mptenders.gov.in** :- as detailed below :-

| Tender ID | Subject | PAC Amount | EMD | Tender Fees (I/C 18% GST) |
|---|---|---|---|---|
| 2025_ MIDCL_ 422357 | Construction of Road and Fencing work at Industrial area Badiyakhedi Phase-2 District Sehore (M.P.) | 13056469.00 | 50000.00 | 14750.00 |

Detailed NIT along with other details can be downloaded/viewed on above mentioned portal after 10.05.2025 10:30 Hrs.

M.P. Madhyam/120031/2025 R-50932/2025 **EXECUTIVE ENGINEER**

## MSME TECHNOLOGY CENTRE
### (INDO GERMAN TOOL ROOM, INDORE)
**A Govt. of India Society**

**UPSKILLING TRAINING PROGRAMS**

**Free for SC/ST candidates**

**SHORT TERM COURSE FOR ENGINEERING DEGREE/DIPLOMA/10TH PASSED CANDIDATES**

**Free for SC/ST candidates**

**We are Offering following Short Term Courses for Engineering Degree/diploma & 10th Passed Candidates. Batches shall start on every Monday as per enquiry.**

| S. No. | Course Name | Duration | Fee ₹ |
|---|---|---|---|
| 1 | AUTOCAD Mechanical/ Civil | 2-Weeks | 5000 |
| 2 | SOLIDWORKS | 2-Weeks | 9000 |
| 3 | UNIGRAPHICS | 2-Weeks | 18000 |
| 4 | CATIA | 2-Weeks | 18000 |
| 5 | CREO/PROE | 2-Weeks | 15000 |
| 6 | ANSYS | 2-Weeks | 15000 |
| 7 | MASTER CAM | 2-Weeks | 9000 |
| 8 | 3D PRINTING | 2-Weeks | 12000 |
| 9 | CNC PROGRAMMING MILLING | 2-Weeks | 9000 |
| 10 | CNC PROGRAMMING LATHE | 2-Weeks | 9000 |
| 11 | 3DS MAX | 2-Weeks | 12000 |
| 12 | STAAD PRO | 2-Weeks | 9000 |
| 13 | REVIT | 2-Weeks | 12000 |
| 14 | Electricial CAD | 2-Weeks | 5000 |
| 15 | PLC Programming | 2-Weeks | 12000 |
| 16 | SCADA | 2-Weeks | 12000 |
| 17 | VLSI | 2-Weeks | 12000 |
| 18 | Embedded System | 2-Weeks | 12000 |
| 19 | JAVA Programming | 2-Weeks | 6000 |
| 20 | Computer Hardware & Networking | 2-Weeks | 9000 |
| 21 | CNC Technology (CNC Turning & CNC Milling) | 2-Weeks | 9000 |
| 22 | Web Development | 2-Weeks | 2500 |
| 23 | PYTHON Programming | 2-Weeks | 2500 |
| 24 | Industrial Training | 2-Weeks | 2000 |
| 25 | Industrial Training | 4-Weeks | 3500 |

**NOTE- (1)** All students should bring Copy of-Aadhar card, Higher Qualification Certificate, 10th Marksheet & Two Passport size Photograph. **(2)** SC/ST Candidates should bring Cast Certificate also at a time of Registration, **Only 250/- registration charges for SC/ST candidates Exclude s.no. 21 to 25.**

**FOR ADMISSION PLEASE CONTACT:**

Plot No. 291/B-302/A, Sector-E, Industrial Area, Sanwer Road, INDORE 452 015 (M.P.)
**Ph.:** (0731)-4210700, 4210709 **Fax:** (0731)-2720353, **Mob.:** 99269 69794, 95848 17708
**Email:** trg@igtr-indore.com **Website:** www.igtr-indore.com

deepak

**MSME-DI CAD/CAM Training Centre INDORE CENTRE:** 10, Pologround, Industrial Estate, Indore. **Tel.: 0731-2423835, Mob.: 93000 01981, 97539 79116**

**IGTR-ITI Hi-Tech Training Centre JABALPUR CENTRE:** ITI Campus, Madhotal, Damoh Road, Jabalpur **Mob.: 83194 41660, 83192 16953**

**MSME-TC EXTENSION CENTRE KOTA CENTRE:** Plot No. A1, A2, Industrial Estate, DCM Road, Patrika Mode, Opp. Jila Udyog Kendra, Kota-324007 **Mob.: 99931 05209, 7976564929**

R-50939/2025

## कौशल विकास संचालनालय (म.प्र.)
## (मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड)

क्रमांक/एमपीएसएसडीईजीबी/एससीवीटी/2025/532 भोपाल, दिनांक : 08.05.2025

### विज्ञप्ति

**राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) के उद्देश्य एवं कार्य में सुझाव हेतु विज्ञप्ति जारी करने के संबंध में।**

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) के उद्देश्य एवं कार्यों का विवरण विभाग के डीएसडी पोर्टल **dsd.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) के उद्देश्य एवं कार्यों का प्रकाशन जनसामान्य के लिये किया जा रहा है। इस संबंध में आपके कोई सुझाव हों, तो मोबाइल नंबर 8103311583 एवं ईमेल आईडी **statecellbhopal@mp.gov.in** पर भेज सकते हैं।

**संचालक**
**कौशल विकास म.प्र.**

**जी-12606/50931/2025**

स्टार कंप्यूटर एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित

## श्री नित्यानंद बी.एड. कॉलेज, धार

### आवश्यकता है

विश्वविद्यालय परिनियम 28 के अंतर्गत

| क्रमांक | बी. एड. पाठ्यक्रम हेतु | आवश्यकता |
|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 01 |
| | सहायक प्राध्यापक | |
| 1 | शिक्षा के परिप्रेक्ष्य मे | 04 |
| 2 | शिक्षाशास्त्र विषय (गणित/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/भाषा) | 08 |
| 3 | स्वस्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | 01 |
| 4 | ललित कला | 01 |
| 5 | प्रदर्शन कला (संगीत / नृत्य / थिएटर) | 01 |

योग्यता – एन.सी.टी.ई. / मध्यप्रदेश शासन के मापदण्डों के अनुसार, वेतन एन.सी.टी.ई. / यूजीसी के मापदण्डों के अनसार विज्ञापन दिनांक से 07 दिवस में आवेदन करें।

**महाविद्यालय परिसर: 365/1, ज्ञानपुरा, विकासखण्ड तिरला, जिला. धार (म.प्र.)**
9630037979, 909823077 | E mail : shrinityanandbed@gmail.com

R-50916/2025

## कार्यालय, अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

### ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)

डिप्लोमा (Diploma)

**डिप्लोमा तथा एकलव्य/डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश**

**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी के पोलीटेक्निक संस्थान)**

| प्रथम चरण | |
|---|---|
| (सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित) | |
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | **30.04.2025 से 01.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक** |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | **02.06.2025 से 03.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक** |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | **15.05.2025 से 05.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक** |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | **06.06.2025** |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | **10.06.2025 से 15.06.2025 सायं 5:00 बजे तक** |
| **प्रथम चरण की समय-सारणी में संशोधन की जानकारी तथा उत्तरोत्तर चरण की काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी वेबसाइट https://dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध कराई जायेगी।** | |

- प्रवेश नियम, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची, इत्यादि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- ऐसे उम्मीदवार भी पंजीयन कर सकते हैं, जो सत्र 2024-2025 में 10वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए हैं, जिनका परीक्षा परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है। ऐसे उम्मीदवार यदि प्रवेश के लिए अपना पंजीयन कराते हैं तो उन्हें परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग पोर्टल पर परीक्षा परिणाम का विवरण दर्ज कर काउंसलिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना आवश्यक होगा। ऐसे उम्मीदवारों का पंजीयन प्रावधिक पंजीयन (Provisional Registration) रहेगा।
  - **परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद, प्रावधिक पंजीयन (Provisional Registration) करा चुके उम्मीदवारों हेतु निर्देश**
  - ऐसे अभ्यर्थी जिनका पंजीयन प्रावधिक है, उन्हें पुन: काउंसलिंग पोर्टल से समय-सारणी अनुसार पंजीयन संशोधित कर अर्हकारी परीक्षा की जानकारी प्रविष्ट करनी होगी, जिसके लिए **रजिस्ट्रेशन संशोधन (Registration Edit)** की प्रक्रिया निम्नानुसार करनी होगी।
    1. रजिस्ट्रेशन कैंसलेशन की लिंक का उपयोग कर प्रावधिक रजिस्ट्रेशन को संशोधित करने हेतु रिसेट (Reset) करें।
    2. पुनः रजिस्ट्रेशन लिंक का उपयोग कर रजिस्ट्रेशन में अर्हकारी परीक्षा की जानकारी प्रविष्ट करें।
    3. आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद रजिस्ट्रेशन लॉक कर पंजीयन की पावती प्राप्त करें।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**(प्रो. (डॉ.) वीरेन्द्र कुमार)**
**संचालक तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/120032/2025 R-50933/2025

## MSME TECHNOLOGY CENTRE
### (INDO GERMAN TOOL ROOM, INDORE)
A Govt. of India Society

Free for SC/ST candidates

**JOB ORIENTED TRAINING COURSES**

**MEDIUM TERM COURSE FOR ENGINEERING DEGREE/DIPLOMA/10TH PASSED CANDIDATES**

Free for SC/ST candidates

**We are Offering following Medium Term Courses for Engineering Degree/diploma & 10th Passed Candidates. Batches shall start on 2nd week of every month as per enquiry with minimum batch size.**

| S. No. | Course Name | Qualification | Duration | Course Fee ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Asst. Operator – CNC Milling (Tool Room) | 10th Pass or equivalent | 5 Months | 35000 |
| 2 | Asst. Operator – CNC Turning (Tool Room) | | 5 Months | 35000 |
| 3 | Jr. Technician – Tool & Die Maker | | 10 Months | 70000 |
| 4 | Jr. Designer – CAD/CAM | Degree/Diploma Passed in relevant field | 5 Months | 40000 |
| 5 | Sr. Technician - Mechatronics | | 5 Months | 40000 |
| 6 | Jr. Designer - Tool Room | | 5 Months | 40000 |
| 7 | Front Line Junior Supervisor (Construction) | | 5 Months | 40000 |
| 8 | Technician - Computer Hardware & Network Management | 12th or Equivalent | 5 Months | 40000 |
| 9 | Graphics & Web Designer Assistant | 12th or Equivalent | 5 Months | 40000 |
| 10 | Jr. Technician - Inspection & Quality Control | 10th or Equivalent | 5 Months | 40000 |
| 11 | 3D Animator Assessment | 10th or Equivalent | 5 Months | 40000 |
| 12 | Asst. Operator – Conventional Machines | 8th pass | 10 Months | 70000 |
| 13 | Post Diploma in Tool Design & CAD/CAM | Preferrably Diploma Passed (Mech Engg. or Equivalent) | 1 Year | 70000 |
| 14 | Master Certificate Course in CNC Technology | Preferrably Diploma Passed (Mech Engg. or Equivalent) | 6 Months | 40000 |
| 15 | 3D Animation & special Effects | Preferably 10th pass | 5 Months | 40000 |
| 16 | Certificate Course in CNC Turning & Milling | Preferably 10th pass | 1 Year | 70000 |

**NOTE- (1)** All students should bring Copy of-Aadhar card ,Higher Qualification Certificate ,10 th Marksheet & Two Passport size Photograph. **(2)** SC/ST Candidates should bring Cast Certificate also at a time of Registration, **Only Registration fee charge for SC/ST candidates ( 500/- for 5 month courses & 1000/- for 10 months courses) Exclude sr. No. 13 to 16.**

**FOR ADMISSION PLEASE CONTACT:**

Plot No. 291/B-302/A, Sector-E, Industrial Area, Sanwer Road, INDORE 452 015 (M.P.)
**Ph.:** (0731)-4210700, 4210709 **Fax:** (0731)-2720353, **Mob.:** 99269 69794, 95848 17708
**Email:** trg@igtr-indore.com **Website:** www.igtr-indore.com

deepak

**MSME-DI CAD/CAM Training Centre INDORE CENTRE:**
10, Pologround, Industrial Estate, Indore. **Tel.: 0731-2423835,**
**Mob.: 93000 01981, 97539 79116**

**IGTR-ITI Hi-Tech Training Centre JABALPUR CENTRE:**
ITI Campus, Madhotal, Damoh Road, Jabalpur
**Mob.: 83194 41660, 83192 16953**

**MSME-TC EXTENSION CENTRE KOTA CENTRE:**
Plot No. A1, A2, Industrial Estate, DCM Road, Patrika Mode, Opp. Jila Udyog Kendra, Kota-324007
**Mob.: 99931 05209, 7976564929**

R-50938/2025

## एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेन्टर, इंदौर
(इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

291-बी, 302-ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)-452015
ई-मेल: trg@igtr-indore.com, Ph.: 0731-4210700, 4210709, 4210743

एससी एवं एसटी के उम्मीदवारों के लिए ट्यूशन फीस निःशुल्क

**प्रवेश सूचना-2025-26**

एससी एवं एसटी के उम्मीदवारों के लिए आयु में 3 वर्ष की छूट

ए.आई.सी.टी.ई./एन.सी.व्ही.टी. स्वीकृत डिप्लोमा/आई.टी.आई पाठ्यक्रम

**इंजीनियरिंग क्षेत्र में कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर**

**सभी कोर्सेस में SC/ST छात्रों को ट्यूशन फीस निःशुल्क एवं उम्र में 3 साल की छूट**

इंडो जर्मन टूल रूम, इन्दौर में निम्न प्रकार के कोर्सेस संचालित किये जा रहे है, सभी कोर्सेस AICTE अथवा NCVT से मान्यता प्राप्त है। इन सभी कोर्स की उद्योगों में बहुत मांग है तथा रोजगार की संभावना भी अत्यधिक है।

| | क्र. | कोर्स का नाम | कोर्स की अवधि | न्यूनतम पात्रता | कोर्स की मान्यता | शिक्षण शुल्क 1 वर्ष= 2 छमाही |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GROUP "A" | 1 | एडवांस डिप्लोमा इन टूल एण्ड हाई मेकिंग (ADTDM) | 4 साल | गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वी उत्तीर्ण (सामान्य 60%) (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग 50%) दिनांक 01/08/2025 को आयु सीमा15 से 19 वर्ष | AICTE | ₹23000/- प्रति छमाही |
| | 2 | डिप्लोमा इन मेकाट्रानिक्स (DIM) | 3 साल | | | |
| | 3 | डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस (DICS) | 3 साल | | | |
| GROUP "B" | 4 | डिप्लोमा इन वोकेशन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी (D Voc) | 3 साल | 10वी उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2025 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष | | ₹20000/- प्रति छमाही |
| | 5 | सर्टिफिकेट कोर्स इन मशीनिस्ट ट्रेड | 2 साल | गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वी उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2025 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष | NCVT (ITI) | ₹13000/- प्रति छमाही |
| | 6 | सर्टिफिकेट कोर्स इन फिटर ट्रेड | 2 साल | | | |
| | 7 | सर्टिफिकेट कोर्स इन वेल्डर ट्रेड | 1 साल | | | |

- क्रमांक 1 से क्रमांक 3 (ग्रुप-ए) के लिए आवेदन फॉर्म **28.04.2025** से कॉलेज में आकर या हमारी वेबसाइट **www.igtr-indore.com** पर आप आवेदन कर सकते हैं।
- क्रमांक 1 से क्रमांक 3 (ग्रुप-ए) के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक **22.06.2025** को होगी एवं प्रवेश 10वीं मेरिट एवं प्रवेश परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर **23.06.2025** से शुरू होंगे।
- क्रमांक 4 से कमांक 7 (ग्रुप-बी) के लिए प्रवेश कॉलेज लेवल काउंसलिंग आधार पर **28.04.2025** से शुरू होंगे।
- क्रमांक 5 से क्रमांक 7 के कोर्सेस में प्रवेश के लिए मूल निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
- अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.igtr-indore.com** देखे एवं कॉलेज में आकर जानकारी प्राप्त करें। कोर्स के फॉर्म वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- प्रशासन एवं परिस्थिति के अनुसार किसी भी दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। R-50937/2025

**सम्पर्क : सोमवार से शनिवार सुबह 9.30 से शाम 5:00 बजे तक**

**291/बी-302/ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर- 452015**

**मोबाइल नं.: 79995 19793, 99811 14092, 95897 31038, 79870 03320**

deepak

## SHREE INSTITUTE OF PROGRESSIVE STUDIES
## SHREE INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES

Yadav Pichhda Verg Education and Welfare Society
Village Jakhiya, Infront of Aurobindo Hospital, Near Hotel Siddhant, Indore (M.P.)

**APPOINTMENTS**

**Applications are invited for Faculty Position in MBA Program**

**DIRECTOR – PROFESSORS**

**ASSOCIATE PROFESSORS - ASSISTANT PROFESSOR**

Specialization: IT, HR, Marketing, Finance, Operation, Business Analytics and General Management.

**Eligibility:- As per AICTE & UGC Norms/ DAVV College Code 28**

Send your CV with testimonials at above address within 10 days or
**Email - sipsindore370@gmail.com Ph. No. 95843860600**

R-50940/2025

## CHIEF EXECUTIVE OFFICER, MADHYA PRADESH LAND RECORD MANAGEMENT SOCIETY (MPLRS)

**O/o Commissioner Land Records, Madhya Pradesh**
**Moti mahal Gwalior/Rajasva Bhavan Naka Chandrabadni, Needam Road Gwalior (M.P.), PIN - 474007**
**E-mail : mp-lrs@mp.gov.in**

## TENDER NOTICE

**RFP No. : MPLRS/2025/Digitization/002**

Chief Executive Officer, Madhya Pradesh Land Record Management Society ("CEO MPLRS") invites proposals from eligible Bidders/agencies for "**Request for Proposals for Selection of Agency for Digitization of Legacy Records, providing DMS & DBES solution and Carry out Data Entry**". More details on the required Services are provided in the RFP.

| # | Tender No. | Name of the Work/ Services | Tender Fees (In INR) | Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Last date & time of submission of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | MPLRS/ 2025/ Digitization/ 002 | Request for Proposals For Selection of Agency for Digitization of Legacy Records, providing DMS & DBES solution and Carry out Data Entry | INR. 5000/- + Processing Fees (non-refundable) to be paid online through MP e-tendering portal. | **INR 1,05,00,000/-** (INR One Crore Five Lakh Rupees Only) Bidder shall submit the EMD online through the eProcurement portal. (**www.mptenders.gov.in**). | 21 May 2025 at 15:00 Hrs. |

**Chief Executive Officer**
**Land Record Management Society (MPLRS)**
**Madhya Pradesh**

G-12387/R-50942/2025

भारत सरकार / Government of India

# पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
# Ministry of Earth Sciences

## राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र / National Centre for Medium Range Weather Forecasting

ए-50, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201309 / A-50, Sector-62, Noida, Uttar Pradesh-201309

**विज्ञापन सं- एन. सी. एम. आर./03/2025 / Advt. No.: NCMR/03/2025**

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र अपनी दो उप-योजनाओं (1) एक्रॉस (2) रीचआउट के तहत अपने घटकों/उप-घटकों/कार्यक्रम के लिए विभिन्न परियोजना पदों को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों की तलाश कर रहा है; **(ए)** मौसम और जलवायु का संख्यात्मक मॉडलिंग (एनएमडब्ल्यूसी) **(बी)** मानसून मिशन - III (एमएम - III) **(सी)** उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) **(डी)** मौसम और जलवायु के लिए बिम्सटेक केंद्र (बीसीडब्ल्यूसी) व्यापक योजना "पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी)" के तहत ***मौसम संबंधी आंकड़ों का समावेश और प्रसंस्करण, रिमोट सेंसिंग डेटा अनुप्रयोग और उपयोग, वायुमंडल, भूमि और महासागर के संख्यात्मक मॉडलिंग, युग्मित (कपल्ड) मॉडलिंग, एनसेंबल पूर्वानुमान प्रणाली, मॉडल से व्युत्पन्न उत्पादों का सत्यापन, मॉडल आधारित अनुप्रयोगों के विकास पर अनुसंधान और विकास कार्य*** में कार्य करने हेतु विभिन्न परियोजना पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की तलाश कर रहा है. ये पद पूरी तरह से संविदा के आधार पर हैं, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में उम्मीदवार के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर, साल-दर-साल अधिकतम मार्च 2026 तक इन पदों को विस्तारित किया जा सकता है. सभी पद भारतीय नागरिकों के लिए हैं. भरे जाने वाले पदों का विवरण नीचे दिया गया है.

NCMRWF is looking for eligible candidates to fill up various project posts under its two Sub-Scheme **(1)** ACROSS **(2)** REACHOUT for its components/sub-components / Program; **(a)** Numerical Modelling of Weather and Climate (NMWC) **(b)** Monsoon Mission - III (MM-III) **(c)** High Performance Computing (HPC) **(d)** BIMSTEC Centre for Weather and Climate (BCWC) under the overarching Scheme "Prithvi Vigyan (PRITHVI)" to carry out research and development work on data assimilation and processing, remote sensing data application and utilization, numerical modeling of atmosphere, land, and ocean, coupled modeling, ensemble prediction system, diagnostic and validation of model, development of model-based applications. The posts are purely contractual, extendable maximum up to March 2026, on a year-to-year basis, based on the candidate's satisfactory performance at the end of each financial year. All positions are for Indian nationals only. The details of the posts to be filled are given below:

| S. N. क्र. सं. | पद का नाम Name of Position | पोस्ट कोड Post Code | आरक्षण / Reservation | | | | कुल Total | आयु सीमा Age Limit in Years |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित UR | अनुसूचित जाति SC | अनुसूचित जनजाति ST | अन्य पिछड़ा वर्ग OBC | | |
| 1. | परियोजना वैज्ञानिक - III Project Scientist-III | 01, 02, 03 | 5 | - | - | - | 5 | 45 |
| 2. | परियोजना वैज्ञानिक - II Project Scientist - II | 04, 05, 06, 07 | 13 | - | - | - | 13 | 40 |
| 3. | परियोजना वैज्ञानिक -I Project Scientist - I | 08 | 1 | - | - | - | 1 | |
| 4. | जे. आर. एफ. / एस. आर. एफ. JRF/SRF | 09 | 8 | 1 | - | - | 9 | 28 |
| 5. | तकनीकी अधिकारी (वैज्ञानिक सी के समकक्ष) Technical Officer (Equiv. to Sc.-C) | 10 | 3 | - | - | 1 | 4 | 40 |
| 6. | वैज्ञानिक-सलाहकार/विषय-विशेषज्ञ Scientific Consultant/Subject Expert | 11, 12 | 2 | - | - | - | 2 | 45-65 |
| कुल पद / Total Posts | | | 32 | 1 | - | 1 | 34 | |

2. पदों की संख्या अस्थायी है तथा वास्तविक आवश्यकता और भारत सरकार की मंजूरी के आधार पर भिन्न होने की संभावना है.

Number of positions is tentative and is likely to vary depending upon actual requirements and approval of Govt of India.

3. पद, योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, परिलब्धियां, नौकरी की जिम्मेदारी, अन्य सामान्य शर्तों और आवेदन के तरीके आदि के बारे में पूरी जानकारी राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र की वेबसाइट **https://www.ncmrwf.gov.in/vacancy.php** और **https://vacancies.incois.gov.in/jobs/ncmrwf0325/home.jsp** पर भी उपलब्ध है. इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन में दिए गए निर्देशानुसार ऑनलाइन (**https://vacancies.incois.gov.in/jobs/ncmrwf0325/home.jsp**) आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **10 दिन के भीतर** है. किसी भी ऑफलाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

Full details regarding the post, qualification, experience, age limit, emoluments, job responsibility, other general conditions and mode of application etc are available at NCMRWF website **https://www.ncmrwf.gov.in/vacancy.php** and also at **https://vacancies.incois.gov.in/jobs/ncmrwf0325/home.jsp)** Interested candidate may apply online **(https://vacancies.incois.gov.in/jobs/ncmrwf0325/home.jsp)** as described in the detailed advertisement. **Last Date for submission of online application is within 10 days of the publication date of this advertisement in Employment Newspaper.** No offline application will be entertained.

4. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के नाम और साक्षात्कार की तिथि रा.म.अ. मौ.पू. कें. की वेबसाइट **(https://www.ncmrwf.gov.in/vacancy.php)** पर प्रकाशित की जाएगी.

The names of the shortlisted candidates and date of interview will be published at NCMRWF website **(https://www.ncmrwf.gov.in/vacancy.php).**

**उप सचिव, भारत सरकार**
**Deputy Secretary to the Govt. of India**
**रा. म. अ. मौ. पू. कें. नोएडा**
**NCMRWF, Noida**
**टेली नं. / Tel. No.: 0120-2419480, 2419401**

## SWA. GULAB BAI YADAV SMRITI SHIKSHA MAHAVIDYALYA

Vidhya Vihar, Borawan, Teh. Kasrawad, district-Khargone 451228

A+ NAAC

### RECOGNISED BY NCTE, AFFILIATED BY KRANTISURYA TANTYABHIL UNIVERSITY, KHARGONE (M.P.)

Application are invited for the appointment on teaching posts under college code-28 of the university

**M.Ed. DEPARTMENT**

Professor (01), Associate Professor (02), Assistant Professor (03)

**B.Ed. DEPARTMENT**

Assistant Professor, Perspectives in education (04), Assistant Professor, Pedagogy subject Maths (02), Science (02), Social Science (02), Language (02) fine art/performing Arts (2), Health & Physical Education (01)

Educational qualification & Experience for all above shall be strictly as NCTE and UGC Norms under college code-28.

Interested candidates are requested to email their resume with specify the post applied for.

Email: gbyssm.job@gmail.com 9424056999 Last Date: 20/05/2025 Secretary

R-50941/2025

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई

# टेक हब बनने की ओर आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

प्रौद्योगिकी हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है। यह हमारे जीवन को आसान बनाने, हमारी समस्याओं को हल करने और विकास को गति देने में मदद करती है। प्रौद्योगिकी का उपयोग कई क्षेत्रों में होता है, जैसे कि संचार, परिवहन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, और उत्पादन आदि। प्रौद्योगिकी ने उत्पादन के तरीके को बदला है, जिससे अधिक उत्पादों को कम समय और कम लागत में बनाया जा सकता है। प्रौद्योगिकी के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह दिवस पहली बार 11 मई, 1999 को मनाया गया था, इसका उद्देश्य भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का स्मरण करना है। इस दिन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा रखा गया था। प्रत्येक वर्ष भारतीय प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय) भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उनके योगदान के लिये व्यक्तियों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करके इस दिन को मनाता है।

## 11 मई को ही क्यों मनाया जाता है यह दिवस?

यह दिन वैज्ञानिकों, अनुसंधान आदि के महत्व को बताने के लिए मनाया जाता है। भारत ने 11 मई, 1998 को पोखरण में परमाणु बमों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था। परमाणु मिसाइल के राजस्थान में भारतीय सेना के पोखरण टेस्ट रेंज में परीक्षण किये गए। मई 1974 में पोखरण-I के ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा के बाद आयोजित यह दूसरा परीक्षण था। भारत ने पोखरण- II नामक एक ऑपरेशन में अपनी शक्ति-1 परमाणु मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसे ऑपरेशन शक्ति के रूप में जाना गया, जिसका नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था। उसी दिन भारत ने त्रिशूल मिसाइल (सतह से हवा में कम दूरी की मिसाइल) की सफल परीक्षण फायरिंग की और पहले स्वदेशी विमान 'हंसा- 3 'का परीक्षण किया था। भारत की इसी वैज्ञानिक प्रगति के उपलक्ष्य में 11 मई को पूरे भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है।

## सूचना और प्रौद्योगिकी पर हुए कई काम

आईटी क्षेत्र में निवेश के सकारात्मक रुझान और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए लागू की गई नई नीतियों से मध्यप्रदेश अब देश का डिजिटल स्टेट बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। मध्यप्रदेश डिजिटल नवाचार की दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य के 02 शहरों को AI सिटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल पर विकसित करने जा रहा है। इस पायलेट प्रोजेक्ट को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। मध्यप्रदेश में अभी एग्रीटेक, स्कूल एजुकेशन, वन, बिजली और पुलिस महकमे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा रहा है। भोपाल में संपन्न हुई ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में लगभग 100 आईटी कंपनियों के लगभग 34 हजार करोड़ राशि के निवेश प्रस्ताव से दो लाख से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। इनमें से 28 प्रोजेक्ट दो माह में मूर्तरूप ले रहे हैं। वहीं हाल ही में आईटी कॉन्क्लेव (टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव) से लगभग 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 75 हजार रोज़गार सृजित होंगे। टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास भी हुए हैं। इसमें से जीआईएस-2025 में आईटी सेक्टर में प्राप्त 99 प्रस्तावों में से 25 प्रतिशत का भूमि-पूजन हुआ है, जो इस बात का प्रतीक है कि मध्यप्रदेश सरकार बस वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर भी दिखाती है।

## आईटी और तकनीक के क्षेत्र में संभावनाएं हैं अपार

मध्यप्रदेश के दो उभरते तकनीकी केंद्र इंदौर और भोपाल इन क्षेत्रों में निवेश के लिये आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग और नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग (केपीओ), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) और डाटा सेंटर की स्थापना के लिए निवेशकों को आकर्षित किया है। वहीं भोपाल जिले के बैरसिया में मोबाइल, सेमीकंडक्टर डिवाइस पार्क बनाने वाले प्रतिष्ठान विश्व स्तरीय अधोसंरचना का लाभ प्राप्त करेंगे। लगभग 209 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के इस मेगा प्रोजेक्ट से बड़ी संख्या में रोज़गार उपलब्ध कराना संभव होगा। भोपाल के बैरसिया में करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफलता मिली है। स्पेस टेक नीति के अंतर्गत यह कार्य होगा। इससे सायबर सुरक्षा के क्षेत्र में नया दौर सामने आयेगा। वहीं इंदौर में एग्रीटेक उत्कृष्टता केन्द्र बनेगा। ड्रोन तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आयेगा। परदेशीपुरा आईटी पार्क से नई संभावनाएं विकसित होंगी। इंदौर आईटी क्षेत्र की नई राजधानी बन गयी है।

## वॉक-टू-वर्क से डिजिटल इकोनॉमी मिशन तक

सरकार डिजिटल इंडस्ट्री के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों के साथ समन्वय, स्टार्ट-अप में उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने, प्राकृतिक गैस पर टैक्स कम करने और प्रदेश में स्टार्ट-अप कम्युनिटी को बढ़ावा देने का काम कर रही है। वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क विकसित करने, प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन प्रारंभ करने के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित गतिविधियों की अन्य उद्योगों में स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में भी राज्य सरकार कार्य कर रही है। ऐसे में सबके सहयोग से मध्यप्रदेश आईटी सेक्टर में अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगा।

ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (TMZ), 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 5 हजार नौकरियों के साथ जल्द आकार लेगा। यह TMZ देश में अपनी तरह का पहला जोन होगा। इसमें सिम, चिप, एंटीना और अन्य उपकरण निर्मित होंगे। यहां सभी एसेसरीज सिस्टम्स, कम्पोनेंटस, वाई-फाई, ऑप्टिकल्स, मोबाइल डिवाइसेज, सिमकार्ड, एंटीना, टेलीकॉम चिप्स सहित टेलीकॉम सेक्टर में नई 6जी टेक्नोलॉजी के लिए अनुसंधान एवं विकास के कार्य भी किए जाएंगे।

मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) 2.0 देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक अग्रणी पहल है। यह योजना एक गेम चेंजर है और निश्चित रूप से इस क्षेत्र को अगले स्तर पर ले जाएगी। ईएमसी 2.0 योजना में भोपाल के बैरसिया रोड पर बांदीखेड़ी में और जबलपुर में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर डेवलप होगा।

मध्यप्रदेश में आईटी और संबंधित क्षेत्रों में नवाचार और निवेश को गति देने के लिए चार प्रगतिशील नीतियां लागू हैं। यह नीतियां ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, एवीजीसी-एक्सआर, ड्रोन और सेमीकंडक्टर जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। इन नीतियों का उद्देश्य उन्नत तकनीकों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना, व्यवसायों को समर्थन देना और नवाचार को बढ़ावा देना है। इन नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, सरकार ने ड्रोन और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश, निर्माण और रोज़गार को बढ़ावा देने के लिए दो नई नीतियां "ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी- 2025" और "सेमीकंडक्टर नीति-2025" लॉन्च की हैं। ड्रोन नीति का लक्ष्य मध्यप्रदेश को ड्रोन निर्माण और तकनीक में अग्रणी बनाना है। नीति के तहत ड्रोन आधारित गवर्नेंस सेवाओं को बढ़ावा देना, स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से ईको-सिस्टम को मजबूत करना। पूंजीगत सहायता, किराया सहायता, आईपी प्रोटेक्शन एवं क्वालिटी सर्टिफिकेशन पर सहायता और आरएंडडी सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त, ड्रोन कोर्सेस के लिए सहायता और मार्केटिंग व इंटर्नशिप के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

**- रश्मि रंजन**

**(लेखिका, पब्लिक पॉलिसी से जुड़े मुद्दों की जानकारी हैं। समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।**

योजना

# सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर कर समग्र कल्याण का आधार बनी पीएम-एजेएवाई

देश में सभी वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए समग्र रूप से निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाना है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) की शुरुआत की गयी। वर्ष 2021-22 में आरंभ की गई इस योजना में पूर्व में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही तीन योजनाओं को सम्मिलित किया गया है। इस योजना में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जिन तीन योजनाओं को सम्मिलित किया गया है उनमें शामिल हैं- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) , अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए से एससीएसपी) और बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई) योजना। यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्तपोषित है। हालांकि, राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश अपनी इच्छानुसार अपने संसाधनों से अतिरिक्त धनराशि प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। केंद्र सरकार से राशि प्राप्त करने के लिए राज्यों को पीएम-अजय पोर्टल के माध्यम से अपनी वार्षिक कार्य योजनाएं (एएपी) ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होती हैं। योजना की प्रक्रिया विकेंद्रीकृत है, जिससे राज्य और जिला दोनों स्तरों पर परियोजनाओं के निर्माण और अनुमोदन की अनुमति मिलती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, केंद्र सरकार को राज्य सरकारों से 234 परियोजना प्रस्तुतियां मिलीं, जिनमें से 83 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और 1.18 लाख राशि जारी की गई।

यह योजना कुल 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की गई है। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली, दमन और दीव, लद्दाख और लक्षद्वीप इस योजना में शामिल नहीं हैं।

### योजना की पात्रता शर्तें

- गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्ति विभिन्न आय सृजन योजनाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभ पाने के पात्र हैं।
- बुनियादी ढांचे के विकास के मामले में, 50 प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाले गांव इस योजना के तहत अनुदान के लिए पात्र हैं।

### योजना के प्रमुख घटक

**आदर्श ग्राम विकास -** इस योजना के तहत अनुसूचित जाति-बहुल गांवों को 'आदर्श ग्राम' (मॉडल गांव) में बदलना है। आदर्श ग्राम वह ग्राम है, जिसमें असमानताएं न हों, लोगों को विभिन्न बुनियादी सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हो, ताकि समाज के सभी वर्गों की न्यूनतम जरूरतें पूरी हो सकें। इन गांवों में ऐसी सभी बुनियादी सुविधाएं होंगी। (जैसे पीने का पानी, स्वच्छता, शिक्षा और पोषण आदि) जो एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए जरूरी हैं। आदर्श ग्राम में हर व्यक्ति अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सकता है। योजना के तहत राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को आवंटित कुल धनराशि का 50 प्रतिशत तक चयनित गांवों के लिए गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 में 4,991 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है और 4,25,821 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस घटक के लिए 29,846 गांवों का चयन किया गया है। मार्च 2025 तक 11,000 से अधिक गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है।

### सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं के लिए अनुदान सहायता

इसके तहत अनुसूचित जातियों की सामाजिक-आर्थिक बेहतरी के उद्देश्य से जिला तथा राज्य स्तरीय परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है।

- अनुसूचित जाति बहुल गांवों में बुनियादी ढांचे का सृजन।
- छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों का निर्माण।
- कौशल विकास और संबंधित बुनियादी ढांचे सहित व्यापक आजीविका परियोजनाएं।
- आजीविका सृजन के लिए आवश्यक परिसंपत्ति अधिग्रहण तथा निर्माण के लिए लाभार्थियों द्वारा लिए गए ऋण के लिए वित्तीय सहायता।

योजना के अंतर्गत शेष उपलब्ध धनराशि, अन्य तीन घटकों का हिस्सा निकाल लेने के बाद, राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी अनुसूचित जाति जनसंख्या (50 प्रतिशत भार) के अनुपात में और राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों में अनुसूचित जाति की जनसंख्या की तुलना में वार्षिक योजना में विशेष घटक योजना (जिसे अब राज्य एससीएसपी के रूप में जाना जाता है) के अनुपात के आधार पर आवंटन किया जायेगा। राज्य अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी), अनुसूचित जातियों के लाभ के लिए विकास के सभी सामान्य क्षेत्रों से लक्षित वित्तीय और भौतिक लाभों का प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक रणनीति है। 25 राज्यों ने वित्त वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लिए योजनाएं प्रस्तुत की हैं और इस घटक के तहत वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान कौशल विकास के लिए 987 परियोजनाओं सहित 8,146 परियोजनाओं के लिए 457.82 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

### छात्रावासों का निर्माण

इस घटक में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के तहत रैंक किए गए और केंद्र, राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश सरकारों द्वारा वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रावासों का निर्माण शामिल है। इसी तरह, इसमें केंद्र, राज्य, केंद्र शासित प्रदेश सरकारों द्वारा वित्त पोषित और शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुशंसित स्कूलों में छात्रावासों का निर्माण भी शामिल है। कुल आवंटित धनराशि का 2 प्रतिशत तक छात्रावास के निर्माण और मरम्मत के लिए उपयोग किया जाता है। पीएम-अजय के तहत 891 छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं (2024-25 के दौरान 27 छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं), जिसमें 69,212 लाभार्थी शामिल हैं और 936.27 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इसके माध्यम से अनुसूचित जाति के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**- हितेश शर्मा**

**(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)**

## आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर का नाम महर्षि सुश्रुत के नाम पर रखा जाएगा - राज्यपाल

**जबलपुर,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम शल्य चिकित्सा के जनक महर्षि सुश्रुत के नाम पर रखा जाएगा। विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र जबलपुर में आयोजित किया गया था।

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह का दिन विद्यार्थियों के लिए संस्थान में उनकी शिक्षा पूरी हो जाने के बाद जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने वाला मील का पत्थर होता है। मेडिकल शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जो विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाता है। उन्हें समाज के लिए कुछ करने का अवसर प्रदान करता है। चिकित्सकों का कार्य सिर्फ रोगों का इलाज करना नहीं है। उन्हें रोगी के अंदर बीमारी से लड़ने का आत्मविश्वास पैदा करना और जीवन की उम्मीद जगाने का काम भी करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भावी जीवन में प्रगति के लिए निरंतर सीखने की इच्छा बनाए रखने की नसीहत दी।

राज्यपाल श्री पटेल ने संस्थान से आधुनिकतम तकनीकों को अपनाने के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिकतम तकनीकों को अपनाने से रोगियों के बेहतर इलाज के साथ चिकित्सकों की कार्य दक्षता में भी बढ़ोत्तरी होती है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए समाज के वंचित वर्ग को आगे लाने की आवश्यकता है। इसके लिये उनमें आकांक्षाएं जगाने की जरूरत है ताकि वे भी देश के विकास में हिस्सेदार बन सकें। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी युवाओं से ज्यादा पानी पीने, व्यायाम करने एवं पूरी नींद लेने की बात कही है। श्री पटेल ने कहा कि चिकित्सकों को पहले रोगियों के रोग को समझना चाहिए। रोगियों की बातों को सुनना चाहिए। चिकित्सकों द्वारा रोगियों की बातों को अच्छी तरह सुनने से रोगियों का आधा दर्द दूर हो जाता है।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि भारत विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का फल लोगों को तभी मिलेगा जब वे निरोगी होंगे। लोगों को निरोगी करने के लिए चिकित्सकों की महती आवश्यकता है।

## सुश्री शीला दाहिमा को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवाचार के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2022-23 से उप सचिव सहकारिता सुश्री शीला दाहिमा को मंत्रालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सुश्री दाहिमा को माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अतिरिक्त सचिव रहते हुए किए गए नवाचार के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। माध्यमिक शिक्षा मण्डल में पदस्थापना के दौरान सुश्री शीला दाहिमा ने प्रेरणादायी वीडियो के माध्यम से परीक्षा की तैयारी के लिए मोटिवेशनल वीडियो बनाकर यूट्यूब और माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट पर अपलोड किए, जिससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में काफी मदद मिली।

## देश के अन्नदाता किसान भाइयों के खेत से निकलता है विकसित भारत का रास्ता - उपराष्ट्रपति




उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**ग्वालियर,** उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के परस्पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से निकलता है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं और कृषि विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे किसानों के जीवन में बदलाव एवं खुशहाली लाने में अपना योगदान दें। प्रयास ऐसे हों कि किसान केवल फसल उत्पादक बनकर ही न रहें, अपितु वे एग्री-प्रीनियर (कृषि उद्यमी) बनें। उन्होंने कृषि विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे तकनीक और अनुसंधान का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र में बदलाव के प्रबंधक बनें।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति किसानों के कल्याण का संदेश देती है। वर्तमान दौर में किसानों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने 'जय जवान-जय किसान के साथ जय विज्ञान' जोड़ा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान में जय अनुसंधान' को शामिल किया है।

### कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान की परिपाटियों को विश्व स्तरीय बनाएँ

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि मानव सभ्यता के उद्भव और विकास में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारे देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी के लिये कृषि आज भी आजीविका की जीवन रेखा बनी हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दूरदृष्टिकोण के साथ किसानों को समृद्ध तथा सशक्त बनाकर विकसित भारत बनाने के लिये लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विकास और परिवर्तन के केन्द्र बिंदु विश्वविद्यालयों को अध्ययन एवं अनुसंधान की मौजूदा परिपाटियों को विश्व स्तरीय बनाना होगा।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था बदलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि और पशुपालन के कार्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था बदलने का कार्य करेंगे। लगभग दो वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश का कृषि क्षेत्र 45 लाख हेक्टेयर था जो आज की स्थिति में 55 लाख हो गया है। प्रदेश में एक करोड़ हेक्टेयर कृषि क्षेत्र निर्मित करने का राज्य सरकार का संकल्प है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण योगदान है, इस नाते निरंतर प्रयास भी किए जा रहे हैं। प्रदेश में नर्मदा और अन्य नदियों के जल से सिंचाई का कार्य हो रहा है।

## नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्तियाँ सुनिश्चित करें

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए कृतसंकल्पित है और इस दिशा में मानव संसाधन की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों में अनावश्यक विलंब न हो, यह प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। परिणाम घोषित होने के पश्चात नियुक्ति में तत्परता बरती जाए एवं समस्त आवश्यक औपचारिकताओं की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## फिल्म का प्री और पोस्ट प्रोडक्शन भी मध्यप्रदेश में ही पूरा करें

**मुंबई,** वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (WAVES) 2025 मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण रहा। मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में 'डिजिटल सपनों और सिनेमाई दृष्टिकोण के साथ : मध्यप्रदेश : अगला रचनात्मक केंद्र' विषय पर एक प्रभावशाली पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ। पैनल डिस्कशन ने देश के क्रिएटिव और डिजिटल उद्योग से जुड़े शीर्ष विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर मध्यप्रदेश को एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) का राष्ट्रीय हब बनाने की दिशा में विचार-विमर्श को मजबूती प्रदान की।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर, फिक्की एवीजीसी फोरम तथा एमसीसीआईए एनिमेशन एंड गेमिंग कमेटी के चेयरमैन श्री आशीष एस. कुलकर्णी, आदि चर्चा में शामिल रहे। प्रसिद्ध अभिनेता श्री अमित सियाल और श्री शरद केलकर के साथ सभी विशेषज्ञों ने मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2025 और मध्यप्रदेश एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी नीति-2025 को रिलॉन्च किया। अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री दुबे ने कहा कि फिल्म निर्माण के दौरान फिल्म शूटिंग के अलावा उसका प्री प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन भी महत्वपूर्ण कार्य होता है।

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर ने कहा कि फिल्म निर्माण के लिए मुख्य रूप से वित्तीय सहायता, छूट, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, मनभावन लोकेशन और ईज ऑफ शूट को ध्यान में रखा जाता है। इन सभी चीजों के साथ मध्यप्रदेश में समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत आज भी अपने मूल रूप में है।

स्पेन ने अपनी पॉलिसी के द्वारा अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को आकर्षित किया है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि फिल्म निर्माताओं के लिए मनभावन शूटिंग स्थलों के साथ, शूटिंग फ्रेंडली स्थानीय नागरिक, फिल्म सहयोगी ईको सिस्टम, समृद्ध स्थानीय संस्कृति के साथ मध्यप्रदेश विशेष रूप से ईज ऑफ शूटिंग डेस्टिनेशन बन गया है।

## समय-सीमा में कार्य नहीं होने पर किया जाएगा ब्लैक लिस्ट

**सागर,** नल-जल योजना के काम समय-सीमा में नहीं होने पर निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सरपंच, ग्रामवासी और निर्माण एजेंसी का सहयोग, समन्वय कर कार्य कराएं। साथ ही नल-जल योजना की सामग्री चोरी और क्षतिग्रस्त होने पर एफआईआर की कार्रवाई करें। कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों का रेस्टोरेशन गुणवत्ता के साथ करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश सागर में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रही नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान दिए।

श्री राजपूत ने कहा कि बगैर देरी के पानी की समस्या का निदान किया जाये। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर लूप लाइन डालें। साथ में बूस्टर पंप भी लगाएं ताकि ग्रामवासियों को प्रेशर के साथ पानी उपलब्ध हो सके। समीक्षा करते हुए सरपंच, संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सभी सरपंच अपने ग्राम की इस प्रकार की कार्ययोजना तैयार करें जिस प्रकार वह अपने घर की योजना तैयार करते हैं और उसी तरह कार्य करें। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना के कार्य पूरा होने पर ग्राम पंचायत स्तर पर 100 रुपए प्रति घर कनेक्शन के हिसाब से किराया लें और उसका संधारण करें। उन्होंने कहा कि सरपंच यह भी देखें कि ग्राम की नल-जल योजना क्षतिग्रस्त न हो पाए।

## डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समत्व भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं।

बैठक में बताया गया कि अनुबंध के परिपालन में प्रदेश के दुग्ध संघों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का प्रभार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा नामित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा जा चुका है। निर्देशानुसार प्रदेश की दुग्ध सहकारी समितियों के कवरेज क्षेत्र के विस्तार, दुग्ध संकलन, दुग्ध प्रसंस्करण और दुग्ध उत्पादों के लिए अद्यतन तकनीक पर आधारित अधोसंरचना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अगले पांच साल में प्रदेश के कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है।

इससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदने की दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है। सम्पूर्ण डेयरी वैल्यू चेन के डिजिटलाइजेशन के अंतर्गत ऑटोमेटिक मिल्क कलेक्शन सिस्टम का क्रियान्वयन प्रस्तावित है।



- सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए।
- प्रदेश में सुगमता से उपलब्ध हों अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंस।
- प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# मोतीमहल, रानीमहल और रानी दुर्गावती के स्मारकों का किया जाएगा विकास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मण्डला के रामनगर में आयोजित 'आदि उत्सव' को संबोधित किया

**मण्डला,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मण्डला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के लिए आन, बान और शान से लड़ने वाले राजा हृदय शाह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा और टंट्या मामा ने महान कार्य किया है, जो जल, जमीन, जंगल और जमीर की रक्षा के लिए आगे आये हैं।

हमारे प्रदेश और देश के जनजातीय महापुरुषों ने हमें गौरवान्वित किया है। हमें गर्व है जनजातीय महापुरुषों के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने हृदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 61 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

**स्मारकों तथा किलों के विकास कार्य होंगे**

मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय के गोंड राजाओं के बने स्मारकों तथा किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मण्डला में राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मंच से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें करीब 5 हजार नागरिकों की बैठक व्यवस्था के लिए सभागार, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था आदि के प्रस्ताव शामिल होंगे।

**बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के लिए राशि हुई स्वीकृत**

रामनगर में 'आदि उत्सव' के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा कानून के तहत जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए शासन द्वारा बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति क्षेत्र के लिए 1600 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से 2600 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। सभी किसानों को सोलर पम्प प्रदान कर बिजली बिल से मुक्त करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। अब प्रदेश का किसान बिजली का उत्पादन भी करेगा, बिजली शासन द्वारा क्रय की जाएगी।

- **पेसा कानून में जल, जंगल, जमीन संरक्षण के लिए बैगा, भारिया तथा सहरिया जनजाति के लिए 1600 करोड़ राशि स्वीकृत।**
- **किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन।**
- **किसानों को सोलर पम्प देकर बिजली बिल से मुक्त करने की दिशा में सरकार बढ़ रही है आगे।**

**आदि उत्सव में हुआ जनजातीय कन्याओं का विवाह आयोजन**

आदि उत्सव में 600 कन्याओं का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत विवाह हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सभी नव-विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत कन्याओं को मिलने वाली 49 हजार रुपये की राशि के चेक भी प्रदान किये।

# विद्यार्थियों में मानवीय जीवन मूल्यों का बोध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेगा एमओयू

**भोपाल,** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की उपस्थिति में मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं राज्य आनंद संस्थान (आनंद विभाग) के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गये। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का ध्येय है। इस एमओयू का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में, उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में मानवीय जीवन मूल्य बोध की शिक्षा दिया जाना है। इस एमओयू में दोनों उपक्रम, सहयोगी के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अंतर्गत 'उच्च शिक्षा संस्थानों में मानवीय मूल्य एवं नैतिकता पर आधारित शिक्षा' विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करेंगे।

श्री परमार ने कहा कि इस एमओयू का उद्देश्य है कि जब युवा अध्ययन के उपरांत समाज में जाएं तो वे जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, वे अपना श्रेष्ठतम योगदान देते हुए एवं मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए मानवता की सेवा कर सकें। श्री परमार ने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन में लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करने का भाव, बोझ न होकर स्वाभाविक होना चाहिए।

एमओयू के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत समस्त शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षक एवं विद्यार्थियों के जीवन में आंतरिक आनंद के महत्व एवं विद्यार्थियों में मानवीय जीवन मूल्य संवर्धन के लिए अभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। आनंद के विषय में ज्ञान और संसाधन के रूप में उचित प्लेटफॉर्म तैयार कर दीर्घकालिक प्रयास किए जाएंगे। दोनों उपक्रमों के मध्य आनंद विषयक शोध कार्यों को बढ़ाने के लिए एक-दूसरे का सहयोग मिलेगा। यह कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाएगा।

# जल दर्पण पोर्टल कॉल सेंटर शुरू

**भोपाल,** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने 'जल दर्पण पोर्टल' तथा फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली कॉल-सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में पेयजल योजनाओं की निगरानी और हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। श्रीमती उइके ने कहा कि यह पोर्टल और कॉल-सेंटर हितग्राहियों को अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेंगे। इससे न केवल शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा, बल्कि योजनाओं की जमीनी हकीकत से भी विभाग अवगत होगा। इससे कार्यों में पारदर्शिता आयेगी, जवाबदेही और सेवा गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकसित यह पोर्टल जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजनाओं की कवरेज और कार्यशीलता की वास्तविक समय में निगरानी करने, हितग्राहियों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करने, सेवा वितरण की गुणवत्ता मापने, समस्याओं की पहचान करने और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

राज्य स्तर पर स्थापित यह कॉल-सेंटर नल से जल आपूर्ति की नियमितता, मात्रा और गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण सेवा मापदंडों का मूल्यांकन करेगा। यह सिस्टम अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ग्रामीण जल संरचना को मजबूत करेगा और नागरिक संतुष्टि को प्राथमिकता देगा।

# अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्त एक्शन लें पुलिस अधिकारी

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए और की जा रही कार्रवाई का नियमित प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में सामान्य अपराधों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में सख्त एक्शन लिया जाए। जो पुलिस अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं करेंगे, वे अधिकारी मैदान में नहीं दिखेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केंद्रों पर विशेष सावधानी की आवश्यकता है। स्कूल और कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शिक्षण केंद्र स्तर पर अराजक तत्वों को रोकने की पुख्ता कार्रवाई के लिये नजदीकी थाने में तत्काल सूचना दें। छेड़खानी करने वाले युवकों को शिक्षण केंद्र के स्तर पर भी बिल्कुल नहीं बख्शा जाए। पुलिस द्वारा ऐसे दर्ज मामलों में निरीक्षण के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाए। सायबर अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एक्शन लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नए आपराधिक कानून के संबंध में क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया।

# नई शिक्षा नीति केवल एक दस्तावेज नहीं सांस्कृतिक चेतना का माध्यम है

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित नीति संवाद-2025 श्रृंखला के अंतर्गत सशक्त भारत और समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए मूल्य-आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित संवाद श्रृंखला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औपनिवेशिक उद्देश्यों से लागू लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति के दुष्प्रभावों से समाज और आगामी पीढ़ी को मुक्त कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई। यह गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश इसके प्रावधानों को क्रियान्वित करने में देश में अग्रणी रहा। यह शिक्षा नीति केवल एक दस्तावेज नहीं अपितु भारत की सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उसे अपने गौरव का बोध कराना भी है। भारतीय ज्ञान परम्परा व्यक्तिगत प्रसंगों से नैतिक मूल्यों को विद्यार्थियों में विकसित करने को विशेष महत्व देती है।

पन्ना धाय और रानी दुर्गावती जैसे ऐतिहासिक प्रसंगों का समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसी प्रेरणादायक शिक्षाओं को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में शामिल करना आवश्यक है। वरिष्ठ शिक्षा विचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि संस्कार और जीवन मूल्य ही व्यक्ति में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। मनुष्य को हिंसा, अशिक्षा और विकार से मुक्त कर, समाज में सद्भाव, समता और एकता का वातावरण निर्मित कर अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल और लोक सेवक मध्यप्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं। सम्पूर्ण टीम का यह प्रतिबद्ध प्रयास मध्यप्रदेश को विश्व के मस्तक पर हीरे के रूप में चमकाएगा।

# कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन को लेकर समत्व भवन में सम्पन्न समीक्षा बैठक में कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेहूं उपार्जन के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेहूं उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित हुआ है।

# वक्फ बोर्ड के भवन का नाम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर होगा

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में कहा कि राज्य के वक्फ बोर्ड का नया भवन भोपाल में बनेगा। भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ दान की सम्पत्ति है। दान की सम्पत्ति का उपयोग समाज हित में होना चाहिए। नये वक्फ कानून में यही संशोधन किया गया है। कानून पहले की विकृतियों को दूर करता है। वक्फ कानून के माध्यम से वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखना सुनिश्चित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की विश्व भर में सराहना हो रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का अरब देशों जैसे कतर, सऊदी अरब, इराक, ईरान आदि देशों में सम्मान भारत का सम्मान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहरी दुश्मन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में देश के सभी दल और नेता एकजुट हो गए हैं। यह हिन्दुस्तान की खूबसूरती है। जाने-अनजाने में वर्ष1947



में देश विभाजन में भारत छोड़कर पाकिस्तान गए लोगों को वहां मुहाजिर कहते हैं और उनके हालात खराब हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को चतुर, स्वार्थी, चालाक लोगों से सावधान रहना चाहिए।

**मध्यप्रदेश का वक्फ बोर्ड है आदर्श बोर्ड**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड देश का आदर्श वक्फ बोर्ड है। उन्होंने इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, बोर्ड के चेयरमैन श्री सनवर पटेल और विभागीय अधिकारियों की सराहना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभाग के अधिकारियों को समाज के हित में योजनाओं को बनाने के लिए कहा। योजनाओं में 60 प्रतिशत केंद्र का अंश मिलता है और 40 प्रतिशत का योगदान राज्य करता है। उन्होंने कहा कि राज्य का 40 प्रतिशत योगदान हम देंगे, अधिकारी योजनाएं तैयार करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों के वेतन-भत्तों के भुगतान में आ रही कठिनाई का निराकरण करने के लिए भी आश्वस्त किया।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य नवीन संशोधन अधिनियम के तहत प्रावधानित राष्ट्रीय पोर्टल पर समस्त वक्फ सम्पत्तियों को पंजीकृत करने में सहयोग दे रहा है। इस प्रकार की पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

### शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए उपलब्ध कराएं हॉस्टल

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित 'सखी-निवास' सुविधा का विस्तार उन औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए, जहां महिला कर्मचारी अधिक संख्या में हैं। बालिकाओं और महिलाओं को रोज़गारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं।

### तय समय पर पूरी हों सभी वृहद परियोजनाएं

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रालय में जल संसाधन विभाग की वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की 126 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सभी विकास परियोजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति में गति लायी जाए और हर स्तर पर नियोजन की स्पष्टता हो। परियोजनाओं की सफलता का मूल मंत्र समर्पण, पारदर्शिता और समय प्रबंधन है। उन्होंने कहा कि अधूरी अथवा लंबित परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य में तेजी लायी जाए, जिससे जनहित में समय रहते लाभ पहुंचाया जा सके।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**

# नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के 850 पद स्वीकृत

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मंत्रि-परिषद ने नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के लिये एक वर्ष के लिए 850 पदों की स्वीकृति प्रदान की है। बैठक में पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किये जाने का निर्णय लिया गया। पचमढ़ी नगर का नजूल क्षेत्र जिसका रकबा 395.931 हेक्टेयर है, जो साडा के प्रशासनिक नियंत्रण में है। इसे पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व अधिसूचना 22 दिसम्बर 2017 द्वारा पचमढ़ी अभयारण्य की परिधि पर स्थित 11 ग्रामों को अभयारण्य से बाहर किया और कुछ ग्रामों को इन्क्लोजर में रखा गया है।

मंत्रि-परिषद द्वारा पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50-50 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि दिये जाने का अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पैरा-ओलम्पिक-2024 में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 50 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जिससे कुल सम्मान राशि 1 करोड़ रुपये हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा पैरा-ओलम्पिक खिलाड़ी सुश्री रूबिना फ्रांसिस और श्री कपिल परमार को पैरा-ओलम्पिक खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 1 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की थी। फ्रांस के पेरिस में आयोजित पैरा-ओलम्पिक खेल, 28 अगस्त से 8 सितंबर 2024 में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी सुश्री रूबिना फ्रांसिस ने शूटिंग खेल में कांस्य पदक एवं श्री कपिल परमार ने ब्लाइंड जूडो खेल में कांस्य पदक अर्जित किया था।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई*

### राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन

मंत्रि-परिषद द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 'राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल' का गठन करने के निर्णय को स्वीकृति दी गई। राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल को पेंशन प्रकरणों के निराकरण से संबंधित समस्त प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया जायेगा। संभागीय और जिला स्तर के कार्यालयों तथा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की सुविधा के लिए अस्थायी रूप से 2 वर्ष के लिए वर्तमान संभागीय और जिला पेंशन कार्यालयों को पेंशन समाधान केन्द्र के रूप में सीमित संरचना के साथ रखा जायेगा।

- पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किये जाने का निर्णय।
- पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि दिये जाने का अनुमोदन।
- पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन।

पदों का युक्तियुक्तकरण किया जायेगा। इससे राज्य शासन पर अनावर्ती व्यय भार 5 करोड़ रुपये होगा।

### आपूर्ति और नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा नवगठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी। तीन जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 16 पद और 4 जिलों में नाप-तौल कार्यालय के लिए कुल 13 पदों की स्वीकृति दी गयी।

स्वीकृति अनुसार मऊगंज, मैहर और पांढुर्णा में जिला आपूर्ति अधिकारी का 1-1 पद, सहायक आपूर्ति अधिकारी के 1-1 पद, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के मऊगंज में 2 और मैहर, पांढुर्णा में 1-1 पद, लेखापाल का 1-1 पद एवं भृत्य का 1-1 पद स्वीकृत किया गया। कार्यालय नाप-तौल के लिए नवगठित जिला निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में निरीक्षक का 1-1 पद, सहायक ग्रेड-3 के 1-1 पद, श्रम सहायक के मऊगंज में 2 पद एवं मैहर, पांढुर्णा और निवाड़ी में 1-1 पद की स्वीकृति दी गयी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

**फैक्ट फाइल**

**वेव्स समिट 2025 मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित हुई**


# विश्व बाजार से जुड़ने का बेहतर और सरल माध्यम है वेव्स बाजार

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स-2025) बाजार एक नया ऑनलाइन बाजार है। यह वैश्विक मनोरंजन उद्योग व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ता है। विगत दिनों नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा 27 जनवरी, 2025 को लॉन्च किया गया था। इस वर्ष वेव्स समिट 1-4 मई, 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित की गई। इस वैश्विक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों ने सहभागिता की है।

वेव्स बाजार वैश्विक मीडिया और मनोरंजन उद्योग में क्रांति ला रहा है। यह पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जुड़ने, सहयोग करने और आगे बढ़ने के लिए एक गतिशील डिजिटल बाजार प्रदान करता है। फिल्म और गेमिंग से लेकर संगीत और विज्ञापन तक विविध क्षेत्रों में अवसरों के साथ-साथ यह सहज नेटवर्किंग और व्यावसायिक लेन-देन को सक्षम बनाता है। खरीदारों और विक्रेताओं दोनों की सेवा करते हुए, वेव्स बाजार वैश्विक मनोरंजन विनिमय और रचनात्मक सहयोग के एक नए युग के लिए मंच तैयार कर रहा है।

### वेव्स बाजार- एक वैश्विक मार्केटप्लेस

वेव्स बाजार एक अनूठा ई-बाजार है जो फिल्म, टेलीविजन, एनीमेशन, गेमिंग, विज्ञापन, एक्सआर, संगीत, ध्वनि डिजाइन, रेडियो सहित मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाता है। यदि कोई कंटेंट क्रिएटर जो सहयोगियों की तलाश कर रहा हो, कोई व्यवसाय सही प्लेटफॉर्म की तलाश कर रहा हो, कोई डेवलपर निवेशकों की तलाश कर रहा हो, या कोई कलाकार जो वैश्विक दर्शकों के सामने अपना काम दिखाना चाहता हो, वेव्स बाजार नेटवर्क बनाने, सहयोग करने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एक गतिशील स्थान प्रदान करता है।




### वेव्स बाजार के भाग

**वेव्स बाजार को कई वर्टिकल में बनाया गया है, जिनमें से प्रत्येक को मीडिया और मनोरंजन उद्योग के एक विशिष्ट खंड को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इनमें शामिल हैं-**

**फिल्म और टीवी, वेब सीरीज-** अपने कंटेंट को दिखाने के लिए वैश्विक वितरकों, ओटीटी प्लेटफॉर्म और फेस्टिवल प्रोग्रामर से जुड़ सकते हैं।

**गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स -** निवेशकों, खरीदारों और प्रकाशन प्लेटफॉर्म के सामने गेम कॉन्सेप्ट, आईपी और एसेट्स प्रस्तुत कर सकते हैं।

**एनिमेशन और वीएफएक्स-** विविध रचनात्मक परियोजनाओं के लिए शीर्ष स्तरीय एनिमेशन और वीएफएक्स सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

**कॉमिक्स-ई-बुक्स-** बड़े स्तर पर दर्शकों तक पहुंचने के लिए स्टोरीबोर्ड, प्रकाशन और सामग्री निर्माण का विपणन किया जा सकता है।

**रेडियो और पॉडकास्ट-** स्वतंत्र ऑडियो क्रिएटर्स को सुरक्षित करने और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए सशक्त बन सकते हैं।

**संगीत और ध्वनि-** इसके द्वारा लाइसेंसिंग के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है और संगीत उत्पादन, ध्वनि डिजाइन आदि पर सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

**लाइव इवेंट और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग-** लाइव इवेंट के माध्यम से प्रायोजन, ब्रांड साझेदारी और दर्शकों की सहभागिता बढ़ाई जा सकती है।

### वेव्स बाजार से कैसे जुड़ें

इसके लिए वेबसाइट wavesbazaar.com पर विजिट करें और प्लेटफॉर्म को एक्सप्लोर करें। साइन अप करें और अपना प्रोफाइल बनाएं- अवसरों की पूरी श्रृंखला तक पहुंचने के लिए खरीदार, विक्रेता या निवेशक के रूप में पंजीकरण कराएं। सेवाओं या प्रोजेक्ट की जरूरतों को सूचीबद्ध करें- अपने काम को प्रदर्शित करें या व्यावसायिक रुचियों के अनुरूप उपलब्ध लिस्टिंग देखें। उद्योग से जुड़े लोगों के साथ नेटवर्क बनाएं, मीटिंग शेड्यूल करें।

### विभिन्न व्यवसायियों के लिए वेव्स बाजार

वेव्स बाजार रचनात्मक उद्योग से जुड़े खरीदारों और विक्रेताओं दोनों के लिए खुला है। नवीन कंटेंट और सेवाओं की तलाश करने वाले व्यवसायी और व्यक्ति से जुड़ने के लिए खरीदार के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। वेव्स बाजार में शामिल होने के लिए कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है।

### विक्रेता के लिए दिशा-निर्देश

सेलर के रूप में पंजीकरण करने के लिए, वेव्स बाजार वेबसाइट पर वेव सेलर साइनअप पेज पर जाएं। अपने और अपनी सेवाओं के बारे में आवश्यक जानकारी पंजीकरण फॉर्म भरें। पंजीकृत होने के बाद, आप अपने प्रोजेक्ट को प्रदर्शित करने और संभावित ग्राहकों से जुड़ने के लिए एक प्रोफाइल बना सकते हैं।

### बायर के तौर पर वेव्स बाजार से जुड़ें

खरीदार के रूप में पंजीकरण करने के लिए, वेव्स बाजार वेबसाइट पर वेव बायर साइनअप पेज पर जाएं। आवश्यक विवरण देकर साइन अप करें। पंजीकरण के बाद, आपको रचनात्मक प्रोजेक्ट और सेवाओं की एक विविध श्रेणी तक पहुंच हासिल होगी, जिससे आप विक्रेताओं से सीधे जुड़ सकेंगे।

***शशांक मणि पांडे***

*(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)*




टिम फ्रीडे

## एंटी वेनम बनाने के लिए सांपों से खुद को कटवाया



कैलिफोर्निया के टिम फ्रिडे के रक्त में ऐसी एंटीबॉडी पाई गई, जो 19 विषैले सांपों के काटने से सुरक्षा दे सकती है। फ्रीडे की इस खासियत के बारे में जब इम्यूनोलॉजिस्ट जैकब ग्लेनविले को पता चला तो फ्रीडे को उन्होंने शोध का हिस्सा बना लिया। एंटी वेनम विकसित कर रही ग्लेनविले और उनकी रिसर्च टीम को फ्रीडे ने 40 मिलीलीटर रक्त का नमूना दिया। आठ साल के बाद ग्लेनविले और कोलंबिया विवि की रिसर्च टीम इस नतीजे पर पहुंची कि फ्रीडे की एंटीबॉडी से बना एंटी वेनम 19 प्रजातियों के जहरीले सांपों के काटने पर जीवन रक्षा कर सकता है।

एलन मस्क

## स्पेस-एक्स की लॉन्च साइट को मिला शहर का दर्जा



एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेस-एक्स की टेक्सास स्थित लॉन्च साइट अब एक आधिकारिक शहर बन गई है, जिसे स्टारबेस नाम दिया गया है। पिछले सप्ताह हुए मतदान में ज्यादातर लोगों ने इस नए शहर के गठन का समर्थन किया। यह फैसला मस्क के 2021 से चले आ रहे उस सपने को साकार करता है, जिसमें वह इस क्षेत्र को एक अलग नगर पालिका के रूप में देखना चाहते थे। अब स्पेस-एक्स को अपने रॉकेट मिशनों में और सहूलियत मिलेगी।

नेहा सिन्हा

## बनाई स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक



पंचकुला की 12वीं की छात्रा नेहा सिन्हा ने दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए 'स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक' विकसित की है। यह स्टिक रडार तकनीक का उपयेग करके सामने आने वाली बाधाओं के बारे में पहले से ही अलर्ट कर देती है। नेहा को इस नवाचार के लिए हाल ही में स्टार्ट अप महाकुंभ में 'फ्यूचर प्रेन्योर चैलेंज' में प्रथम स्थान मिला।

मधुसूदन साई

## फिजी का सर्वोच्च सम्मान मिला



कर्नाटक के मानवतावादी व आध्यात्मिक शिक्षक मधुसूदन साई को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। फिजी के राष्ट्रपति रतु नाइकामा लालाबलावु ने उनके आवास पर आयोजित एक समारोह में साई को कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी सम्मान प्रदान किया। उनसे पहले राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को यह सम्मान दिया जा चुका है। श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार साई को यह सम्मान फिजी में श्री सत्य साई संजीवनी चिल्ड्रंस हॉस्पिटल की स्थापना के लिए दिया गया है।

पासांग त्शेरिंग भूटिया

## माने जाते हैं याक के प्रहरी



याक सिक्किम की 'जीवन रेखा' है। राज्य पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक पासांग त्शेरिंग भूटिया को याकों का सबसे बड़ा प्रहरी माना जाता है। भूटिया 1987 से याक संरक्षण संवर्धन पर काम कर रहे हैं। एक समय नॉर्थ सिक्किम में सिर्फ चार हजार याक बचे थे। लेकिन भूटिया के प्रयासों से इनकी संख्या 7 हजार तक पहुंचने वाली है।

लेफ्टिनेंट कमांडर दिव्या शर्मा

## नौसेना की पहली महिला उड़ान प्रशिक्षक बन इतिहास रचा



अंडमान और निकोबार कमान में एक विशिष्ट नौसैन्य वायु स्क्वाड्रन की डोर्नियर पायलट लेफ्टिनेंट कमांडर दिव्या शर्मा भारतीय नौसेना की योग्य उड़ान प्रशिक्षक बनने वाली पहली महिला बन गई हैं। जानकारी के अनुसार 'आईएनएस उत्क्रोश' पर आईएनएएस 318 की डोर्नियर पायलट लेफ्टिनेंट कमांडर दिव्या शर्मा ने भारतीय नौसेना की पहली महिला योग्य उड़ान प्रशिक्षक के रूप में इतिहास रच दिया। ज्ञात रहे कि आईएनएस उत्क्रोश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में एक नौसैन्य हवाई स्टेशन है। स्क्वाड्रन ने अपनी यात्रा आइलैंडर विमान को शामिल करने के साथ शुरू की थी, जिसकी जगह 1999 में डोर्नियर विमान ने ली थी। डोर्नियर विमान अत्याधुनिक समुद्री गश्ती रडार का उपयोग करके लंबी दूरी तक समुद्री निगरानी करने में सक्षम है।

माइक वाल्ट्ज

## यूएन में अमेरिकी राजदूत होंगे



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि वह माइक वाल्ट्ज को अमेरिका का नया संयुक्त राष्ट्र राजदूत बना रहे हैं। वाल्ट्ज अभी तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को एनएसए की भी जिम्मेदारी दे दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, वाल्ट्ज जल्दी ही पोस्ट छोड़ने वाले थे। यह ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहला बड़ा बदलाव है। फ्लोरिडा से पूर्व संसद वाल्टज ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में व्हाइट हाउस छोड़ने वाले पहले सीनियर अफसर हैं। ट्रंप ने पहले कार्यकाल में चार एनएसए बदले थे।

लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा

## उत्तरी कमान के कमांडिंग-इन-चीफ का कार्यभार संभाला



लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने पिछले सप्ताह सेना की उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार का स्थान लिया, जिन्होंने 30 अप्रैल को सेना में अपना चार दशक का कार्यकाल पूरा किया। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला, भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून और रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1987 में मद्रास रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था। उनके पास समृद्ध परिचालन अनुभव भी है, उन्होंने नियंत्रण रेखा पर एक पैदल सेना बटालियन, ब्रिगेड और डिवीजन की कमाल संभाली है, इसके अलावा पश्चिमी क्षेत्र में एक स्ट्राइक कोर की भी कमान संभाली है। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र मिशन में स्टाफ ऑफिसर के रूप में भी काम किया है और सेना मुख्यालय में सैन्य संचालन निदेशालय और सैन्य सचिव शाखा में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

विनोद सिंह गुंजियाल

## बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बने



बिहार के नए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने पिछले सप्ताह पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर निर्वाचन विभाग में निवर्तमान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री श्रीनिवास के कार्यकाल में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और कुशलतापूर्वक संपन्न कराने में उनके योगदान की सराहना की। नव पदस्थापित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद निर्वाचन कार्यों की प्राथमिकताओं और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 की तैयारियों के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

ए पिकासो

## अनोखे खोल वाला नया सूक्ष्म घोंघा खोजा गया



दक्षिण-पूर्व एशिया में घोंघों की विविधता पर रिसर्च कर रही एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने एक बेहद छोटा और अनोखे खोल वाला नया घोंघा खोजा है। इसकी लंबाई सिर्फ 3 मिमी है, यानी एक मध्यम चावल के दाने से भी आधा। इस घोंघे को मशहूर चित्रकार पाब्लो पिकासो के नाम पर ए पिकासो नाम दिया गया है। यह घोंघा अनौचेन जीन्स से है और इसके खोल की आकृति आयताकार कोणों वाली है। इसकी बनावट इसे अन्य गोल खोल वाली प्रजातियों से अलग बनाती है।

जलयान 'हुल 096'

## दुनिया का सबसे लंबा इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च




ऑस्ट्रेलियाई बोट बिल्डर इकैट ने हाल ही में दुनिया का सबसे बड़ा बैटरी-चालित जलयान 'हुल 096' (चाइना जोरिल्ला) लॉन्च किया है। यह केवल जहाज नहीं बल्कि 130 मीटर लंबा दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन भी है। यह दक्षिण अमेरिका के मोंटेवीडियो, उरुग्वे के शहरों व अर्जेंटीना की राजधानी के बीच फेरी सेवा देगा। इसकी क्षमता करीब 2,100 यात्रियों और 225 वाहनों की है। इसमें 250 टन बैटरियों से चलने वाली 40 मेगावॉट घंटे का एनर्जी स्टोरेज सिस्टम है। इसमें 2,300 वर्गमीटर का ड्यूटी-फ्री डेक भी बन रहा है।

हंगरी में

## 3,400 साल पुराने अवशेष मिले



हंगरी की पश्चिमी सोम्लो पहाड़ी पर पुरातत्वविदों ने 3,400 साल पुराने धातु के सैकड़ों अवशेष खोजे हैं। लेजर तकनीक और फील्डवर्क के जरिए की गई इस खोज में पता चला कि यहां 15वीं सदी ईसा पूर्व में रह रहे लोगों ने कम से कम छह धातु भंडार छिपाए थे। एक साल की खुदाई में रिसर्चर्स ने मेटल डिटेक्टर की मदद से 300 से ज्यादा वस्तुएं खोजीं। इनमें गहने, सैन्य सजावट और हथियार शामिल हैं। सबसे पुराने अवशेष 1400 से 1300 ईसा पूर्व के हैं, जबकि ज्यादातर वस्तुएं 1080 से 900 ईसा पूर्व की हैं।

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू

## 15 घंटे तक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिकॉर्ड बनाया



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगभग 15 घंटे तक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दावा किया जा रहा है कि उन्होंने 2019 में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की 14 घंटे की प्रेस वार्ता का रिकॉर्ड तोड़ एक नया रिकॉर्ड कायम किया। कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति मुइज्जू ने पत्रकारों और आम जनता द्वारा पूछे गए सैंकड़ों सवालों के जवाब दिए।

अमितेश कुमार सिन्हा

## भारत सेमीकंडक्टर मिशन के सीईओ नियुक्त



अमितेश कुमार सिन्हा को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, आईएसएम ने पिछले सप्ताह इसकी घोषणा की। सिन्हा, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया था, वे आईएसएम में सुशील पाल का स्थान लेंगे। सिन्हा पहले भी आईएसएम के सीईओ रह चुके हैं। इससे पहले वे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव भी रह चुके हैं। वे सेमिकॉन इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से मोबाइल, आईटी हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के नीति निर्माण और संवर्धन के लिए बेहतर जिम्मेदारी से कार्यरत रहे।

# स्मृति शेष

## भारत के पूर्व शूटिंग कोच सन्नी थॉमस का हुआ निधन



भारत के पूर्व शूटिंग कोच प्रो. सन्नी थॉमस का 84 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उन्होंने केरल के कोट्टायम में उझावूर में आखिरी सांस ली। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित थॉमस ने लगभग दो दशकों तक भारतीय राष्ट्रीय निशानेबाजी टीम के कोच के रूप में सेवाएं दी और इस खेल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 1993 से 2012 तक उनके कार्यकाल में भारत ने ओलिंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि अभिनव बिंद्रा का 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतना रहा।

## दुनिया की सबसे उम्रदराज इनाह कैनाबारो का निधन



दुनिया की सबसे उम्रदराज इंसान ब्राजील की नन इनाह कैनाबारो लुकस का 116 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। नन लुकस का जन्म 1908 में हुआ था और वह 26 वर्ष की उम्र में नन बनी थीं। इस वर्ष की शुरुआत में जापान की टोमिको इतूका (116) के निधन के बाद वह दुनिया की सबसे उम्रदराज इंसान बनी थीं।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

**क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1544**

# कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग
## जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल : mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

## निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक- 603/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग** **भोपाल, दिनांक : 01.05.25**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 16.05.2025 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_393523 | छोटी उतावली मध्यम सिंचाई परियोजना में पर्यावरण प्रभाव का आकलन बावत। | बुरहानपुर | 11.36 |
| 2. | 2025_WRD_412165 | आवासीय कार्यालय, माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, भोपाल एवं कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल में स्थित डेजर्ट एयर कूलर्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 4.58 |
| 3. | 2025_WRD_413554 | गुलबाडा (नहर रहित) लघु सिंचाई योजना के सर्वेक्षण का कार्य। | रायसेन | 1.22 |
| 4. | 2025_WRD_413555 | गुटोरी लघु सिंचाई योजना के सर्वेक्षण का कार्य। | रायसेन | 1.03 |
| 5. | 2025_WRD_413556 | गुण नियंत्रण शाखा की मुख्य प्रयोगशाला के दैनिक परीक्षण एवं रखरखाव एवं क्वालिटी कंट्रोल तथा डिविजन ऑफिस कम्पाउन्ड का कार्य। | रायसेन | 5.90 |
| 6. | 2025_WRD_414092 | देजला देवड़ा एवं अम्बकनाला जलाशयों के 06 जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 7. | 2025_WRD_414096 | उपसंभाग, मंडलेश्वर एवं सेगांव के 04 नग जलाशयों के 08 जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.39 |
| 8. | 2025_WRD_414454 | ढूटी बार्यी तट नहर प्रणाली की बड़गांव मायनर नं. 02 के चैन क्र. 0 से 114 के मध्य जंगल सफाई, सिल्ट क्लियरेंस एंव बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 2.78 |
| 9. | 2025_WRD_414456 | ढूटी बार्यी तट नहर प्रणाली की कोतरी मायनर के चैन क्र. 0 से 125 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.37 |
| 10. | 2025_WRD_414458 | ढूटी बार्यी तट नहर प्रणाली के बेनेगांव वितकर के चैन क्र. 65 से 96 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 2.80 |
| 11. | 2025_WRD_414460 | ढूटी बार्यी तट नहर प्रणाली के वाराफिडर नहर के चैन क्र. 65 से 225 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.79 |
| 12. | 2025_WRD_414462 | ढूटी बार्यी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 348 से 358 एवं 630 से 650 के नहर तल में जमा मिटटी निकालने का कार्य एवं बायें पार्श्व में बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 4.17 |
| 13. | 2025_WRD_414463 | ढूटी बार्यी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 0 से 03 एवं डाउनस्ट्रीम चैन क्र. 03 से 10 तक नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य। | बालाघाट | 3.87 |
| 14. | 2025_WRD_414464 | ढूटी बार्यी तट मुख्य नहर के चैन मगदर्रा वितरक नहर में जमा मिट्टी निकालने एवं दोनों बैंक के पार्श्व का बैंक रेजिंग कार्य। | बालाघाट | 3.63 |
| 15. | 2025_WRD_414720 | उपसंभाग बालाघाट के मध्यम टेंकों के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 0.96 |
| 16. | 2025_WRD_414748 | उपसंभाग लांजी के कुल 34 माइनर टेंकों के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 1.95 |
| 17. | 2025_WRD_414762 | बैहर संभाग के कुल 63 माइनर टेंकों के स्लूस गेटों का वार्षिक मरम्मत व रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 3.94 |
| 18. | 2025_WRD_414978 | उमरिया जिले के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत व रखरखाव कार्य। | रीवा | 3.00 |
| 19. | 2025_WRD_414979 | धनवाही व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों होइस्ट असेम्बली एवं अन्य सम्बद्ध संयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रीवा | 2.08 |
| 20. | 2025_WRD_414980 | बसाढ़ व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों होइस्ट असेम्बली एवं अन्य सम्बद्ध संयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रीवा | 1.00 |
| 21. | 2025_WRD_414981 | शहडोल के ब्यौहारी विकासखण्ड के 11 नग जलाशयों के 15 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.15 |
| 22. | 2025_WRD_414982 | अनूपपुर राजेन्द्रग्राम विकासखण्ड के 26 नग जलाशयों के 32 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 3.04 |
| 23. | 2025_WRD_414983 | अनूपपुर जिले के कोतमा विकासखण्ड के 09 नग जलाशयों के 10 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.00 |
| 24. | 2025_WRD_414985 | अनूपपुर के जैतहरी विकासखण्ड के 15 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.02 |
| 25. | 2025_WRD_414987 | सीधी के जलाशयों एवं बांधों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.56 |
| 26. | 2025_WRD_414988 | सिंगरौली के जलाशयों एवं बांधों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.68 |
| 27. | 2025_WRD_414989 | सीधी एवं सिंगरौली के मध्यम (बरचर एवं माढ़ी) के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 0.65 |
| 28. | 2025_WRD_414991 | मैहर के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 3.65 |
| 29. | 2025_WRD_414992 | कोठी एवं सतना सर्वेक्षण उपसंभाग के बांधों एवं जलाशयों के जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.40 |
| 30. | 2025_WRD_414993 | नागौद उपसंभाग जलाशयों के स्लूस जलद्वारों की मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.55 |
| 31. | 2025_WRD_414994 | मउगंज के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रीवा | 3.70 |
| 32. | 2025_WRD_414995 | रीवा के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रीवा | 1.72 |
| 33. | 2025_WRD_415135 | उपसंभाग जावद के 27 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 8.90 |
| 34. | 2025_WRD_415136 | उपसंभाग रामपुरा के 12 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 4.54 |
| 35. | 2025_WRD_415137 | रामपुरा रिंग बण्ड पर श्रमिक प्रदाय करने का कार्य। | नीमच | 3.07 |
| 36. | 2025_WRD_415138 | उपसंभाग रामपुरा के पडदा, अमरपुरा तालाब एवं देवरी सोमिया स्टापडेम का मरम्मत एवं रिपेयर कार्य। | नीमच | 8.51 |
| 37. | 2025_WRD_415338 | शहडोल जयसिंहनगर विकासखण्ड के 11 नग जलाशयों 17 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.25 |
| 38. | 2025_WRD_415339 | शहडोल के सोहागपुर विकासखण्ड के 18 नग जलाशयों 23 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.75 |
| 39. | 2025_WRD_415340 | शहडोल के बुढ़ार एवं गोहपारू विकासखण्ड के 30 नग जलाशयों के 33 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.68 |
| 40. | 2025_WRD_415691 | भीकारखेडी तालाब की मुख्य नहर का मिट्टी, पक्के कार्य एवं लाइनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.22 |
| 41. | 2025_WRD_415695 | डेहरी नं. 02 तालाब की नहर लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.24 |
| 42. | 2025_WRD_415698 | गाडी गलतार तालाब के स्टील फ्लुम विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.19 |
| 43. | 2025_WRD_415842 | दिग्घा नं. 01 लघु जलाशय की बंड का मरम्मत एवं जंगल सफाई का कार्य। | बालाघाट | 1.34 |
| 44. | 2025_WRD_415844 | चिखला जलाशय नं. 01 की नहर एल.बी.सी. के 0 से 39.00 मध्य नहर में जमा मिट्टी एवं झाड़ियों की सफाई एवं नहर के पार्श में लगे होल का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 1.44 |
| 45. | 2025_WRD_415845 | चिखला जलाशय नं. 01 की पार के 0 से 20.00 मध्य रेनकट भराई एवं झाड़ियों की सफाई कार्य। | बालाघाट | 1.99 |
| 46. | 2025_WRD_415847 | ढूंटी बार्यी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 1220 से 1230, 1301 से 1310 एवं 1358 से 1368 के मध्य नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य एवं बायें पार्श्व में बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 3.79 |
| 47. | 2025_WRD_415849 | ढूंटी बार्यी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 780 से 795 एवं 1020 से 1030 के मध्य नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य एवं बायें पार्श्व में बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 3.71 |
| 48. | 2025_WRD_416112 | विभिन्न कार्यालयों हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | बालाघाट | 10.26 |
| 49. | 2025_WRD_416407 | मैना तालाब की नहर की पाइप बदलने एवं पुलिया निर्माण कार्य। | सीहोर | 2.66 |
| 50. | 2025_WRD_416421 | सिद्दीकगंज तालाब के वेस्ट वीयर मरम्मत कार्य। | सीहोर | 2.13 |
| 51. | 2025_WRD_416960 | दलीपुर बैराज का सर्वे कार्य। | छतरपुर | 0.50 |
| 52. | 2025_WRD_416971 | सेमरी परियोजना उपसंभाग बेगमगंज के 07 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 2.06 |
| 53. | 2025_WRD_416973 | उपसंभाग गैरतगंज के निर्मित 23 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 7.10 |
| 54. | 2025_WRD_416974 | अपर पलकमती शीर्ष कार्य उपसंभाग सुल्तानपुर के 18 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 8.48 |
| 55. | 2025_WRD_416975 | उपसंभाग देवरी के 18 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 7.42 |
| 56. | 2025_WRD_416976 | उपसंभाग औबेदुल्लागंज के 17 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 3.70 |
| 57. | 2025_WRD_416978 | सिंहपुर बैराज सिंचाई परियोजना में विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.92 |
| 58. | 2025_WRD_416979 | कुटनी पोषाक बांध में विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.68 |
| 59. | 2025_WRD_416980 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना पर विद्युतीय अवयवों के प्रदाय सहित स्थापना एवं अन्य कार्य। | सागर | 16.56 |
| 60. | 2025_WRD_417249 | उपसंभाग क्र. 1 बुरहानपुर के 17 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | बुरहानपुर | 11.82 |
| 61. | 2025_WRD_417250 | उपसंभाग क्र. 3 नेपानगर के 7 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | बुरहानपुर | 8.10 |
| 62. | 2025_WRD_417485 | उपसंभाग थांदला के 09 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 63. | 2025_WRD_417487 | उपसंभाग पेटलावद के 06 नग जलाशयों के 06 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 64. | 2025_WRD_417521 | बानगंगा जलाशय एवं नहर का सर्वे एवं अनुसंधान 620 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का कार्य। | जबलपुर | 3.62 |
| 65. | 2025_WRD_417582 | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, कार्यालय मुख्य अभियंता (वि./यां.) एवं कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वि./या. मंडल भोपाल में स्थित एयर कंडीशनर्स का सुधार एवं मरम्मत का। | भोपाल | 2.66 |
| 66. | 2025_WRD_417589 | मकड़ाई उपनहर की चैन क्र. 143 पर क्षतिग्रस्त सी.आर. एवं एच.आर. की विंग/रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 4.47 |
| 67. | 2025_WRD_417590 | मकड़ाई उपनहर की चैन क्र. 19.25 पर क्षतिग्रस्त सी.डी. की विंग/रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 6.15 |
| 68. | 2025_WRD_417592 | मकड़ाई उपनहर की सिवनी मालवा माइनर, जमुनिया माइनर एवं 21 एल. माइनर क्षतिग्रस्त एच.आर. की रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.69 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 69. | 2025_WRD_417593 | तवा बायीं तट मुख्य नहर चैन क्र. 2617 पर स्थित मोरण्ड एक्वाडक्ट एवं चैन क्र. 2881 पर स्थित गंजाल एक्वाडक्ट का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 17.82 |
| 70. | 2025_WRD_417594 | राजौरा उपरहर की चैन क्र. 04 एवं 62 पर एवं गाजनपुर उपनहर की चैन क्र. 12, 35 एवं 65 पर 05 नं. क्षतिग्रस्त एच.आर. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 9.82 |
| 71. | 2025_WRD_417595 | गाजनपुर उपनहर की चैन क्र. 27, 38, 157 एवं 168 एवं राजोरा जाट उपनहर चैन क्र. 57, 65, 73, एवं 08 नं. क्षतिग्रस्त फाल का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 9.69 |
| 72. | 2025_WRD_417597 | तवा कालोनी सिवनी मालवा के जी-टाइप एवं एच-टाइप भवन की रूफ कव्हरिंग का कार्य। | नर्मदापुरम् | 8.28 |
| 73. | 2025_WRD_417598 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 90 एवं 160 पर क्षतिग्रस्त फाल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 7.35 |
| 74. | 2025_WRD_417599 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 52 एवं 120 तथा जीजलवाड़ा माइनर की चैन क्र. 180 पर व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 8.29 |
| 75. | 2025_WRD_417600 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 110 एवं जीजलवाड़ा माइनर की चैन क्र. 224 क्षतिग्रस्त एच.आर. का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.29 |
| 76. | 2025_WRD_417602 | रायगढ़ उपनहर की मिट्टी निरखी माइनर की चैन क्र. 93 पर व्ही.आर.बी. एवं 129 पर एच.आर. एवं मलकाखेड़ी माइनर पर चैन क्र. 11, 124, 288 व 333 पर व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 13.94 |
| 77. | 2025_WRD_417908 | मडीखेडा बांध पर डीवाटरिंग के लिए ब्लॉक क्र. 17 की गैलरी में स्थापित 3 नग व्हीटी पम्प की मरम्मत का कार्य करने बावत्। | दतिया | 3.81 |
| 78. | 2025_WRD_417910 | मडीखेडा बांध पर रेडियल गेटों के हाइड्रोलिक सिस्टम का सुधार, मरम्मत एवं ओवरहॉलिंग कार्य। | दतिया | 4.06 |
| 79. | 2025_WRD_417911 | मडीखेडा बांध पर 10 नग रेडियल गेटों 4 नग वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व ऑइलिंग ग्रीसिंग कार्य। | दतिया | 1.79 |
| 80. | 2025_WRD_417912 | अंगूरी बांध पर 6 स्पिल्वे गेटों एवं 3 हेड रेगुलेटर का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | दतिया | 3.28 |
| 81. | 2025_WRD_417913 | अंगूरी बैराज, पहुंच बैराज एवं सभी टैंकों का साधारण मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 2.78 |
| 82. | 2025_WRD_417914 | समोहा पिक अप वियर पर वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 2.72 |
| 83. | 2025_WRD_417915 | मोहिनी पिक अप वियर पर वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 3.39 |
| 84. | 2025_WRD_417916 | मोहिनी पिक अप वियर पर आर.बी.सी. गेटों, फीडर नहर गेटों, क्रॉस रेगुलेटर गेटों, दो-आब एच.आर. गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 1.62 |
| 85. | 2025_WRD_417917 | लालपुर बरूआ पिक अप वियर एवं डुकमा हेड पर वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 1.23 |
| 86. | 2025_WRD_418041 | इटारसी उपनहर अनुविभाग के एच.आर. एवं बाईखेड़ी माइनर नं. 01, रोहना माइनर नं. 03, सावलखेड़ा माइनर नं. 01 व 3, तथा जैतपुर माइनर के मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 7.26 |
| 87. | 2025_WRD_418042 | अस्थायी बंड बनाकर तवा बांध के स्टिलिंग बेसिन को खाली करने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 16.53 |
| 88. | 2025_WRD_418256 | उपसंभाग हटा के स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 5.63 |
| 89. | 2025_WRD_418258 | उपसंभाग दमोह के अधीन के स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 11.97 |
| 90. | 2025_WRD_418259 | उपसंभाग तेंदुखेड़ा/जबेरा के अधीन निर्मित स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 3.63 |
| 91. | 2025_WRD_418260 | जमुनिया जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 10.33 |
| 92. | 2025_WRD_418261 | हरदुवा पांजी जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 2.25 |
| 93. | 2025_WRD_418262 | धनगौर जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 14.76 |
| 94. | 2025_WRD_418295 | उपसंभाग नेपानगर एवं बुरहानपुर के 13 नग जलाशयों के 30 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 95. | 2025_WRD_418298 | उपसंभाग खालवा के 22 नग जलाशयों के 31 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.51 |
| 96. | 2025_WRD_418301 | उपसंभाग जोबट के 06 नग जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.69 |
| 97. | 2025_WRD_418305 | देवास संभाग के 03 नग जलाशयों के 07 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 2.25 |
| 98. | 2025_WRD_418306 | बोरगांव एंव पंधाना संभाग के 09 नग जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.59 |
| 99. | 2025_WRD_418437 | चौराई अंतर्गत सिहोरा से माछागौरा एन.एच. 347 रोड निर्माण में आ रही एल.टी. लाइन शिफ्टिंग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि. कं. लि. प्रोजेक्ट क्र. 819433 का कार्य। | नरसिंहपुर | 17.92 |
| 100. | 2025_WRD_418438 | उपसंभाग करेली के लघु जलाशयों के स्लूस गेटों का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.31 |
| 101. | 2025_WRD_418579 | घोघरा परियोजना उपसंभाग सीहोर अन्तर्गत छतरी बैराज का मरम्मत कार्य। | सीहोर | 5.09 |
| 102. | 2025_WRD_418696 | बारना विस्तारीकरण नेटवर्क की पोषक नहर आर.डी. 2520 मी. पर इनलेट स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | रायसेन | 8.68 |
| 103. | 2025_WRD_418720 | उपसंभाग जबलपुर जिला मध्यम/माइनर जलाशयों के सी.आर. स्केप गेटों का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 2.84 |
| 104. | 2025_WRD_418721 | उपसंभाग कुंडम जिला जबलपुर के मीडियम/लघु टेंकों के स्लूस गेटों का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 0.69 |
| 105. | 2025_WRD_418722 | उपसंभाग जबलपुर उपसंभागीय कार्यालय मेहगांवटोला के कुंडल/बरेला ब्लॉक के टेंकों के स्लूस गेटों (मीडियम/माइनर) का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 0.91 |
| | | | कुल योग | 482.58 |

जी-12357/50909/2025 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा मध्यप्रदेश, भोपाल

### विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों हेतु संविदा सहायक ग्रेड-3 (डाटा एंट्री ऑपरेटर) के पदों हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 8-2/2023आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष अभियान के तहत् दिव्यांगजनों (दृष्टिबाधित (VD)/श्रवणबाधित (ED)/लोकोमोटर डिसेबिलिटी (LD)/बौद्धिक दिव्यांगता (MD)) के लिए संविदा सहायक ग्रेड-3 (डाटा एंट्री ऑपरेटर) पद की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले आवेदक **दिनांक 13.05.2025** को कार्यालयीन समय में संचालक, संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा, 26 किसान भवन, मण्डी बोर्ड परिसर, अरेरा हिल्स, भोपाल में उपस्थित होवें। अन्य जानकारी संचालनालय की वेबसाइट **http://www.pension.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अपर संचालक**
**पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा**

**जी-12350/50908/2025**

## संचालक, ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर म.प्र.

**Email : directorgma@mp.gov.in & gma_gwalior@rediffmail.com**
**Phone No. : 0751 2480263, 2481841**

**क्रमांक 2014-17/स्था./2025** **ग्वालियर, दिनांक : 28.04.2025**

### विज्ञापन सूचना

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-2-15/2022/1/55, भोपाल दिनांक 03.08.2022 द्वारा सृजित/स्थानांतरित, जूनियर रेसीडेन्ट पद, संचालक चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक 1200-02/स्था./राज/2021 दिनांक 24.12.2021 एवं ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला म.प्र. प्रबंध समिति की 58वीं बैठक दिनांक 28.12.2022 में लिए गये निर्णय के परिपालन में जूनियर रेसीडेन्ट के रिक्त पदों पर सीमित समयावधि (Tenure) 3 वर्ष हेतु भरे जाने हेतु, विज्ञप्ति जारी कर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रथम नियुक्ति एक वर्ष हेतु की जावेगी, विभागाध्यक्ष के अनुशंसा एवं स्पष्ट अभिमत पर एक-एक वर्ष कर अधिकतम कुल तीन वर्ष तक आगे बढ़ाई जायेगी। आवेदन कार्यालयीन समय 10:00 AM से 06.00 PM तक संचालक ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला के कार्यालय में प्राप्त किये जावेंगे। तथा साथ ही विभागीय वेबसाइट **https://gwaliormentalhospital.org** पर विस्तृत नियम निर्देश पढ़ सकते हैं।

आवेदन प्रारंभ होने की दिनांक - 07.05.2025
आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक - **20.05.2025**

**संचालक**
**ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला ग्वालियर म.प्र.**

**जी-12428/50911/2025**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग भिण्ड (म.प्र.)

**Website : www.mp.gov.in/pwd.mp Email : eepwdbhind@mp.nic.in**
**Phone : 07534-234714, Fax : 233301**

**क्रमांक 1347/व.ले.लि./2025-26** **भिण्ड, दिनांक 29.04.2025**

### निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 06/2025-26

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन सड़क अनुसूची दर 11.04.2025 एवं विद्युत कार्यों की अनुसूची दर प्रभावशील दिनांक 01.01.2024 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदा में अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 1. उपसंभाग मेहगांव के अंतर्गत निर्माण कार्य सुकाण्ड से बहेरा होते हुये कुटरौली मार्ग लं. 7.00 कि.मी.। (पोल शिफ्टिंग सहित)

| टेण्डर आई.डी. क्र. | अनुमानित लागत (लाखों में) | अग्रिम धरोहर राशि (रुपयों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | आमंत्रण क्रमांक | भौतिक दस्तावेज जमा करने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_420203_1 | 730.70 | 730700.00 | 20000.00 | 14 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम | ऑनलाइन |
| **योग :-** | **730.70** | **(सात करोड़ तीस लाख सत्तर हजार रु. मात्र)** | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक | 01.05.2025 समय 17:30 बजे |
| 2. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक | 01.05.2025 समय 17:30 बजे |
| 3. | निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक | **15.05.2025 समय 17:30 बजे** |
| 4. | ऑनलाइन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक | 01.05.2025 समय 17:30 बजे |
| 5. | ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक | 15.05.2025 समय 17:30 बजे |
| 6. | बिड ओपनिंग दिनांक | 19.05.2025 समय 11:30 बजे |

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेबर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. समस्त जरूरी दस्तावेज ऑनलाइन ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।
f. उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संभाग भिण्ड, मो.नं. 9981044395**

**जी-12383/50910/2025**

## भारत सरकार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय प्रशिक्षण महानिदेशालय

Directorate General of Training

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

### प्रवेश सूचना – सत्र 2025-26

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) तथा प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीओटी) में शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान सत्र 2025-26 पाठ्यक्रमों में प्रवेश, अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) के माध्यम से दिया जावेगा जो दिनांक 15.06.25 को निर्धारित की गई है। देश भर के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जाने वाली सीबीटी (ऑनलाइन) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश हेतु वेबसाइट **www.nimionlineadmission.in** पर दिनांक 08.05.25 से 28.05.25 के बीच आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त लिंक के द्वारा पंजीयन करने से सबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर शासकीय आईटीओटी भोपाल में नीचे दिये गयें नबरों पर संपर्क कर सकते हैं अथवा संस्थान में भौतिक रूप से उपस्थित होकर आने वाली समस्या का निराकरण करवा सकते हैं।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28.05.2025**

**संपर्क - 7879921489, 7415422248, 9479986670, 9039772030**

**वेबसाइट - https://governmentitotbhopal.com**

**जी-12512/50913/2025**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

**ईमेल : ce.tender.wrdmp@gmail.com, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406**

**निविदा सूचना क्रमांक - 1148/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/** **भोपाल, दिनांक : 05.05.2025**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 28.05.2025 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_421327 | विशेष मद अन्तर्गत नंदनपुर तालाब के छतिग्रस्त हेड स्लूस को डिस्मेंटलिंग कर नवीन हेड स्लूस का पुर्ननिर्माण कार्य। | मऊगंज | 32.67 |
| 2. | 2025_WRD_421329 | विशेष मद अन्तर्गत मदराबल तालाब के छतिग्रस्त हेड स्लूस को डिस्मेंटलिंग कर नवीन हेड स्लूस का पुर्ननिर्माण कार्य। | मऊगंज | 20.67 |
| 3. | 2025_WRD_421331 | तवा बांयी तट मुख्य नहर की चैन क्र. 0 से 198 तक के मध्य क्षतिग्रस्त लाइनिंग पेनलों की मरम्मत एवं सीलिंग कम्पाउंड भरने का कार्य। | नर्मदापुरम | 27.97 |
| 4. | 2025_WRD_421332 | चायडीपुरा तालाब का विशेष मरम्मत कार्य। | इन्दौर | 59.53 |
| 5. | 2025_WRD_421345 | कोटेश्वर (इमलीपाड़ा) तालाब के डूब क्षेत्र में स्थित पुराना शिव मंदिर का संरक्षण कार्य। | रतलाम | 49.50 |
| 6. | 2025_WRD_421347 | उज्जैन अन्तर्गत निर्मित विभिन्न बैराजों एवं स्टॉप डेम के गेट वर्षाकाल पूर्व खोलने एवं वर्षाकाल लगाने का कार्य। | उज्जैन | 21.35 |
| 7. | 2025_WRD_421350 | बहुती मुख्य नहर परियोजना बाणसागर के हेड स्लूस पर हेड रेगुलेटर गेट्स - आकार 2.30 मीटर x 5.00 मीटर - 6 नंबर के एम्बेडेड भागों पर स्टेनलेस स्टील फ्लैट्स का प्रदाय, फिटिंग का कार्य, कास्ट स्टील रोलर्स (व्हीलस) की कास्टिंग, मशीनिंग और असेंबली, जलद्वारों के एम्बेडेड भागों और गेट असेंबली के इरेक्शन का कार्य, ट्रेस्टल असेंबली, रेलिंग डेकिंग ट्रैशरैक के निर्माण, प्रदाय एवं इरेक्शन का कार्य, विद्युत चालित रोप ड्रम होइस्ट के डिजाइन ड्राइंग, निर्माण और इरेक्शन का कार्य। | भोपाल | 231.22 |

**जी-12527/50914/2025** **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 01/सेतु/2025-26/का.य.** **भोपाल, दिनांक : 05.05.2025**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. विदिशा जिले में बासौदा से उदयपुर मार्ग में एल.सी. कमांक 293 पर बी.टी. का मरम्मत कार्य।

| टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_421420_1 | विदिशा | पुल कार्य | प्रथम | 19.87 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :**– 2. जिला विदिशा अंतर्गत विदिशा पवई गुलाबगंज मार्ग में रेलवे कि.मी. 926/10-9 पर स्थित एल.सी. क्र. 287 आर. ओ.बी. का बी.टी. मरम्मत कार्य। | | | | | |
| 2025_PWDRB_421423_1 | विदिशा | पुल कार्य | प्रथम | 19.87 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :**– 3. विदिशा जिले में गंजबासौदा शहर में लेबल कासिंग क्रमांक 288 भोपाल गुना सेक्सन में आर.ओ.बी का बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | | | | | |
| 2025_PWDRB_421425_1 | विदिशा | पुल कार्य | प्रथम | 21.54 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| | | | **योग** | **61.28** | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 17.05.2025, (17.30)** बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाइन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन जमा होगें। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-12552/50915/2025** **लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)**

## DEPARTMENT OF CHEMISTRY
## Awadhesh Pratap Singh University
## Rewa (M.P.)-486003

**Ref. No. ......** **Dated : 01.05.2025**

### ADVERTISEMENT

Applications are invited on plain paper with full details etc. for the post of Project Position (JRF) in MPCST Bhopal sponsored research project (No. A/RD/RP-2/416) entitled "Synthesis and characterization..........as an antidiabetic agent". **Qualification :** M.Sc. Chemistry, **Tenure :** 2 years. Last date of receiving application is 18th May 2025. Application should be sent to Dr. Neetu Patel, Department of Chemistry, A.P.S. University, Rewa (M.P.).

**R-50917/2025** **Head**

## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

**टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002**

### ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)

**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/निजी क्षेत्र के पोलीटेकनिक संस्थान)**

**डिप्लोमा आर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश पंजीयन दिनांक 10.05.2025 से प्रारंभ**

| प्रथम चरण | |
|---|---|
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | **10.05.2025 से 01.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक** |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | **02.06.2025 से 03.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक** |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | **15.05.2025 से 05.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक** |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | **06.06.2025** |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | **10.06.2025 से 15.06.2025 सायं 5:00 बजे तक** |
| **प्रथम चरण की समय-सारणी में संशोधन की जानकारी तथा उत्तरोत्तर चरण की काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी वेबसाइट https://dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध कराई जायेगी।** | |

- प्रवेश नियम, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची, इत्यादि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- ऐसे उम्मीदवार भी पंजीयन कर सकते हैं, जो सत्र 2024-2025 में 10वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए है, जिनका परीक्षा परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है। ऐसे उम्मीदवार यदि प्रवेश के लिए अपना पंजीयन कराते हैं तो उन्हें परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग पोर्टल पर परीक्षा परिणाम का विवरण दर्ज कर काउंसलिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना आवश्यक होगा। ऐसे उम्मीदवारों का पंजीयन प्रावधिक पंजीयन (Provisional Registration) रहेगा।
- **परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद, प्रावधिक पंजीयन (Provisional Registration) करा चुके उम्मीदवारों हेतु निर्देश**
- ऐसे अभ्यर्थी जिनका पंजीयन प्रावधिक है, उन्हें पुन: काउंसलिंग पोर्टल से समय-सारणी अनुसार पंजीयन संशोधित कर अर्हकारी परीक्षा की जानकारी प्रविष्ट करनी होगी, जिसके लिए **रजिस्ट्रेशन संशोधन (Registration Edit)** की प्रक्रिया निम्नानुसार करनी होगी।
  1. रजिस्ट्रेशन कैंसलेशन की लिंक का उपयोग कर प्रावधिक रजिस्ट्रेशन को संशोधित करने हेतु रिसेट (Reset) करें।
  2. पुनः रजिस्ट्रेशन लिंक का उपयोग कर रजिस्ट्रेशन में अहर्कारी परीक्षा की जानकारी प्रविष्ट करें।
  3. आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद रजिस्ट्रेशन लॉक कर पंजीयन की पावती प्राप्त करें।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**संचालक**

म.प्र. माध्यम/120033/2025 R-50934/2025 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**

**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**

### NOTICE INVITING TENDER No. 343/MTN/2025 (BW)

**No./5448/22/D-12/NIT-Maint./2025** **Bhopal, Dated : 07.05.2025**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below:

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

1. **Name of Work :** Post 5 Year Maintenance (BW)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Bhopal | 2 | 16606000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **09.05.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **26.05.2025 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/119956/2025 R-50930/2025

**"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

# जॉब अलर्ट

### सीमा शुल्क का आयुक्त कार्यालय, गोवा

**पद का नाम** - सीमैन, ग्रीसर, ट्रेड्समैन, टिंडल, इंजन ड्राइवर
**पदों की संख्या** - 14
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 मई, 2025
**वेब.** - https://www.cbic.gov.in

### गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**पद का नाम** - विद्युत सहायक, एकाउंट ऑफिसर, लैब टेस्टर, असिस्टेंट मेडिकल ऑफिसर, नर्स, रेडियोलॉजी कम पैथालॉजी टेक्निशियन
**पदों की संख्या** - 36
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 19 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://gsecl.in/career

### असम लोक सेवा आयोग

**पद का नाम** - जूनियर इंजीनियर (सिविल)
**पदों की संख्या** - 160
**योग्यता** - सिविल इंजीनियरिंग/कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी/सिविल एंड प्लानिंग विषय में तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा
**अंतिम तिथि** - 16 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://apsc.nic.in

### एसजेवीएनए लिमिटेड

**पद का नाम** - एक्जीक्यूटिव ट्रेनी (सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, मानव संसाधन, पर्यावरण, जियोलॉजी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, वित्त, विधि)
**पदों की संख्या** - 114
**योग्यता** - बैचलर इन इंजीनियरिंग, एमएससी, एमटेक, एमबीए, सीए/आईसीडब्ल्यूए, एलएलबी तथा अन्य समकक्ष
**अंतिम तिथि** - 18 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://sjvnindia.com

### राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं

**पद का नाम** - कनिष्ठ सचिवालय सहायक, कनिष्ठ आशुलिपिक, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, हिन्दी अधिकारी
**पदों की संख्या** - 28
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://www.nal.res.in

### सैनिक स्कूल, अमरावती नगर

**पद का नाम** - पीजीटी (भौतिक विज्ञान, गणित), टीजीटी (अंग्रेजी, गणित), प्रयोगशाला सहायक - भौतिक विज्ञान, बैंड मास्टर, परामर्शदाता, कला मास्टर, चिकित्सा अधिकारी, लोअर डिवीजन क्लर्क, पीईएम/ पीटीआई कम मैट्रन, वॉर्ड बॉय
**पदों की संख्या** - 13
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 17 मई, 2025
**वेब.** - https://www.sainikschoolamaravathinagar.edu.in

### पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड

**पद का नाम** - डिप्टी सुप्रिटेंडेंट अकाउंट्स, डिप्टी सुप्रिटेंडेंट स्थापना, कंपनी सेक्रेटरी, सीनियर टेक्निशियन
**पदों की संख्या** - 29
**योग्यता** - डिप्टी सुप्रिटेंडेंट अकाउंट्स पद के लिए सीए/आईसीडब्ल्यूए/एमकॉम या एमबीए (फाइनेंस), डिप्टी सुप्रिटेंडेंट स्थापना पद के लिए एमबीए (एचआर) या एमएसडब्ल्यू, कंपनी सेक्रेटरी पद के लिए आईसीएसआई में स्नातक तथा सीनियर टेक्निशियन पद के लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
**अंतिम तिथि** - 20 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://www.pgvcl.com

### राइट्स लिमिटेड

**पद का नाम** - फील्ड इंजीनियर, साइट एसेसर, टेक्निशियन
**पदों की संख्या** - 14
**योग्यता** - फील्ड इंजीनियर तथा साइट एसेसर पद के लिए मैट्रिक के साथ आईटीआई ट्रेड उत्तीर्ण तथा टेक्निशियन पद के लिए भौतिकी या रसायन शास्त्र में बीएससी उत्तीर्ण।
**अंतिम तिथि** - 19 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://www.rites.com

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बठिंडा

**पद का नाम** - रीडर/एसोसिएट प्रोफेसर, वैज्ञानिक सी, नर्सिंग में व्याख्याता, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ प्रोग्रामर, चिकित्सा अधिकारी, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, सहायक रक्त आधान अधिकारी, क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक, बाल मनोवैज्ञानिक, पशु चिकित्सा अधिकारी
**पदों की संख्या** - 18
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 21 मई, 2025
**वेब.** - https://aiimsbathinda.edu.in

### भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

**पद का नाम** - वैज्ञानिक/अभियंता एस.सी. (इलेक्ट्रॉनिकी, यांत्रिकी, कम्प्यूटर विज्ञान)
**पदों की संख्या** - 63
**योग्यता** - न्यूनतम 65 प्रतिशत अंकों के साथ बीई/ बीटेक या समकक्ष डिग्री
**अंतिम तिथि** - 19 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://www.isro.gov.in

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई

**पद का नाम** - तकनीकी अधिकारी, छात्र परामर्शदाता, कनिष्ठ अभियंता, तकनीकी अधीक्षक, कनिष्ठ मैकेनिक, कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, संपादकीय सहायक
**पदों की संख्या** - 17
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 22 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://www.iitb.ac.in

## एडमिशन अलर्ट

### केंद्रीय उपकरण अभिकल्प संस्थान

**पाठ्यक्रम का नाम** - डिप्लोमा इन टूल, डाई एंड मोल्ड मेकिंग (डीटीडीएम), डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (डीईसीई), डिप्लोमा इन ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स इंजीनियरिंग (डीएआरई), डिप्लोमा इन प्रोडक्शन इंजीनियरिंग (डीपीई)
**योग्यता** - कक्षा दसवीं उत्तीर्ण
**अंतिम तिथि** - 22 मई, 2025
**परीक्षा तिथि** - 25 मई, 2025
**वेब.** - https://www.citdindia.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

## मध्यप्रदेश की नदियां

# ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व को दर्शाती ताप्ती नदी

**मध्यप्रदेश की धरती को प्रकृति ने नदियों की विपुलता से समृद्ध किया है। इसलिए प्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है। नदियां जीवन और प्रकृति संवर्धन का आधार है। नदी तट पर कई संस्कृतियों का निर्माण और विकास हुआ है। जल, जीवन की इस विरासत से आपको परिचित करवाने के लिए रोज़गार और निर्माण में मध्यप्रदेश की नदियां स्तम्भ शुरू किया जा रहा है। इस अंक में प्रस्तुत है मध्यप्रदेश की ताप्ती नदी का परिचय –**



ताप्ती नदी मध्यप्रदेश की प्रमुख नदी है। इसे तापी भी कहते हैं। इसका उद्गम मध्यप्रदेश के पूर्वी सतपुड़ा पर्वत माला में बैतूल जिले के मुलताई से हुआ है। इसका निर्माण दो छोटी नदियों पूर्णा और गिरणा से हुआ है। ताप्ती उद्गम के बाद पश्चिम दिशा में बहती है। यह मध्यप्रदेश से निकलकर महाराष्ट्र तथा गुजरात राज्यों से होकर आगे बढ़ती है और फिर सूरत के पास अरब सागर में मिल जाती है। इसकी लंबाई लगभग 724 किलोमीटर है।

ताप्ती नदी मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई से निकलकर पश्चिम की ओर बहती हुई महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों से होकर गुजरती है और अंत में खंभात की खाड़ी में जाकर मिल जाती है।

### ताप्ती नदी का प्रवाह क्षेत्र

- मध्यप्रदेश के बैतूल और बुरहानपुर जिले।
- महाराष्ट्र के अमरावती, अकोला, बुलढाणा, वाशिम, जलगांव, धुले और नासिक जिले।
- गुजरात के सूरत और तापी जिले।

### महत्वपूर्ण सहायक नदियाँ

- पूर्णा नदी
- गिरणा नदी
- पन्झारा नदी
- वाघूर नदी
- बोरी नदी
- आनेर नदी

### ताप्ती नदी का महत्व

- ताप्ती नदी की अपने प्रवाह क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है।
- कृषि और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण स्रोत है।
- विविध वनस्पति और जीव-जन्तुओं का पोषण करती है।

### ताप्ती तट पर स्थित तीर्थ

ताप्ती के तट पर लगभग 200 तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थों की महिमा का उल्लेख स्कंद पुराण के तापी माहात्य में किया गया है। ताप्ती माहात्य के पद तीर्थ के अनुसार ताप्ती नदी की पवित्रता की कोई समानता नहीं है। जो पुण्य दूसरी नदियों में स्नान करने या उनके दर्शन से प्राप्त होता है वही पुण्य ताप्ती के स्मरण मात्र से ही प्राप्त हो जाता है।

### ताप्ती नदी का बहाव

ताप्ती नदी का बहाव इसके उद्गम से लेकर अरब सागर में मिलने तक मुख्य रूप से चार भागों में विभाजित किया गया है। पहला बहाव क्षेत्र उद्गम से लेकर बुराहनपुर तक दूसरा बुरहानपुर से खानदेश तक, तीसरा चट्टानी इलाका और फिर अंत में गुजरात के मैदानी उपजाऊ प्रदेश से बहते हुए अरब सागर में मिलने तक।

अपने बहाव के क्षेत्र में ताप्ती 240 किलोमीटर की दूरी तक सतपुड़ा की चट्टानी दीवारों के बीच बहती है। इस क्षेत्र में चारों ओर प्राकृतिक सौंदर्य की छटा दिखाई पड़ती है। कुछ स्थानों पर यह लगभग 150 मीटर चौड़ी और गहरी घाटी से होकर बहती है। बुरहानपुर से कुछ पहले सतपुड़ा की पहाड़ियां नदी के किनारों से कुछ दूरी पर है। इससे नदी का किनारा खुल जाता है।

ताप्ती नदी के बहाव का दूसरा क्षेत्र 290 किलोमीटर है। यह महाराष्ट्र के खानदेश का इलाका है। यहां ताप्ती का बहाव समतल और उपजाऊ क्षेत्र में है। इसकी चौड़ाई लगभग 250 से 400 मीटर है। खानदेश के लगभग 30 किलोमीटर इलाके में ताप्ती का बहाव चट्टानी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यहां से आगे यह गुजरात की ओर बढ़ती है।

तीसरे क्षेत्र में ताप्ती 80 किलोमीटर तक चट्टानी इलाके में बहती है और चौथे क्षेत्र में यह 130 किलोमीटर मैदानी इलाके से बहती है। इस 130 किलोमीटर क्षेत्र में लगभग 100 मीटर का इलाका ऊपरी स्वच्छ जल का है बाकी हिस्सा समुद्री ज्वार का है। शुरू वाले हिस्से में नदी का पाट 500 से एक हजार मीटर तक चौड़ा है। समुद्र के ज्वार वाले इलाके से यह सूरत जिले के अत्यंत उपजाऊ मैदान से होकर गुजरती है। सागर से संगम के कुछ किलोमीटर पहले के हिस्से में उपज नहीं ली जाती है, क्योंकि समुद्री ज्वार के कारण इसके डूबने की संभावना बनी रहती है।

### ताप्ती नदी के प्रमुख क्षेत्र

ताप्ती नदी के बहाव क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थल है। जिनमें से मुलताई, परसडोह और बुरहानपुर मध्यप्रदेश में है। महाराष्ट्र में इसके आसपास भुसावल, थालनेर और प्रकाश तीर्थ है। गुजरात में इसके किनारे प्रसिद्ध बोधण तीर्थ है और सूरत बंदरगाह भी है।

मुलताई बैतूल जिले में है। उद्गम के स्रोत के रूप में मुलताई को पवित्र माना जाता है। यहां ताप्ती मेला आयोजित किया जाता है।

परसडोह बैतूल से चार किलोमीटर दूर धनोरा ग्राम के पास है। जहां ताप्ती एक कुंड में गिरती है। मान्यता है कि जिस कुंड में यह धारा गिरती है उसके नीचे पारस पत्थर छिपा हुआ है। ताप्ती के कुंड में गिरने का यह क्षेत्र अत्यंत मनोरम है।

बुरहानपुर ऐतिहासिक और पौराणिक रूप से प्रसिद्ध नगर है। यह शहर दस्तकारी, वस्त्र, शिल्प और कला कौशल के लिए विख्यात है। यहां की प्राचीन सुव्यवस्थित जल प्रदाय प्रणाली महत्वपूर्ण है। असीरगढ़ का किला अपनी भव्यता और सुदृढ़ता के कारण अजेय माना जाता है।

### पारिस्थितिक महत्व

ताप्ती नदी और इसके आसपास का पारिस्थितिकी तंत्र विविध प्रकार की वनस्पतियों और जीवों का घर है। यह नदी विभिन्न प्रकार के जलीय जीवन का पालन करती है, जिसमें कई मछली प्रजातियां भी शामिल हैं। नदी के किनारे और आस-पास की आर्द्रभूमि कई पक्षी प्रजातियों के लिए आवास के रूप में हैं। नदी और उसकी सहायक नदियां क्षेत्र में कृषि के लिए उपयोगी हैं जो सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराती हैं।

### ताप्ती नदी विशेष

- **उद्गम स्थल :** मुलताई, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश
- **लंबाई :** लगभग 724 किलोमीटर
- **प्रवाह क्षेत्र :** मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों से होकर बहती है
- **संगम :** अरब सागर

### कृषि एवं सिंचाई के लिए महत्व

ताप्ती नदी क्षेत्र कृषि और सिंचाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके पानी का उपयोग गुजरात और महाराष्ट्र के उपजाऊ मैदानों में सिंचाई के लिए किया जाता है, जो क्षेत्र की कृषि उत्पादकता में महत्वपूर्ण योगदान देता है। नदी के पानी का उपयोग पेयजल, औद्योगिक गतिविधियों और जल विद्युत उत्पादन के स्रोत के रूप में भी किया जाता है।

### पर्यावरणीय चिंता

भारत की कई अन्य नदियों की तरह, ताप्ती नदी को भी कई पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शहरी और औद्योगिक स्रोतों के प्रदूषण ने नदी के पानी की गुणवत्ता को प्रभावित किया। जो पीने के लिए उपयुक्त नहीं होने के साथ जलीय जीवन को भी प्रभावित करता है। अतः प्रदूषण को कम करने और नदी के पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं।

### बाढ़ एवं नदी प्रबंधन

ताप्ती नदी में बाढ़ का खतरा रहता है। विशेषकर मानसून के दौरान जब इसके जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा होती है। नदी के किनारे मानव बस्तियों और कृषि भूमि पर बाढ़ के प्रभाव को कम करने के लिए बाढ़ प्रबंधन और नदी सुरक्षा उपाय महत्वपूर्ण हैं। बांधों और तटबंधों के निर्माण से बाढ़ नियंत्रण में मदद मिलती है और नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित किया जाता है।

### पर्यटन और मनोरंजक गतिविधियां

ताप्ती नदी से जुड़ी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करती है। यह नदी नौकायन, मछली पकड़ने और अन्य मनोरंजक गतिविधियों के अवसर प्रदान करती है। सुरम्य परिदृश्य और वन्य जीवन की उपस्थिति से यह पर्यावरण-पर्यटन के लिए एक आकर्षक गंतव्य है।

ताप्ती नदी मध्य भारत की एक महत्वपूर्ण जल संपदा है, जो मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर बहती है। सतपुड़ा रेंज से निकलने वाली यह नदी पश्चिम की ओर बहती है और अरब सागर में मिलने से पहले 724 किलोमीटर की दूरी तय करती है। नदी का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व है, यह कृषि और जल विद्युत परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है। नदी प्रवाह क्षेत्र और नदी तट कई जीवों और वनस्पतियों को जीवन प्रदान करते हैं।

**- देवेन्द्र गोरे**
(लेखक सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

दो बार आईपीएस में चयनित ग्वालियर की आयुषी ने सिविल सर्विस परीक्षा 2024 में तीसरे प्रयास में प्रदेश में पहला तथा देश में 7वां स्थान प्राप्त किया

# सपने देखिए और उनके पूरा होने तक रुकिए नहीं, बस चलते रहिए - आयुषी बंसल

**''सपने वो नहीं होते जो आप सोने के बाद देखते हैं, सपने वो होते हैं जो आपको सोने नहीं देते'' देश के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइलमैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का यह कथन ग्वालियर की आयुषी बंसल पर बिल्कुल सटीक बैठता है क्योंकि सिर्फ असफलता ही नहीं बल्कि कई बार सफलता भी व्यक्ति को उसके मार्ग से भटकाने में भूमिका निभाती है। लेकिन सपना पूरा करने की चाह हो तो व्यक्ति उसे पूरा कर ही लेता है। आईआईटी कानपुर से बीटेक की पढ़ाई, पहले ही प्रयास में आईपीएस में चयन के बाद भी आयुषी ठहरी नहीं बल्कि उन्होंने अपनी यात्रा जारी रखी और अपने आईएएस बनने के सपने को आखिरकार पूरा कर लिया। आयुषी का यह सफर आसान नहीं था क्योंकि महज 9 वर्ष की उम्र में पिता के ना होने के बाद मां के संघर्ष ने आयुषी को प्रेरित किया सिविल सर्विस में जाने के लिए। वर्तमान में आईपीएस की ट्रेनिंग कर रहीं आयुषी बसंल ने अपने अब तक के सफर, संघर्ष और सफलता की यात्रा ''रोज़गार और निर्माण'' से साझा की...**

## परिचय



| | |
|---|---|
| नाम | : सुश्री आयुषी बंसल |
| रैंक | : 7वीं |
| पिता | : स्वर्गीय श्री संतोष बंसल |
| माता | : श्रीमती राधा बंसल |
| पता | : ग्वालियर, मध्यप्रदेश |
| आभार | : ईश्वर, मां, भाई समेत पूरे परिवार एवं दोस्तों का आभार। |
| शिक्षा | : हाई स्कूल, हायर सेकंडरी |
| स्नातक | : इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बीटेक आईआईटी, कानपुर |
| अन्य उपलब्धियां | : दो बार आईपीएस में चयनित |

- **आप अपने अब तक के सफर के बारे में बताइए?**

○ मेरे पिता स्वर्गीय श्री संतोष बंसल भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) में कार्यरत थे। परिवार की आर्थिक स्थिति भी सामान्य थी। एक सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। पिता के निधन के बाद मां राधा बंसल को अनुकंपा नियुक्ति मिली। जिसके बाद उन्होंने नौकरी, घर और हम दोनों भाई-बहन की जिम्मेदारी अकेले निभाई। मैंने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई ग्वालियर में पूरी की है, इसके बाद 12वीं दिल्ली से करने के बाद आईआईटी कानपुर में सिलेक्शन हुआ और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से डिग्री पूरी की। दो कंपनियों में कॉर्पोरेट सेक्टर में जॉब की लेकिन मन में कॉर्पोरेट जॉब नहीं बल्कि सिविल सर्विस के माध्यम से देश की सेवा करने की चाह थी। जिसने मुझे यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। इसलिए मैंने नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी करने का निर्णय लिया, इसमें मेरी मां ने मेरा साथ दिया। मैंने ग्वालियर में घर पर रहकर ही ऑनलाइन कोचिंग और सेल्फ स्टडी की मदद से सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारी शुरू की। यह मेरा तीसरा प्रयास था। इसके पहले वर्ष 2022 में 188वीं रैंक और 2023 में 97वीं रैंक के साथ मेरा चयन आईपीएस के लिए हो चुका है। मुझे कर्नाटक कैडर मिला था, वर्तमान में मैं आईपीएस की ट्रेनिंग कर रही हूं। आईएएस बनना मेरा सपना था इसलिए मैंने फिर से तैयारी शुरू की और इस बार मेरी 7वीं रैंक आयी है।

- **आपने कब और क्यों तय किया कि सिविल सर्विस में कॅरियर बनाना है?**

○ मैं जब बीटेक के बाद कॉर्पोरेट सेक्टर में जॉब कर रही थी, तब मैंने तय किया कि मुझे जॉब छोड़कर सिविल सर्विस की तैयारी करनी है। सिविल सर्विस में जाने का निर्णय इसलिए लिया क्योंकि इसमें आपको सीधे तौर पर आमजन के लिए फील्ड में रहकर काम करने का अवसर मिलता है। जो मुझे लगता था कि मेरे व्यक्तित्व से मेल करता है, इसलिए मैंने सिविल सर्विस में जाने का निर्णय लिया।

- **इस परीक्षा की यात्रा बहुत लंबी है, इस दौरान किस तरह की चुनौतियों का सामना किया?**

○ सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारी की यदि बात करूं तो अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना किया। सबसे बड़ी चुनौती मेरे सामने यह रही कि मैं एक अच्छी कॉर्पोरेट सेक्टर की स्थायी जॉब कर रही थी। उसे छोड़कर एक ऐसी फील्ड में जाने का निर्णय लेना जो अनिश्चितताओं से भरी है, यह मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण था। उस वक्त मेरी मां ने मेरा सबसे ज्यादा सपोर्ट किया, उन्होंने कहा कि तुम्हें अपने ऊपर भरोसा करना चाहिए।

दूसरी चुनौती यह रही कि यह पूरी यात्रा बहुत लंबी है। एक साल तैयारी करना और एक साल परीक्षा की प्रक्रिया चलना ऐसे में एक जैसी दिनचर्या का पालन करना, खुद को लगातार मोटीवेट रखना बहुत चुनौतीपूर्ण रहता है, क्योंकि बिना किसी दिन गैप करे हमें लगातार पढ़ना होता है लेकिन यही सारी चुनौतियां हमें बेहतर ऑफिसर भी बनाती हैं। ऐसा कहा भी जाता है कि प्रिपरेशन में ही ट्रेनिंग शुरू हो जाती है।

- **कई बार प्रतिभागी तैयारी तो जोर-शोर से शुरू करते हैं लेकिन कुछ ही समय के बाद उनका उत्साह खत्म हो जाता है। आपने लगातार खुद को कैसे प्रेरित किया?**

○ कई बार ऐसे दिन आते हैं जब आप कम पढ़ते हैं या कई बार आप ज्यादा पढ़ते हैं। ऐसे में मैंने खुद से यह कमिटमेंट किया था कि मैं कोई भी दिन ऐसा नहीं छोड़ूंगी जब मैं पढ़ाई नहीं करूंगी। मैंने इस पूरी तैयारी के दौरान नियमित प्रतिदिन अध्ययन किया।

- **आपने नियमित कितने घंटे अध्ययन किया?**

○ मैंने कभी भी पढ़ाई घंटे देखकर नहीं की है। हां लगभग 8 से 10 घंटे रोजाना पढ़ाई करती थी। सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक की क्लास के बाद थोड़ा ब्रेक लेकर मैं सेल्फ स्टडी करती थी। इसके बाद मेरी एक और क्लास होती थी। इसके बाद ब्रेक लेकर में पढ़ती थी फिर शाम 5 से 10 बजे तक पढ़ती थी। मैंने अपने लिए छोटे-बड़े लक्ष्य तय किए थे कि मुझे इस सप्ताह इतना खत्म करना और इस महीने के अंत तक मुझे इतने चैप्टर पूरे करने हैं। इन लक्ष्य की वजह से हमेशा दिमाग में बना रहता था कि आपको इतनी देर पढ़ना ही है। मुझे जब भी समय मिलता था मैं पढ़ाई करती थी।

- **मानसिक या शारीरिक तौर पर इस दौरान क्या किसी समस्या का सामना किया और कैसे उन्हें दूर किया?**

○ ईश्वर की कृपा से इस दौरान शारीरिक और मानसिक तौर पर किसी समस्या का सामना तो मुझे नहीं करना पड़ा लेकिन यह सच है कि यह पूरी यात्रा आपकी अकेले की होती है। आपको अकेले ही पढ़ाई करनी है, अकेले ही परीक्षा देना है और आप नहीं जानते कि परिणाम आपके पक्ष में होंगे भी या नहीं। इसलिए आपको इसके लिए तैयार रहना होगा। मैं अपने आपको भाग्यशाली मानती हूं कि इसमें मुझे मेरी मां का पूरा सपोर्ट मिला।

- **आपने सेल्फ स्टडी की या फिर कोचिंग की मदद ली?**

○ मैंने घर पर ही रहकर ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी की है। हां इंटरव्यू की तैयारी के लिए पहले प्रयास में मैंने दिल्ली जाकर मॉक इंटरव्यू की प्रैक्टिस की। घर पर रहकर तैयारी करने का यह फायदा रहा कि मुझे मेरी मां का पूरा सपोर्ट मिला।

- **आपने मुश्किल तथ्यों को याद रखने के लिए क्या प्रक्रिया अपनायी?**

○ अगर हम नियमित अध्ययन करते हैं तो तथ्य धीरे-धीरे याद होने लगते हैं। साथ ही इतिहास समेत जिन विषयों में तथ्य याद करना होता है उनका बार-बार रिवीजन करना चाहिए। मैंने बार-बार पढ़कर ही तथ्यों को याद किया है।

- **आपने इंटरव्यू की तैयारी कैसे की?**

○ कई बार हमें लगता है कि हम हर चीज याद कर लें, रट लें, हर सवाल का जवाब दे दें तो वही इंटरव्यू है जबकि मुझे ऐसा नहीं लगता है। मुझे लगता है कि सबसे जरूरी है नियमित दो से तीन समाचार-पत्र पढ़ना चाहिए। मेरी तैयारी में यह बहुत महत्वपूर्ण स्तंभ था। इंटरव्यू में आपके पूरे व्यक्तित्व को देखा जाता है, इसलिए पर्सनाल्टी डेवलपमेंट पर ध्यान देना चाहिए। मैं लगातार इस बारे में सोचती थी कि अगर मुझसे कोई सवाल पूछा जाएगा तो मैं कैसे सोचूंगी या कोई और बेहतर तरीका हो सकता है। यूपीएससी के नोटिफिकेशन में यह दिया जाता है कि आपमें क्या क्वालिटी होनी चाहिए इसलिए मैं इस हिसाब से आन्सर की तैयारी को लेकर सोचती थी कि मेरे जवाब इन क्वालिटी से मैच करने चाहिए। इसके अलावा महत्वपूर्ण मुद्दों पर मैं अपने दोस्तों से भी चर्चा करती थी।

- **क्या आपने इस परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया?**

○ मैंने परीक्षा की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी, क्योंकि मुझे लगता था कि इसकी वजह से मेरी पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है।

- **खुद को तनाव मुक्त रखने के लिए आपने किन बातों का ध्यान रखा?**

○ मैं खुद को तनाव मुक्त रखने के लिए वॉक कर लेती थी, घर पर बात कर लेती, टीवी देख लेती थी।

- **आपका दो बार आईपीएस के पद पर चयन हुआ है? फिर परीक्षा देने की जरूरत क्यों महसूस की?**

○ मेरी प्राथमिकता हमेशा से प्रशासनिक सेवा थी। इसलिए मेरे पास अवसर थे इसलिए मैंने दोबारा तैयारी करने का निर्णय लिया।

- **आपने तीन बार परीक्षा दी? तीनों बार आपका चयन हुआ और रैंक में सुधार हुआ, आपने क्या कमी महसूस की और कैसे सुधार किया?**

○ फाइनल लिस्ट जब जारी होती है तो उसमें इंटरव्यू और मेन्स के नंबर जुड़े हुए होते हैं। मेन्स की परीक्षा में अलग-अलग विषय के नंबर जुड़े होते हैं। मैंने हर बार अपने उस विषय के नंबर देखे जिसमें कम थे और फिर टॉपर की कॉपी से उसे एनालाइज किया कि उन्होंने क्या बेहतर लिखा है। इसके आधार पर मैंने तैयारी कर उस गैप को कवर करने की कोशिश की। हर विषय में मैंने ऐसा किया है।

- **परीक्षा हॉल में आपकी क्या रणनीति थी?**

○ प्रारंभिक परीक्षा हो या मुख्य परीक्षा दोनों में ही इस बात का ध्यान एग्जाम हॉल में रखना चाहिए कि सवाल कोई भी हो घबराना नहीं चाहिए। आपको डरना नहीं है यदि सवाल आपको कठिन लग रहा है तो बाकी सबको भी वह कठिन ही लग रहा होगा इसलिए खुद को शांत रखना चाहिए। इसके आधार पर ही हर सवाल का जवाब देना चाहिए।

- **आपकी आईपीएस की ट्रेनिंग चल रही थी, ऐसे में तैयारी के लिए समय कैसे निकाला?**

○ मैंने तैयारी के लिए एक साल की छुट्टी ली थी, उस दौरान मैंने मुख्य परीक्षा दे दी थी। इंटरव्यू मैंने ट्रेनिंग के दौरान दिया था। मुझे लगता है कि ट्रेनिंग से मेरी पर्सनाल्टी बेहतर हुई है।

- **आपने खुद को लगातार कैसे मोटीवेट किया?**

○ पहली बात मुझे यह पता था कि यह मेरा सपना है। यही वह जॉब थी जो मैं पूरे जीवन करना चाहती थी। यह बात मुझे सबसे ज्यादा मोटीवेट करती थी। दूसरी बात यह है कि मुझे लगता है कि कई बार मोटीवेशन से ज्यादा जरूरी जीवन में अनुशासन होता है। क्योंकि यदि आप अनुशासन के साथ पढ़ाई कर रहे हैं तो वही आपका अनुशासन होता है।

- **'रोज़गार और निर्माण' के माध्यम से अभ्यर्थियों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी?**

○ मैं अभ्यर्थियों को यही संदेश देना चाहूंगी कि खुद पर भरोसा रखना सबसे जरूरी है। कई बार आपको चार जगह से चार तरह की बातें सुनने को मिलेंगी, बहुत विस्तृत सिलेबस है, तो उससे घबराएं नहीं। बहुत ज्यादा स्टडी मटेरियल या किताबों की बजाय सीमित किताबों, स्टडी मटेरियल से पढ़ाई करें। सही दिशा में तैयारी करने का प्रयास करें। अलग-अलग कोचिंग के नोट्स पर अपना ध्यान लगाने की बजाय सिलेबस और पुराने प्रश्न पत्रों पर फोकस करें। यूपीएससी क्या पूछ रहा है इस पर ध्यान दीजिए और तैयारी करिए।

**प्रस्तुति - डॉ. सर्जना चतुर्वेदी**
(लेखिका सम-सामयिक विषयों पर लेखन करती हैं)


## शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल

### आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाइन विभाग

**इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन वर्कशाप (दिनांक 13 मई 2025 से 10 जून 2025)**

**यदि आप :-**

1) अपने समय का उपयोग क्रियेटिव डिजाइन में करना चाहते हैं।
2) अपने घर को एक नया रूप देना चाहते हैं।
3) भविष्य में इस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं।




**Workshop only for Girls and Ladies**

**तो यह वर्कशॉप आपके लिये है :-**

1) योग्यता - न्यूनतम 10वीं पास (कोई आयु सीमा नहीं)
2) वर्कशॉप की अवधि - 4 सप्ताह
3) दिनांक - 13 मई 2025 से 10 जून 2025
4) समय - प्रात: 11.30 से 01.30 दोपहर अथवा दोपहर - 02.30 से 04.30 (सोमवार से शुक्रवार)
5) रजिस्ट्रेशन फीस - रुपये 500/- (रुपये पांच सौ मात्र)

**एक माह की वर्कशॉप रजिस्ट्रेशन प्रारंभ**

**वर्कशॉप हाइलाइट्स -**
- इंटीरियर ऑफ रेसीडेन्शियल स्पेस
- विजिट - इंटीरियर प्रोजेक्स की विजिट
- स्पेस डिजाइन का 3-डी मॉडल
- इंटीरियर डिजाइन फील्ड से जुड़े व्यक्तियों से चर्चा
- साफ्टवेयर द्वारा 3-डी विजवलाईजेशन

अधिक जानकारी के लिये निम्नलिखित किसी भी नम्बर पर अथवा महाविद्यालय में सम्पर्क करें।
9826649225, 9752333909, 8120249676, 8103078916, 9893277011, 9131189214

रजिस्ट्रेशन लिंक - https://forms.gle/tynZ2Ppa28n1gyjNA

रजिस्ट्रेशन के लिये - Website : gwpbpl.ac.in पर विजिट करें।

प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
शिवाजी नगर, भोपाल

G-12433/R-50912/2025

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1546

## कार्यालय प्रमुख अभियंता
## जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल : mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

## निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक- 604/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग** **भोपाल, दिनांक : 07.05.2025**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 27.05.2025 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_413676 | सिहावल मुख्य नहर प्रणाली के विभिन्न आर.डी. पर स्थापित सी.आर. एच.आर. एवं स्केप गेट के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | शहडोल | 6.71 |
| 2. | 2025_WRD_413677 | सिहावल नहर प्रणाली की सिहावल मुख्य नहर के विभिन्न आर.डी. प्रस्थापित सी.आर. एच.आर. एवं स्केप गेट के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | शहडोल | 3.81 |
| 3. | 2025_WRD_413678 | महान मुख्य नहर के माईनर एवं सब माईनर गेटों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | शहडोल | 4.01 |
| 4. | 2025_WRD_414093 | उपसंभाग भीकनगांव एवं बड़वाह के 06 नग जलाशयों के 11 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 5. | 2025_WRD_414097 | संभाग बड़वानी के 07 नग जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 6. | 2025_WRD_414098 | उपसंभाग सरदार के 08 जलाशयों के 16 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.69 |
| 7. | 2025_WRD_414310 | रलायता, ढाबला देवल, निम्बोद, नकेडिया, असावती, चौसला, टकरावद, आसपुरा, बनी एवं रहीमगढ़ तालाबों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | मंदसौर | 17.93 |
| 8. | 2025_WRD_414312 | भालोट, करोली, अजयपुर, देवरी, देवरिया विजय, गोपालपुरा व फतेहपुर चिकली तालाबों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | मंदसौर | 13.89 |
| 9. | 2025_WRD_417086 | महान परियोजना गुलाब सागर बांध से सटी हुई कॉलोनी, शासकीय कार्यालय एवं हटमेंटस के बाहय प्रकाश व्यवस्था एवं आंतरिक विद्युतीकरण के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | शहडोल | 0.84 |
| 10. | 2025_WRD_417087 | बाणसागर त्योंथर उद्वहन सिंचाई में स्थापित 33/6.6 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र में सी.टी. के स्थापना का कार्य। | शहडोल | 0.84 |
| 11. | 2025_WRD_417490 | उपसंभाग कुक्षी एवं बाग के 15 नग जलाशयों के 27 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.65 |
| 12. | 2025_WRD_418297 | उपसंभाग राणापुर के 11 नग जलाशयों के 20 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.69 |
| 13. | 2025_WRD_418303 | संभाग धार के 11 नग जलाशयों के 23 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.66 |
| 14. | 2025_WRD_418479 | कार्यालय उपसंचालक मिट्टी एवं धातु परीक्षण प्रयोगशाला, हथाईखेड़ा भोपाल हेतु वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.42 |
| 15. | 2025_WRD_418579 | छतरी बैराज का मरम्मत कार्य। | सीहोर | 5.09 |
| 16. | 2025_WRD_418655 | बरोल बैराज के 5 नग जलद्वारों का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 7.79 |
| 17. | 2025_WRD_418661 | झारा वियर पर 10 नग जलद्वारों साइज का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 10.52 |
| 18. | 2025_WRD_418662 | अग्रि-2 बैराज के 5 नग जलद्वारों का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य | भोपाल | 7.83 |
| 19. | 2025_WRD_418664 | थावरी बैराज के 9 नग जलद्वारों का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य | भोपाल | 8.35 |
| 20. | 2025_WRD_418666 | ब्राहमन पिपलिया बैराज के 11 नग जलद्वारों का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 10.36 |
| 21. | 2025_WRD_418667 | जोगीभड़क बैराज के 4 नग जलद्वारों का प्रदाय एवं फेब्रीकशन का कार्य। | भोपाल | 10.99 |
| 22. | 2025_WRD_418669 | जलद्वारों के निर्माण हेतु एम एस राउण्ड बार 63 एमएम के स्क्वेयर थ्रेडिंग का कार्य। | भोपाल | 1.86 |
| 23. | 2025_WRD_418670 | विभिन्न जल संसाधन संभागों के जलद्वारों के लिये डब्लू डब्लू 90 हेड स्टाक (63 ऍम ऍम डाया नट) के प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेम्बली का कार्य। | भोपाल | 11.60 |
| 24. | 2025_WRD_418756 | दिमनी, बुधारा, शुक्लपुरा, मोदाना, परा, गोपी, रूपहटी, कोथरखुर्द, सिकरा, रानी विरगंवा स्टॉप डेम कम कॉजवे कार्य। | मुरैना | 4.07 |
| 25. | 2025_WRD_418973 | तरपेड़ तालाब की नहर की मरम्मत कार्य। | छतरपुर | 15.99 |
| 26. | 2025_WRD_419126 | सागा तालाब का वार्षिक मरम्मत कार्य। | झाबुआ | 4.14 |
| 27. | 2025_WRD_419280 | रातापानी लघु तालाब की मुख्य नहर की क्षतिग्रस्त चैनल का पुनः निर्माण कार्य। | रायसेन | 16.73 |
| 28. | 2025_WRD_419288 | रणायरा गर्रावद, रतनपिपलिया, एवं मिण्डलाखेड़ा तालाब का वार्षिक रखरखाव। | मंदसौर | 17.86 |
| 29. | 2025_WRD_419432 | मुरूमनाला मध्यम जलाशय की नहरों की साफ-सफाई का कार्य। | बालाघाट | 2.91 |
| 30. | 2025_WRD_419753 | पन्ना जिले में निर्मित विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों में स्थापित विभिन्न आकार के 14 नग जलद्वारों का मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.99 |
| 31. | 2025_WRD_419755 | पन्ना जिले में निर्मित विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों में स्थापित विभिन्न आकार के 25 नग जलद्वारों का मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.09 |
| 32. | 2025_WRD_419757 | दमोह जिले में निर्मित विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों में स्थापित विभिन्न आकार के 08 नग जलद्वारों का मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.56 |
| 33. | 2025_WRD_419759 | बीला मध्यम सिंचाई परियोजना के 01 नग फीडर गेट एवं 03 नग एस्केप गेट (प्रत्येक साइज 1500 से 1500 एमएम) के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.68 |
| 34. | 2025_WRD_419827 | खरगोन जिले में ई-टाइप बंगले की बाउण्ड्री वॉल का निर्माण कार्य प्रतिशत दर पर। | खण्डवा | 15.13 |
| 35. | 2025_WRD_420430 | बसनेर, कालिकामाता, भाडली, शाहपुरा, मांगरूल, बोरगांव, डोंगरगांव, आंवली बैराज, नवलपुराखेड़ी एवं सुल्तानपुरा बैराज के गेट लगाने एवं निकालने का कार्य। | खरगौन | 8.42 |
| 36. | 2025_WRD_420496 | जुगरवारा तालाब के बांध का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | पन्ना | 15.44 |
| 37. | 2025_WRD_420603 | तवा आर.बी.सी. के इंटेक, डोकरीखेड़ा, आमादेही, हनोतिया लघु जलाशं की वर्षा पूर्व आयलिंग, ग्रीसिंग कम्पाउडिंग, सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.60 |
| 38. | 2025_WRD_420604 | चंदौरा बांध के 1 नग स्लूस गेट बदलने का कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.99 |
| 39. | 2025_WRD_420605 | उपसंभाग तवानगर के ओ.टी.सी. कैम्पस में विद्युती संबंधी सुधार कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.84 |
| 40. | 2025_WRD_420606 | उपसंभाग शाहपुर एवं बैतूल के 12 लघु जलाशय के 15 नग स्लूस गेटों एवं 1 नग नहर गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.85 |
| 41. | 2025_WRD_420607 | केसला विकासखण्ड (सुखतवा के पास) स्थित लघु जलाशयों के स्लूस गेटों का मरम्मत एवं सुधार कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.82 |
| 42. | 2025_WRD_420608 | उपसंभाग आमला के एवं 10 लघु जलाशयों के 16 नग स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.85 |
| 43. | 2025_WRD_420610 | उपसंभाग प्रभात पटटन के 10 लघु जलाशयों के 18 नग स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.85 |
| 44. | 2025_WRD_420611 | उपसंभाग आठनेर के 10 लघु जलाशयों के 16 नग स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.85 |
| 45. | 2025_WRD_420613 | केसला विकासखण्ड (इटारसी के पास) स्थित लघु जलाशयों के स्लूस गेटों का मरम्मत एवं सुधार कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.76 |
| 46. | 2025_WRD_420614 | तवा बांध के तवानगर पर स्थित 100 टन ग्रेन्टीक्रेन एवं रेडियल क्रेस्ट गेटस के कंट्रोल पैनल के विद्युत उपकरणों का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य | नर्मदापुरम् | 0.85 |
| 47. | 2025_WRD_420615 | बारना कालोनी बाडी की जल प्रदाय व्यवस्था हेतु वाटर स्टोरेज टैंक का प्रदाय। | नर्मदापुरम् | 0.64 |
| 48. | 2025_WRD_420616 | अधीक्षण यंत्री, तवा, कोलार, संभागीय एवं उपसंभागीय कार्यालय में स्थापित छत एवं दीवार पंखों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | नर्मदापुरम् | 0.48 |
| 49. | 2025_WRD_420805 | संजय सागर (बाह) मध्यम परियोजना, के 12 नग रेडियल गेट्स एवं 04 नग स्लूस गेट्स का वर्षा पूर्व मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 6.05 |
| 50. | 2025_WRD_420809 | भिलय टैंक के 01 नग स्लूस गेट का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.18 |
| 51. | 2025_WRD_420813 | जल संसाधन संभाग अशोकनगर के 31 माइनर टैक्स के 54 नग हेड स्लूस गेट्स एवं 02 नग मध्यम टैंक का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | भोपाल | 9.63 |
| 52. | 2025_WRD_420837 | दाहोद बाँध वेस्ट वियर गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 4.27 |
| 53. | 2025_WRD_420838 | बांकपुरा बाँध, राजगढ़ के फिक्स्ड व्हील वर्टीकल लिफ्ट गेट्स की ओइलिंग ग्रीसिंग एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.71 |
| 54. | 2025_WRD_420839 | झोलियापुर बैराज, की बैराज के वर्टीकल लिफ्ट गेट्स एवं आर.बी. एम.सी. व एल.बी.एम.सी. हेड स्लूस, गेट्स का मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 2.43 |
| 55. | 2025_WRD_420840 | कालियासोत बांध के 13 नग गेट्स एवं 04 नग हेड स्लूस गेट्स का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 2.74 |
| 56. | 2025_WRD_420975 | सागपुर स्टॉपडेम का सुधार व मरम्मत कार्य। | रायसेन | 12.73 |
| 57. | 2025_WRD_421053 | माही मुख्य बांध के 08 नग रेडियल गेट, 03 नग स्लूस गेट एवं मोनोरेल का वर्षा पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | धार | 7.55 |
| 58. | 2025_WRD_421054 | माही उपबांध के 04 नग रेडियल गेट, 02 नग स्लूस गेट के वर्षा पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | धार | 4.98 |
| 59. | 2025_WRD_421056 | बरखेड़ा मध्यम परियोजना के 10 नग रेडियल गेट एवं 04 नग स्लूस गेट के वर्ष 2025 हेतु रखरखाव कार्य। | धार | 2.89 |
| 60. | 2025_WRD_421063 | नगपुरा नगझिरी लघु सिंचाई योजना की बॉयी तट नहर की आर. डी. तट नहर की आर.डी. 800 मीटर से 1440 मी तक लाईनिंग का कार्य। | रायसेन | 16.36 |
| 61. | 2025_WRD_421064 | नगपुरा नगझिरी लघु सिंचाई योजना की बॉयी तट नहर की आर. डी. 1425 मीटर से 13600 मीटर तक विभिन्न रीच में लाईनिंग का कार्य। | रायसेन | 16.78 |
| | | | **कुल योग** | **347.58** |

जी-12627/50943/2025 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भैरुन्दा (नसरुल्लागंज) (म.प्र.)

सेमलपानी रोड, आईटीआई के पास, भैरुन्दा (नसरुल्लागंज)-466331
E-mail : prinpoly.nasseh@mp.gov.in

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भैरुन्दा (नसरुल्लागंज) में 10वीं के आधार पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हेतु विज्ञप्ति

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भैरुंदा (नसरुल्लागंज) में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत संचालित ब्रांच सिविल, कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन ब्रांच में सत्र 2025-2026 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके प्रथम चरण में टीएफडब्ल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। **पंजीयन की प्रक्रिया आगामी एक जून की रात्रि 11:45 बजे तक चलेगी** तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश 10वीं के आधार पर रहेगा।

संस्था की टीमों द्वारा नगर एवं आसपास के गांव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जा रही है। प्राचार्य ने बताया कि 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के दृष्टिगत तकनीकी शिक्षा बहुउपयोगी है। इसमें विद्यार्थियों को अंतिम वर्ष में नामी कंपनियों जैसे भास्कर डेनिम, सुब्रोस लिमिटेड, गोकलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, वर्धमान फेब्रिक्स, एल. एंड टी. आदि में प्लेसमेंट मिलने की अत्यधिक संभावना होती है। प्रवेश एवं पंजीयन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संस्था शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भैरुंदा (नसरुल्लागंज) में **प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक** संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**प्रशासनिक प्रभारी**

जी-50944/12641/2025 **शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भैरुन्दा (नसरुल्लागंज)**

खेल चर्चा

## क्रिकेट लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में शामिल

**बैंकॉक,** क्रिकेट प्रशंसकों को एशियाई खेलों में एक बार फिर क्रिकेट का खुमार देखने को मिलेगा। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने ऐलान किया है कि एशियाई खेल-2026 में क्रिकेट को एक बार फिर शामिल किया गया है। ओसीए की 41वीं वार्षिक आम बैठक थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित की गई थी, जिसमें एशियाई खेल -2026 के कार्यक्रम में क्रिकेट को बनाए रखने का फैसला लिया गया। एशियाई खेल-2026 का आयोजन वर्ष 2026 में जापान के ऐची और नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगा। ओलंपिक के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 15 हजार से अधिक एथलीट भाग लेंगे। ओसीए ने कहा कि एशियाई खेलों के खेल कार्यक्रम में क्रिकेट और मिक्स मार्शल आर्ट को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। क्रिकेट एशियाई खेलों में चौथी बार शामिल होगा।

आईसीसी ने जारी की वार्षिक रैंकिंग

# वन-डे और ट्वेंटी-20 में भारत शीर्ष पर

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वार्षिक क्रिकेट रैंकिंग जारी कर दी है। आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में भारतीय टीम का जलवा रहा। भारत ने सीमित ओवर प्रारूप यानी कि वन-डे और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर रहा। भारतीय टीम टेस्ट रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने कहा कि नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद खेले गए सभी मैचों को 100 प्रतिशत तथा पिछले दो वर्षों के मैचों के 50 प्रतिशत अंक लिए गए हैं।

**वन-डे क्रिकेट में भारत का दबदबा**

आईसीसी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय क्रिकेट टीम ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम वर्ष 2023 में आईसीसी वन-डे विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी, वहीं इस वर्ष भारतीय टीम ने वन-डे प्रारूप में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। इन दोनों टूर्नामेंट्स में शानदार प्रदर्शन का फायदा भारतीय टीम को आईसीसी की वार्षिक रैंकिंग में भी मिला है। आईसीसी वन-डे रैंकिंग में भारतीय टीम 124 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया है।



- रैंकिंग में टीमों के पिछले तीन वर्षों के प्रदर्शन को बनाया है आधार।
- पहली बार वार्षिक ट्वेंटी-20 रैंकिंग में 100 टीमें की गईं शामिल।
- रैंकिंग में वह सभी टीमें शामिल हैं, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम 8 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

**ट्वेंटी-20 में विश्व चैम्पियन है भारत**

वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में भी भारतीय क्रिकेट टीम का जलवा रहा। वर्ष 2024 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम ने आईसीसी द्वारा जारी ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर भारतीय टीम की बढ़त 10 अंक से घटकर 9 अंक हो गई है। ट्वेंटी-20 रैंकिंग में भारतीय टीम के सबसे ज्यादा 271 रेटिंग अंक हैं।

**टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा**

आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट रैंकिंग में मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन ऑस्ट्रेलियाई टीम का दबदबा रहा। वहीं पिछले वर्ष टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम इस बार एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर आ गई है। टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर है।

## भारतीय कैनो स्प्रिंट टीम ने जीते पांच पदक

**बाकू,** भारतीय खिलाड़ियों ने अजरबेजान में आयोजित प्रेसीडेंट कप अंतर्राष्ट्रीय रिगाटा चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत और दो कांस्य सहित पांच पदक अपने नाम किए हैं। चैम्पियनशिप में सुधीर कुमार ने भारत के लिए तीन पदक जीते। सुधीर कुमार ने पुरुषों के 200 मीटर सी-1 स्पर्धा में रजत पदक जीता, वहीं 1000 मीटर सी-1 स्पर्धा में भी सुधीर रजत पदक जीतने में सफल रहे। सुधीर कुमार ने पुरुषों की 500 मीटर सी-1 स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में पुरुषों की के-2 स्पर्धा में मंजीत और सचिन की जोड़ी ने रजत पदक जीता। पुरुषों की 500 मीटर के-2 स्पर्धा में अभिषेक आर्य और सचिन की जोड़ी ने भारत को कांस्य पदक दिलाया।

## सुभाशीष बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी

**कोलकाता,** भारतीय डिफेंडर और मोहन बागान सुपर जायंट्स के कप्तान सुभाशीष बोस को देश में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर चुना गया है, वहीं ईस्ट बंगाल एफसी की स्ट्राइकर सौम्या गुगुलोथ को महिला वर्ग में यह सम्मान दिया गया है। सुभाशीष बोस के नेतृत्व में मोहन बागान सुपर जायंट्स क्लब ने एक ही सत्र में लीग विनर्स शील्ड और आईएसएल कप खिताब जीतकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ऐतिहासिक दो खिताब अपने नाम किए हैं।

# कैस्पर रूड ने जैक ड्रेपर को हराकर जीता मैड्रिड ओपन का खिताब

**मैड्रिड,** नॉर्वे के युवा टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में रूड ने ब्रिटिश खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ रूड टेनिस में मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के खिलाड़ी बन गए हैं।

मैच के पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। पहले सेट में रूड एक समय 5-3 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी की और सेट 7-5 के अंतर से जीत लिया। दूसरे सेट में ड्रेपर ने शानदार प्रदर्शन किया और रूड को दबाव में ला दिया। दूसरे सेट में रूड लयहीन नजर आये, इसका फायदा ड्रेपर ने उठाया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 6-3 से सेट जीत लिया। मैच के तीसरे और निर्णायक सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे का मुकाबला हुआ, जिसमें रूड 6-4 से सफल रहे।



- रूड के टेनिस कॅरियर का यह पहला एटीपी मास्टर्स खिताब है।
- राफेल नडाल ने सबसे ज्यादा 5 बार जीता है मैड्रिड ओपन।
- महिला वर्ग में पेत्रा क्वितोवा और आर्यना सबालेंका ने 3-3 बार जीता है यह खिताब।

**महिला वर्ग में सबालेंका बनीं विजेता**

महिला वर्ग में मैड्रिड ओपन का खिताब बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने जीता। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने टूर्नामेंट के फाइनल में विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (7-3) हराया।

## आईसीसी ने जारी किया महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप का कार्यक्रम

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इंग्लैंड की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस विश्वकप का आगाज 12 जून को होगा, वहीं 5 जुलाई को फाइनल मुकाबला लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। लॉर्ड्स के अलावा बर्मिंघम, साउथैम्प्टन, लीड्स, मैनचेस्टर, केनिंगटन ओवल और ब्रिस्टल में भी विश्वकप के मुकाबले खेले जाएंगे। 24 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 33 मैच खेले जाएंगे। आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। महिला क्रिकेट में किसी प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा टीमें हिस्सा लेंगी। इंग्लैंड में होने वाले महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिए आठ टीमें भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पहले ही अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं।

# पंकज आडवाणी ने तीसरी बार जीता सीसीआई बिलियर्ड्स खिताब

**मुंबई,** देश के दिग्गज क्यू खिलाड़ी (बिलियर्ड्स और स्नूकर) पंकज आडवाणी ने एक बार फिर सीसीआई बिलियर्ड्स खिताब जीत लिया है। प्रतियोगिता के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए पंकज ने ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर यह खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81-150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया। पंकज आडवाणी ने तीसरी बार यह खिताब जीता है।

**पंकज ने किया शानदार प्रदर्शन**

फाइनल के शुरुआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे, लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली। पंकज आडवाणी ने इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।

## मियामी ग्रांप्री रेस के चैम्पियन बने ऑस्कर

**मियामी,** ऑस्ट्रेलिया के युवा कार रेसर ऑस्कर पिएस्त्री ने फॉर्मूला-वन सर्किट पर अपना जलवा बरकरार रखते हुए एक बार फिर जीत दर्ज की है। ऑस्कर ने मियामी ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस जीत ली है। टीम मैक्लेरेन के लिए रेसिंग करने वाले ऑस्कर ने 57 लैप की इस रेस को एक घंटा 28 मिनट 51.587 सेकेंड में पूरा किया। रेस में मैक्स वर्स्टपेन ने पोल पोजिशन से शुरुआत की, लेकिन वे अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख पाए। ऑस्कर ने रेस में वर्स्टपेन को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। रेस में लेंडो नॉरिस दूसरे, जॉर्ज रसेल तीसरे, मैक्स वर्स्टपेन चौथे और एलेक्जेंडर एल्बोन पांचवें स्थान पर रहे।

संन्यास

# रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

**मुंबई,** भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने 67 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इन मैचों में रोहित ने 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 4301 रन बनाए हैं।

**टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहे थे रोहित**

रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट में अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। रोहित शर्मा के लिए वर्ष 2024-25 का सत्र बेहद खराब गुजरा। इस सत्र में उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित का प्रदर्शन बेहद खराब रहा।



- रोहित ने वर्ष 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण किया और पहले मैच में 177 रनों की पारी खेली।
- रोहित शर्मा पहले ही ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ले चुके हैं संन्यास।
- रोहित अब सिर्फ वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलते हुए नजर आयेंगे।

**वर्ष 2022 में संभाली थी टेस्ट टीम की कमान**

रोहित शर्मा को वर्ष 2022 में टेस्ट प्रारूप का नियमित कप्तान बनाया गया था। तब से लेकर ऑस्ट्रेलिया दौरे तक वह क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में टीम इंडिया के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 24 टेस्ट खेले और इसमें से सिर्फ 12 टेस्ट में टीम इंडिया को जीत मिली, जबकि नौ टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा वहीं तीन टेस्ट ड्रॉ रहे।

**इंग्लैंड सीरीज पर मिलेगा भारत को नया टेस्ट कप्तान**

रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस दौरे पर बुमराह सभी मैच नहीं खेलेंगे, इसलिए कप्तानी की रेस में शुभमन गिल को सबसे आगे माना जा रहा है। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी।

## बायर्न म्युनिख ने जीता बुंदेसलीगा का खिताब

**म्युनिख,** जर्मनी के क्लब बायर्न म्युनिख ने एक बार फिर घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता बुंदेसलीगा का खिताब जीता है। टूर्नामेंट में बायर्न म्युनिख ने अंक तालिका में पहले स्थान पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया है। बायर्न म्युनिख ने अपने 32वें मुकाबले में फ्रीबर्ग क्लब के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। अंक तालिका में बायर्न म्युनिख क्लब 32 मुकाबलों में 23 जीत के साथ 76 अंक लेकर शीर्ष पर, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज टीम बायर्न लीवरकुसेन के 68 अंक हैं। ऐसे में बायर्न म्युनिख ने इस सत्र में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# सामयिकी

## अमेरिकी रक्षा मंत्री का सेना के शीर्ष पदों में कटौती का निर्देश

अमेरिका के विभागों में कर्मचारियों की कटौती के ट्रंप प्रशासन के कदम को आगे बढ़ते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना को शीर्ष नेतृत्व के पदों में 20 फीसदी कटौती का निर्देश दिया। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी दूसरी ओर आलोचकों को चिंता है कि इससे सेना का राजनीतिकरण हो सकता है। हेगसेथ ने 'नेशनल गार्ड' को भी शीर्ष नेतृत्व के पदों में 20 फीसदी की कटौती का निर्देश दिया और सेना को बल में 'जनरल' और 'फ्लैग' अधिकारी के पदों में अतिरिक्त 10 फीसदी की कटौती करने का कहा है जिसमें एक-स्टार या उससे ऊपर के या नौसेना के समकक्ष अधिकारी शामिल हो सकते हैं।

## यमन के वित्त मंत्री देश के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए

यमन के राष्ट्रपति नेतृत्व परिषद ने अहमद अवद बिन मुबारक के इस्तीफे के बाद वित्त मंत्री सलीम सालेह बिन ब्रिक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। समाचार एजेंसी के अनुसार यह फैसला बिन मुबारक द्वारा संवैधानिक बाध्यताओं और बाधाओं का हवाला देते हुए पद छोड़ने के कुछ ही घंटों बाद लिया गया, जिससे देश के सुधार प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई। बिन ब्रिक, जो वर्ष 2019 से वित्त मंत्री और उससे पहले उप वित्त मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं, उन्होंने अपने पूरे करियर में कई प्रमुख वित्तीय एवं प्रशासनिक भूमिकाएं निभाई हैं। सभी मौजूदा मंत्री अपने पदों पर बने रहेंगे, बिन मुबारक को पीएलसी अध्यक्ष का सलाहकार नियुक्त किया जाएगा।

## अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को एक हजार डॉलर

अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने कहा कि उनके देश में जो प्रवासी अवैध रूप से रह रहे हैं, अगर वे स्वेच्छा से अपने देश लौटते हैं, तो उन्हें 1,000 डॉलर दिए जाएंगे। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) के सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि ट्रंप प्रशासन न केवल रकम देगा, बल्कि, यात्रा खर्च भी उठाएगा। इसके लिए प्रवासियों को सीबीपी होम ऐप पर सरकार को बताना होगा कि वे स्वदेश लौटना चाहते हैं। ऐसा करने वालों को गिरफ्तार या जबरन देश से निकालने की प्राथमिकता सूची से हटा दिया जाएगा।

## रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट बने नए पोप

वेटिकन सिटी में नए पोप के चुनाव की प्रक्रिया के बीच सिस्टिन चैपल पर स्थित चिमनी से सफेद धुआं निकलता देखा गया है। साथ ही, वेटिकन में पैपल कॉन्क्लेव के दूसरे दिन नए पोप का चयन हो गया। रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुन लिया गया है। वर्ष 1900 के बाद से यह पांचवां मौका है जब नए पोप को दो दिनों में चुन लिया गया। नए पोप का चयन होते ही वेटिकन में मौजूद हजारों लोगों ने जोरदार तालियां बजाई और एक दूसरे को बधाई दी।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

**रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन के 66वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया**

# ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने अपनी भूमि पर हुए हमले का जवाब देने के स्व-अधिकार का इस्तेमाल किया- रक्षा मंत्री

- सशस्त्र बलों ने सटीकता, सावधानी और चेतनापूर्ण कार्रवाई कर इतिहास रच दिया।
- वर्चुअल माध्यम से सीमा सड़क संगठन की 50 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित।
- यह परियोजनाएं सड़क, संपर्क और राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ करने के साथ ही आर्थिक समृद्धि बढ़ाएंगी।



*रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 66वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए*

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में सीमा सड़क संगठन के 66वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सशस्त्र बलों द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए कहा कि इस ऑपरेशन में भारत ने अपनी भूमि पर हुए हमले का जवाब देने के स्व-अधिकार का इस्तेमाल किया है और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों और शिविरों को नष्ट करने में सटीक कार्रवाई कर इतिहास रच दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि नागरिक आबादी को नुकसान पहुंचाए बिना योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्यों को तबाह किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उन्होंने सशस्त्र बलों की सराहना की।

### सटीक तरीके से दिया अंजाम

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों की कार्रवाई पूरी दुनिया ने देखी है। योजनाबद्ध और सटीक तरीके से इसे अंजाम दिया गया। हालांकि कार्रवाई केवल आतंकवादियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले शिविरों और उससे संबंधित बुनियादी ढांचों को नष्ट करने तक सीमित थी, जिसका उद्देश्य आतंकियों और उनके आकाओं का मनोबल तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने कहा कि पूरे देश की ओर से इस अभियान के लिए वे सशस्त्र बलों को बधाई देते हैं।

### राष्ट्र को समर्पित कीं परियोजनाएं

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने वर्चुअली सीमा सड़क संगठन की 50 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इनमें 30 पुल, 17 सड़कें और तीन अन्य अवसंरचना कार्य शामिल हैं। कुल 1,879 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये परियोजनाएं छह सीमावर्ती राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों – जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, मिज़ोरम, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में व्याप्त हैं और दूरदराज के क्षेत्रों में देश की सुरक्षा, संपर्क और विकास को पोषित करती हैं। सीमा सड़क संगठन ने पिछले दो वर्षों में 5,600 करोड़ रुपये के परिव्यय से 161 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा किया है, जो एक रिकॉर्ड है। इनमें पिछले वर्ष की 111 परियोजनाएं शामिल हैं। पिछले चार वर्षों में संगठन ने 13,743 करोड़ रुपये की कुल लागत से 456 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा किया है।

### ई-उद्घाटन परियोजनाएं सड़क संपर्क बढ़ाएंगी

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि ई-उद्घाटन परियोजनाएं सड़क संपर्क बढ़ाएंगी, राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ करेंगी और आर्थिक समृद्धि में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं रक्षा तैयारियों को बढ़ाएंगी तथा परियोजना क्षेत्रों में परिवहन, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। ये मात्र बुनियादी ढांचे परिसंपत्तियां नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य के मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि आपके पास सबसे तेज टैंक या उन्नत विमान हो सकते हैं, लेकिन वे समय पर नहीं पहुंच पाएं, तो वे अर्थहीन हो जाते हैं। सीमा सड़क संगठन की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है, ताकि हमारी सेना हमेशा तैयार और सैन्य परिचालन सुविधायुक्त रहे।

## भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बनी सहमति



भारत और ब्रिटेन के बीच बीते तीन वर्षों से रुक-रुक कर चल रहे एफटीए यानी मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बन गई है। समझौते में अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं से टैरिफ़ हटाने का प्रावधान है। इससे भारत के वस्त्र उद्योग को भारी राहत मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वाकांक्षी और आपसी लाभकारी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट वार्ता के सफलतापूर्वक संपन्न होने को 'ऐतिहासिक मील का पत्थर' बताया। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से उन्होंने फोन पर बात की है और उन्हें भारत आने का न्योता दिया है।

## पुलित्जर पुरस्कार: न्यू यॉर्कर ने 3 और न्यूयॉर्क टाइम्स ने जीते 4 खिताब



साल 2024 में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम के लिए न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने चार और न्यू यॉर्कर पत्रिका ने तीन पुलित्जर पुरस्कार जीते। फेंटेनाइल संकट, अमेरिका सेना और पिछले साल राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के प्रयास जैसे मामलों की कवरेज के लिए इन्हें सराहा गया। कविता सुराना, लिजी प्रेसर, कैसंड्रा जारामिलो और स्टेसी क्रैनिट्ज को उन गर्भवती महिलाओं पर रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किया गया, जिनकी मौत सख्त गर्भपात कानूनों वाले प्रांतों में उपचार मिलने में देरी के कारण हुई थी।

जनवरी में वॉशिंगटन पोस्ट को छोड़ देने वाली एन टेलनेस को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि अखबार ने ट्रंप के साथ घनिष्ठता रखने वाले कुछ उद्योगपतियों के मजाकिया संपादकीय कार्टून प्रकाशित करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद टेलनेस ने अपने बनाए कार्टून नहीं छापने पर संस्थान को छोड़ दिया था।

## भारत निर्वाचन आयोग का नया एप जल्द लॉन्च होगा

निर्वाचन आयोग मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज की सुविधा और कार्यप्रणाली को सरल बनाने के लिए जल्द ही वन स्टॉप प्लेटफार्म के रूप में ई सी आई नेट नाम का एप शुरू करने जा रहा है, जो मौजूदा विभिन्न मोबाइल एप का काम करेगी।

निर्वाचन आयोग ने बताया कि वह एक उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफेस विकसित कर रहा है। यह एप सभी चुनाव संबंधित गतिविधियों के लिए एक एकल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह कदम उपयोगकर्ताओं को कई एप डाउनलोड करने और नेविगेट करने तथा अलग-अलग लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करने के लिए भी डिजाइन किया गया है। ज्ञात रहे कि इस प्लेटफार्म की परिकल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने मार्च में मुख्य चुनाव अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान की थी।

# भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन "गगनयान" ने अंतिम चरण में प्रवेश किया- डॉ. जितेंद्र सिंह

पहला मानव अंतरिक्ष यान अब वर्ष 2027 की पहली तिमाही के लिए निर्धारित किए जाने के साथ, भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। यह जानकारी राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने मिशन की वर्तमान स्थिति, तकनीकी प्रगति और भारत के लागत प्रभावी अंतरिक्ष कार्यक्रम से मिलने वाले आर्थिक लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत में टीवी-डी1 मिशन और पहले मानवरहित टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन के सफल समापन ने आगामी परीक्षण कार्यक्रम के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। दूसरा परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी2) वर्ष 2025 के अंत में निर्धारित किया गया है, उसके बाद गगनयान की मानवरहित कक्षीय उड़ानें होंगी। ये पड़ाव वर्ष 2027 में भारत की पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान के साथ समाप्त होंगे, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को भारतीय धरती से भारतीय रॉकेट पर सवार होकर कक्षा में भेजा जाएगा।




### यह भारत का मिशन है

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम से पहले ही रोबोटिक्स, मैटीरियल, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिकित्सा में प्रगति जैसे कई लाभ हुए हैं और इससे भारतीय उद्योग के साथ गहन सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, गगनयान सिर्फ इसरो का मिशन नहीं है, यह भारत का मिशन है। उन्होंने सरकार द्वारा शुरू किए गए नीतिगत सुधारों के बाद निजी क्षेत्र और स्टार्टअप द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।